■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित
www.navbihartime.com
■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

वर्ष : 35, अंक : 282
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, सोमवार
17 मार्च 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

1672 : नीदरलैंड के खिलाफ इंग्लैंड ने युद्ध की घोषणा की।
1782 : ईस्ट इंडिया कंपनी और मराठा शासकों के बीच सल्बाई का समझौता हुआ।
1845 : लंदन के स्टीफन पेरी ने रबर बैंड का पेटेंट कराया।
1906 : ताइवान में आए भूकंप में लगभग 1000 लोगों की जान गई।
1992 : अर्जेन्टीना में स्थित इजरायली दूतावास पर हुए हमले में लगभग 30 लोग मरे।

**लोग क्या कहेंगे, अगर ये सोचकर आप कुछ नही कर रहे तो आप जीवन की पहली परीक्षा में हार गये।**

# युद्ध के मैदान से कभी कोई समाधान नहीं निकलेगा : मोदी

## लेक्स फ्रिडमैन पॉडकास्ट में पीएम मोदी ने युद्धरत देशों के बीच सीधी बातचीत की आवश्यकता पर प्रकाश डाला



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** लेक्स फ्रिडमैन पॉडकास्ट पर बोलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस-यूक्रेन संघर्ष को हल करने के लिए कूटनीति को एकमात्र व्यवहार्य मार्ग के रूप में अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। प्रभावशाली होस्ट और एमआइटी के रिसर्च साइंटिस्ट लेक्स फ्रिडमैन से बात करते हुए पीएम मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि सैन्य जीत से स्थायी समाधान नहीं निकलेगा। इस दौरान उन्होंने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की दोनों से सीधी बातचीत में शामिल होने का आह्वान भी किया। पीएम मोदी ने कहा, ''रूस और यूक्रेन दोनों के साथ मेरे घनिष्ठ संबंध हैं। मैं राष्ट्रपति पुतिन के साथ बैठकर कह सकता हूं कि यह युद्ध का समय नहीं है और मैं राष्ट्रपति जेलेंस्की को दोस्ताना तरीके से यह भी बता सकता हूं कि दुनिया में चाहे कितने भी लोग आपके साथ खड़े हों, युद्ध के मैदान में कभी कोई समाधान नहीं निकलेगा।''

**सीधी बातचीत की आवश्यकता**

पॉडकास्ट में पीएम मोदी ने युद्धरत देशों के बीच सीधी बातचीत की आवश्यकता पर प्रकाश डाला और केवल सहयोगी समर्थन पर निर्भर रहने के खिलाफ चेतावनी दी। उन्होंने कहा, ''यूक्रेन अपने सहयोगियों के साथ अनगिनत चर्चाएं कर सकता है, लेकिन इससे कोई फायदा नहीं होगा। चर्चा में दोनों पक्षों को शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शांति के लिए वार्ता ही एकमात्र व्यवहार्य मार्ग है।

**खाद्य, ईंधन का संकट**

प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि वैश्विक समुदाय खास तौर पर ग्लोबल साउथ लंबे समय से चले आ रहे संघर्ष के कारण पीड़ित है। दुनिया खाद्य, ईंधन और उर्वरक संकट से जूझ रही है। इसलिए वैश्विक समुदाय को शांति की खोज में एकजुट होना चाहिए। उनकी टिप्पणी संघर्ष को समाप्त करने के लिए चल रहे वैश्विक प्रयासों के बीच आई है, जिसके कारण विनाशकारी मानवीय और आर्थिक परिणाम सामने आए हैं।

**रूस-यूक्रेन संघर्ष**

फरवरी 2022 में यूक्रेन पर रूस के आक्रमण ने हजारों लोगों को मार डाला और घायल कर दिया। लाखों लोगों को विस्थापित कर दिया, शहरों को मलबे में बदल दिया और मॉस्को और पश्चिम के बीच दशकों का सबसे तीखा टकराव शुरू कर दिया। अमेरिका ने मंगलवार को यूक्रेन के साथ सैन्य सहायता और खुफिया जानकारी साझा करने पर सहमति व्यक्त की, जब कीव ने कहा कि वह 30-दिवसीय युद्धविराम के लिए वाशिंगटन के प्रस्ताव का समर्थन करने के लिए तैयार है। पुतिन ने गुरुवार को कहा कि रूस सैद्धांतिक रूप से युद्धविराम प्रस्ताव का समर्थन करता है, लेकिन जब तक कई महत्वपूर्ण शर्तों पर काम नहीं किया जाता या उन्हें स्पष्ट नहीं किया जाता, तब तक लड़ाई को रोका नहीं जा सकता। पुतिन ने बार-बार कहा है कि वह शांति के बारे में बात करने के लिए तैयार हैं। हालांकि, यूक्रेन को यह घोषणा करनी होगी कि वह नाटो की सदस्यता नहीं मांगेगा और रूस यूक्रेन में अपने दावे वाली सारी जमीन अपने पास रखेगा, जिसमें कुछ ऐसी जमीनें भी शामिल हैं, जिन पर उसका नियंत्रण नहीं है।

# आवास पर लोगों से मिलकर सीएम ने दी होली की बधाई



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने आवास 1, अणे मार्ग में होली के अवसर पर नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं आम जनता से मुलाकात कर होली की बधाई एवं शुभकामनायें दी। मुख्यमंत्री से मिलकर लोगों ने खुशी जतायी और मुख्यमंत्री को भी होली की शुभकामनायें दी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, ऊर्जा सह योजना एवं विकास मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, भवन निर्माण मंत्री जयंत राज, सांसद संजय कुमार झा, विधानसभा उपाध्यक्ष नरेन्द्र नारायण यादव सहित राज्य सरकार के अन्य मंत्रीगण, सांसद, विधायक, विधान पार्षद, जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा, पुलिस महानिदशक विनय कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, अपर पुलिस महानिदेशक सुनील कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर होली की बधाई एवं शुभकामनायें दी।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे में एक की मौत, दो की हालत गंभीर

**समस्तीपुर (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के विभूतिपुर थाना क्षेत्र के दलसिंहसराय सिंघिया घाट सड़क के महेसी गांव के पास एक कार पेड़ से टकरा गई। इस घटना में एक युवक की मौत हो गई जबकि दो अन्य लोग जख्मी हो गए। जख्मी का उपचार शहर के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। मृतक युवक की पहचान विभूतिपुर थाना क्षेत्र के ही चकहबी गांव के लाल बाबू सिंह के पुत्र रोशन कुमार के रूप में की गई है। वही जख्मी भी इसी गांव के रहने वाले बताए गए हैं। मृतक के बहनोई सुधांशु कुमार ने बताया कि उनके साला रोशन कुमार अपने तीन-चार मित्रों के साथ रात एक कार खुद चलाते हुए सिंघिया घाट की ओर होली खेलने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान महेसी गांव के पास एक बाइक को बचाने के प्रयास में वह असंतुलित हो गए और उनकी कार सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकरा गई।

### झारखंड में जून में आएगा मैट्रिक-इंटर का रिजल्ट

**रांची (नबिटा ब्यूरो)।** होली त्योहार के बीच झारखंड के मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में शामिल हुए विद्यार्थियों के लिए अच्छी खबर है। झारखंड एकेडमिक काउंसिल सूत्र के मुताबिक होली के बाद से मैट्रिक-इंटर की परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन शुरू हो जाएगा। इसके बाद रिजल्ट से संबंधित तमाम जरूरी प्रक्रिया पूरी करने के बाद जून में रिजल्ट जारी किया जाएगा। बोर्ड सूत्रों के मुताबिक जून के पहले सप्ताह में रिजल्ट जारी करने की पूरी संभावना है। हालांकि अभी बोर्ड की ओर से कॉपियों के मूल्यांकन शुरू करने को लेकर आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है, पर सूत्र बता रहे हैं कि बोर्ड इसकी तैयारियों में होली से पहले से ही जुटा हुआ है।

### बाइक की टक्कर से महिला की मौत

**मुजफ्फरपुर (नबिटा ब्यूरो)।** मुजफ्फरपुर के सकरा थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में महिला की मौत हो गई। घटना रुकनापट्टी भूटठा चौक के पास की है। मृतका की पहचान विशुनपुर बघनगरी निवासी राम अखिलेश शाह की पत्नी रंगीला देवी (36) के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार, नशे में धुत युवकों के द्वारा बीए में टक्कर मारने से यह घटना हुई। बताया गया है कि रंगीला देवी अपने ननद के यहां समस्तीपुर में श्राद्ध में शामिल होने गई थी। वह अपने देवर और एक बच्चे के साथ बाइक से घर लौट रही थी। गांव से मात्र 500 मीटर की दूरी पर नशे में धुत दो युवकों की बाइक ने सामने से टक्कर मार दी।

# कई जिलों का मौसम बदला, बारिश की संभावना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** होली के बाद बिहार के कई जिलों में मौसम में बदलाव देखा जा रहा है। होली के दिन जहां बिहार के तापमान में काफी बढ़ोतरी दर्ज की गई थी वहीं अगले दिन सुबह से ही कई हिस्सों में बादल छाया रहा। सुबह में ठंडी हवा चली। तापमान में गिरावट दर्ज किया गया। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। इसी बीच पटना मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया है कि बिहार की तीन जिलों में अगले 48 घंटे के दौरान बारिश, मेघगर्जन होने की प्रबल संभावना है।

पटना मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक एक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस की वजह से हिमालयी इलाकों में बर्फबारी और मैदानी क्षेत्रों में बारिश दर्ज जा सकती है। इसका असर बिहार समेत कई राज्यों में देखने को मिलेगा। आइएमडी ने बताया कि इस पश्चिमी विक्षोभ के कारण अगले दो दिनों में बिहार के तीन जिलों में बारिश और तेज हवाएं चल सकती है।

मौसम विभाग के अनुसार मोतिहारी, बेतिया और गोपालगंज में 16 और 17 मार्च को तेज बारिश और मेघगर्जन की संभावना है। इसके चलते आसपास के जिलों में भी सुबह और शाम के समय हल्की ठंडक का एहसास होगा। पटना मौसम विज्ञान केंद्र ने इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

पटना मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक बारिश की वजह से दिन के समय बादल का साया रहेगा और ठंडी से हवा में ठंडक महसूस होगी। इस दौरान दिन का तापमान 30 से 35 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा, जबकि रात के तापमान में बड़ी गिरावट दर्ज की जा सकती है। साथ ही जिन तीन जिलों में बारिश का अलर्ट जारी हुआ है वहां तापमान में और गिरावट देखने को मिल सकती है।

# तीन बच्चों का गला घोंट पिता ने कर ली आत्महत्या

**गिरिडीह (नबिटा ब्यूरो)।** गिरिडीह जिले में एक हृदय विदारक घटना घटी है। जहां एक पिता ने अपने तीन बच्चों की हत्या करने के बाद खुद की भी जान दे दी। घटना पीरटांड प्रखंड के खुखरा थाना इलाके के महेशलिट्टी की है। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। सूचना पर डुमरी एसडीपीओ सुमित प्रसाद मौके पर पहुंचे हैं और छानबीन में जुट गए हैं। एसडीपीओ ने चार की मौत की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि प्रथम जांच में यह बात सामने आयी है कि पिता ने अपने तीन बच्चों का गला घोंटने के बाद अपनी जान दे दी है। मृतकों में महेशलिट्टी निवासी 36 वर्षीय सनाउल अंसारी, सनाउल की बेटियां आफरीन परवीन (12 वर्ष), सफाउल (6 वर्ष), जैबा नाज (8 वर्ष) शामिल हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतक सनाउल राजमिस्त्री का काम करता था और घर में ही दुकान भी चलाता था।

# बेंगलुरू में बिहार के तीन मजदूरों की हत्या

**■ होली की पार्टी के दौरान आपस में ही भिड़ गये**




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के बेंगलुरु में शनिवार को होली की मौज-मस्ती के दौरान हुई हिंसक झड़प में तीन लोगों की मौत हो गई। मृतक और आरोपित बिहार के एक ही गांव के रहने वाले हैं और यहां अलग-अलग जगहों पर काम करते थे। करीब छह से सात लोगों का ग्रुप होली के मौके पर खा-पी रहा था तभी उनके बीच बहस होने लगी, जो हिंसक हो गयी। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। फरार आरोपितों की तलाश कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार लड़ाई में लकड़ी के डंडे और लोहे की छड़ों का हथियार के रूप में इस्तेमाल किया। इसी से हमला कर एक दूसरे को मार डाला। दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी थी, जबकि तीसरे की मौत अस्पताल ले जाते समय हुई। मृतकों की पहचान 22 वर्षीय अंशु, 23 वर्षीय राधे श्याम और कंसार के रूप में हुई है। मृतक राधेश्याम का भाई बिरादर झगड़े में घायल है। पुलिस ने बताया कि सोनू और उसका दोस्त हत्या का आरोपित है।

**क्या है घटना**

शनिवार को होली के मौके पर छह दोस्तों ने पार्टी रखी थी। पार्टी में दोस्तों के बीच झगड़ा हो गया, जिसमें तीन दोस्तों ने रॉड से अन्य तीन पर जानलेवा हमला कर दिया। उनमें से एक भागकर बाहर आया और अन्य लोगों को घटना की सूचना दी। जब तक लोग ग्राउंड फ्लोर पर पहुंचे, उनमें से तीन की मौत हो चुकी थी। हमला करने के दो आरोपित भाग गये। बताया जा रहा है कि घायल बिरादर का सरजापुर के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।बेंगलुरु ग्रामीण एसपी सीके बाबू ने कहा, 'आरोपित की बहन और एक युवक जिसकी मौत हो गयी उनकी फोन पर बहस हुई। इसके बाद हिंसा भड़क गई। उन्होंने एक-दूसरे पर बोतल और लोहे के रॉड से हमला किया। तीसरे माले से दो शव बरामद हुए हैं। निचले माले पर एक घायल शख्स था। एंबुलेंस में वो जिंदा था। अस्पताल के रास्ते में उसकी मृत्यु हो गई। घटना के बाद फरार हुए आरोपितों को खोजने के लिए चार टीमें बनाई गई हैं और उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।''

# पेड़ से टकरायी बाइक दो युवकों की मौत

**दुमका (नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड के दुमका जिला के रानीश्वर थाना क्षेत्र के अंतर्गत रघुनाथपुर-बरमसिया पथ पर कदमा गांव के पास रविवार की शाम सड़क किनारे पेड़ पर टकरा जाने से बाइक सवार दो युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी है। हादसे के बाद सूचना मिलने पर रानीश्वर थाने से पुलिस अवर निरीक्षक वीरबल राम पहुंचे। दोनों शव को कब्जे में लेकर रानीश्वर सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉ आजाद शेखर पंडित ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। थाना से मिली जानकारी के अनुसार मृतक का नाम राजेश हांसदा (28) व चुड़का हेंब्रम (35) था। दोनों शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के भोक्ताडीह गांव के रहनेवाले थे।

# सड़क दुर्घटना में दो किशोरों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** ट्रक से कुचलकर बाइक सवार दो किशोरों की मौत हो गई। घटना औरंगाबाद जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जीटी रोड एसएफसी गोदाम के समीप की है। मृतक की पहचान नगर थाना क्षेत्र के नागा बिगहा निवासी अजय यादव के 17 वर्षीय पुत्र सुमित कुमार एवं रमण यादव के 17 वर्षीय पुत्र सिंटू कुमार के रूप में की गई है। वहीं घायल नागा बिगहा के अटल सिंह के 16 वर्षीय पुत्र विकास कुमार का उपचार किया गया। इसके बाद हालत गंभीर होने के कारण उसे बेहतर उपचार के लिए बाहर रेफर किया गया। बताया जाता है कि तीनों किशोर नागा बिगहा में होली खेलकर शहर के फारम की तरफ एक ही बाइक से कहीं जा रहे थे। तभी ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी जिसमें एक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे किशोर की मौत सदर अस्पताल में उपचार के दौरान हो गई। घटना की सूचना पर मुफस्सिल थानाध्यक्ष अशोक कुमार, दारोगा हरिशंकर सिंह एवं चालक विजय कुमार के साथ घटनास्थल पहुंचे और तीनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल राष्ट्रीय राजमार्ग के एंबुलेंस से भेजा। इधर एक ही मोहल्ले के दो किशोरों की मौत के बाद मोहल्ले में मातमी सन्नाटा पसर गया है। स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद दोनों शव स्वजनों को सौंप दिया है।

# क्या होली के रंगों के साथ राजनीति में आ गए हैं निशांत कुमार?

## निशांत कुमार के राजनीति में आने की अटकलें तेज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार की राजनीति में इन दिनों मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। होली मिलन समारोह के दौरान जिस तरह से निशांत जदयू नेताओं और कार्यकर्ताओं से घुलते-मिलते नजर आए, उससे उनकी राजनीति में एंट्री को लेकर अटकलों का बाजार गर्म हो गया है। हालांकि, इस संबंध में अब तक उनकी ओर से कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन उनके बदले हुए अंदाज ने कई संभावनाओं को जन्म दे दिया है। मुख्यमंत्री आवास, एक अणे मार्ग में करीब नौ साल बाद आयोजित होली मिलन समारोह में पहली बार निशांत कुमार पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से खुलकर मिलते नजर आए। इससे पहले उन्हें कभी इतने अनौपचारिक माहौल में जदयू नेताओं के बीच इस तरह घुलते-मिलते नहीं देखा गया था। होली के इस माहौल में उन्होंने न केवल जदयू के बड़े नेताओं से मुलाकात की, बल्कि



कार्यकर्ताओं के साथ भी खूब अबीर-गुलाल लगाया और फोटो खिंचवाई। इस दौरान निशांत को मंत्री विजय चौधरी और जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा के साथ देखा गया, जिससे कयास लगाए जाने लगे कि वे पार्टी में अपनी जगह बनाने की तैयारी कर रहे हैं।

**राजनीति में एंट्री के संकेत या सिर्फ संयोग**

निशांत कुमार का सार्वजनिक जीवन में बहुत कम आना-जाना रहा है। वे अब तक राजनीति से दूरी बनाए हुए थे, लेकिन इस बार उनका अलग अंदाज देखने को मिला। जदयू के कई नेताओं का मानना है कि निशांत के सक्रिय राजनीति में आने से पार्टी को नई ऊर्जा मिलेगी। पूर्व मंत्री जय कुमार सिंह ने तो यहां तक कह दिया कि निशांत का निशांत का राजनीति में कदम रखा जा चुका है और वे अब जदयू के नेता

(शेष पेज 12 पर)



# मुख्यमंत्री से 2023 बैच के बिहार कैडर के प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने की मुलाकात




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में 2023 बैच के बिहार कैडर के 10 प्रशिक्षु आई०ए०एस० अधिकारियों ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान गरिमा लोहिया, तुषार कुमार, अनिरूद्ध पाण्डेय, कृतिका मिश्रा, आकांक्षा आनंद, प्रद्युम्न सिंह यादव, अंजली शर्मा, रोहित कर्दम, शिप्रा विजय कुमार चौधरी एवं नेहा कुमारी ने अपनी ट्रेनिंग के दौरान जिले में किए गए कार्यों के संबंध में अनुभव साझा किए। इन 10 प्रशिक्षु आई०ए०एस० अधिकारियों में 06 महिलायें और 04 पुरूष हैं। इनमें 05 बिहार के, 04 उत्तर प्रदेश और 01 राजस्थान के रहनेवाले हैं। मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षु अधिकारियों से बातचीत करते हुए कहा कि आप लोगों ने अपने अनुभव साझा किए, यह सुनकर अच्छा लगा। आपलोग अभी ट्रेनिंग पीरियड में हैं, उसके बाद आपलोगों की पोस्टिंग होगी। सरकार नीति बनाती है और उसे क्रियान्वित करने में आई०ए०एस० अधिकारियों की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप 10 प्रशिक्षु आई०ए०एस० अधिकारियों में 06 महिलायें हैं, यह बहुत खुशी की बात है। महिलायें सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रही हैं इससे मुझे काफी प्रसन्नता होती है। हमलोगों ने पंचायत चुनाव एवं नगर निकाय चुनाव में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया। ऐसा करनेवाला बिहार देश में पहला राज्य बना। महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण मिलने से बड़ी संख्या में महिलाएं समाज में प्रतिनिधित्व करने आगे आ रही हैं। पुलिस में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। बिहार में जितनी महिलाओं की संख्या पुलिस में है, उतनी देश में कहीं नहीं हैं। राज्य के सभी सरकारी सेवाओं में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ० बी० राजेन्दर, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि एवं मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह उपस्थित थे।

## थानों में हो उर्दू अनुवादकों की पोस्टिंग: अजमल

**फुलवारीशरीफ (नबिटा सं.)।** आल इंडिया मुस्लिम मजलिस मशावरत (रजिस्टर्ड), बिहार के संयोजक नशूर अजमल नूशी ने बिहार के सभी थानों के लिए सृजित 1064 पदों को सरेंडर करने के मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग (उर्दू निदेशालय) के फैसले की तीखी आलोचना की है। उन्होंने कहा है कि थानों में उर्दू अनुवादकों की सख्त जरूरत है और बिहार सरकार का यह फैसला बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि इन पदों को सरेंडर कर इनके लिए चयनित उम्मीदवारों को दूसरी जगह भेजा जाए। श्री अजमल ने कहा कि उर्दू तबके के लोग थानों में अपना आवेदन उर्दू में देना चाहते हैं लेकिन उर्दू अनुवादकों का पद सरेंडर कर बिहार सरकार ऐसे लोगों को उर्दू के इस्तेमाल से वंचित कर रही है। श्री अजमल ने कहा कि उर्दू बिहार की दूसरी राजभाषा है, लेकिन पिछले कई वर्षों से उर्दू के साथ सौतेला व्यवहार हो रहा है।

# होली में मुख्यमंत्री गए मंत्रियों और अधिकारियों के घर

### पूर्व सांसद वशिष्ठ नारायण सिंह के आवास पर भी पहुंचे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने होली के दिन कई मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों के आवास पर पहुंचे और उन्हें शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री सबसे पहले अपने कैबिनेट मंत्री अशोक चौधरी के आवास पर गए जहां उन्होंने उनके परिवार को होली की शुभकामनाएं दीं। इसके बाद वे प्रधान सचिव दीपक कुमार के घर पहुंचे और उनके परिवार के साथ भी त्योहार की शुभकामनाएं साझा की। नीतीश कुमार पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद वशिष्ठ नारायण सिंह के आवास पर भी पहुंचे। उन्होंने उनका हालचाल जाना और उन्हें होली की बधाई दी। इसके बाद वे वरिष्ठ मंत्री विजेंद्र यादव के घर गए और वहां कुछ समय बिताया। मुख्यमंत्री का अगला पड़ाव मंत्री विजय चौधरी का आवास रहा जहां उन्होंने चौधरी और उनके परिवार के साथ त्योहार की खुशियां साझा कीं। पूरे दिन मुख्यमंत्री पटना में विभिन्न मंत्रियों और अधिकारियों के घरों पर जाते रहे और लोगों से मुलाकात करते रहे। मुख्यमंत्री का यह दौरा राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है क्योंकि उन्होंने अपने मंत्रियों और अधिकारियों के साथ व्यक्तिगत रूप से मिलकर सौहार्द का संदेश दिया।

# तेजप्रताप यादव के आदेश पर डांस करने वाला पुलिसकर्मी निलंबित

### बिना हेलमेट तेज प्रताप जो स्कूटी चला रहे थे उसका चालान भी कटा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव के बड़े लाल और पूर्व मंत्री तेजप्रताप यादव होली के दिन विवादों में घिर गए। पहले उन्होंने अपने सरकारी बॉडीगार्ड से जबरन डांस करवाया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद बवाल मच गया। इसके बाद तेज प्रताप यादव पटना की सड़कों पर बिना हेलमेट के बाइक चलाते भी देखे गए। अपने सरकारी आवास पर कार्यकर्ताओं संग होली खेलने के बाद तेजप्रताप स्कूटी लेकर सीधे मुख्यमंत्री आवास पहुंच गए। वहां 'पलटू चाचा हैप्पी होली' कहकर पुकारते हुए उन्होंने सबका ध्यान खींचा। इन मामलों को पटना पुलिस ने बेहद ही गंभीरता से लिया है। इस पर संज्ञान लेते हुए पटना एसएसपी अवकाश कुमार ने वर्दी में डांस करने वाले पुलिसकर्मी को तेज प्रताप यादव की सुरक्षा से हटा दिया है। उक्त बॉडीगार्ड दीपक कुमार को लाइन हाजिर कर दिया गया है। बॉडीगार्ड दीपक कुमार की जगह दूसरे सिपाही को तेज प्रताप यादव की सुरक्षा में लगाया गया है। वहीं पटना एसएसपी ने ट्रैफिक एसपी को तेज प्रताप यादव के हेलमेट के बिना बाइक चलाने को लेकर चालान जारी करने का निर्देश दिया है। इसके बाद नियमों का उल्लंघन करने और यातायात कानून तोड़ने को लेकर ट्रैफिक विभाग ने कार्रवाई करते हुए तेज प्रताप यादव के स्कूटी का चालान काटा है। बताया जा रहा है कि जिस गाड़ी से तेज प्रताप यादव चल रहे थे उसका इंश्योरेंस और पॉल्यूशन सर्टिफिकेट भी फेल था। इसलिए उसके ऊपर 4000 का चालान काटा गया है। इसमें 1000 बिना हेलमेट के स्कूटी चलाने, 1000 पाल्यूशन और 2000 इंश्योरेंस फेल होने के हैं। इसके बाद तेजप्रताप यादव ने प्रतिक्रिया व्यकत करते हुए सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि बुरा न मानो होली है। आपसी भाईचारे के इस पर्व को भी भाजपा और आरएसएस के साथ ही इनकी ये गोदी मीडिया ने होली में आज नफरत का एक नया रंग दे दिया है। पुलिस वाले भाई हो या कोई विरोधी दल के नेता सबसे भाईचारे और उत्साह के साथ बुरा न मानो होली पर्व मनाने पर भी सियासत करना यही इनका धर्म बन चुका है।

## मसौढ़ी में होली को लेकर मटकाफोड़ की रही धूम

**मसौढ़ी (नबिटा सं.)।** होली के बसियौरा बुढ़वा होली मनाने की पुरानी परंपरा है, हर मोहल्ले में मटकी फोड़ने की भी पुरानी परंपरा रही है। मसौढ़ी में कुम्हरटोली, रहमतगंज, मलिकाना, सतीस्थान, सरवां बरनी, चपौर गांव समेत कई जगहों पर बैंड बाजे रंगारंग मटका फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पानी की बौछार, ढोल, झाल, नगाड़ा में डीजे के धुन के बीच उत्साही युवकों ने ऊंचे-ऊंचे स्थान पर मटके को फोड़ने का करतब दिखाते रहे। मसौढ़ी में तकरीबन 34 जगहों पर पूरे शहर में मटकी फोड़ने का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कई स्थानों पर मटका फोड़ प्रतियोगिता का भी शानदार आयोजन किया गया जिसमें परंपरागत होली फाग एवं जोगीरा गीत गानों के बीच मटका फोड़ कार्यक्रम किया गया। यही नजारा पुनपुन और धनरूआ में भी देखने को मिला जहां युवाओं की टोली मटका फोड़ प्रतियोगिता में लगे रहे। इस दौरान जगह-जगह पर पुलिस की चप्पे चप्पे पर निगरानी रही।

# पूर्व विधान पार्षद प्रो. रणबीर नंदन के आवास पर धूमधाम से मनी होली

### होली गीत, चैता गीत के साथ स्चरूचि भोजन का लोगों ने उठाया लुत्फ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस साल भी पूर्व विधान पार्षद एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रो. रणबीर नंदन के आवास 'नंदन विला' में होली का त्योहार धूमधाम से मनाया गया जहां सैकड़ों की संख्या में लोगों ने होली गीत, चैता गीत के साथ सुरूचि भोजन का आनंद लिया। इस मौके पर प्रो. रणबीर नंदन ने स्वयं ढोलक बजाकर होली गीत का आनंद लिया। मौके पर प्रो. नंदन ने कहा कि होली का त्योहार हमें आपसी मेल-जोल व सामजिक सदभाव, समरसता का संदेश देता है और खुशियां साझा करने का मौका देता है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन उनके आवास पर वर्षो से चलते आ रहा है। इस तरह का आयोजन उनके पिताजी स्वर्गीय श्यामनंदन प्रसाद करते थे। हम उसी परंपरा को जारी रख रहे हैं। इस मौके पर इंडियन ऑयल कारपोरेशन के पूर्व क्षेत्रीय निदेशक विभाष कुमार, पटना विवि भूगर्भ शास्त्र के प्राध्यापक प्रो. भावुक शर्मा, डॉ ज्योति प्रसाद, अंजनी सुधाकर, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अरविंद सिंह, बिहार अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य कुलवंत सिंह सलूजा, भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मधेश्वर शर्मा, अमर सिन्हा, भाजपा युवा मोर्चा की नेत्री रूचि श्रीवास्तव, सामाजिक कार्यकर्ता शालिनी सिन्हा, युवा जदयू के पूर्व अध्यक्ष अंकित तिवारी, छात्र जदयू के पूर्व अध्यक्ष शादाव आलम, युवा जदयू के प्रवक्ता अजीत दुबे, शिवम परासर, भाजपा जयंत मंडल के अध्यक्ष अरुण कुमार, महासचिव प्रेम पाठक, भाजपा नेता पंकज कुमार, जितेन्द्र कुमार, मंटू कुमार, जदयू नेता जितेन्द्र पटेल सहित सैकड़ों की संख्या में एनडीए नेताओं व स्थानीय जनता ने शिरकत कर अबीर, रंग, गुलाल के साथ होली मिलन कर सुरूचि भोज का आनंद लिया।

## बिहार में पुलिसकर्मी की हत्या और उन पर हमलों के खिलाफ सरकार सख्त : विजय चौधरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में पुलिसकर्मियों पर लगातार हो रहे हमलों पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने संज्ञान लेते हुए कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। किसी को भी छोड़ा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री के करीबी मंत्री विजय चौधरी ने रविवार को कहा कि सरकार इन अपराधियों के खिलाफ सख्त कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को पूरी जानकारी दी गई है और उन्होंने स्पष्ट किया है कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। विजय चौधरी ने कहा कि यह चिंता का विषय है कि पुलिसकर्मियों की हत्याएं हो रही हैं और उन पर हमले किए जा रहे हैं। सरकार अपराधियों पर कठोर कार्रवाई करने जा रही है। उन्होंने कहा कि अपराधी बौखलाहट में ऐसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं, लेकिन सरकार की सख्ती से वे ज्यादा देर तक बच नहीं पाएंगे। वहीं, होली मिलन समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत की मौजूदगी पर मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि इसमें कुछ असामान्य नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि निशांत के राजनीति में आने या न आने का फैसला खुद नीतीश कुमार को करना है। यह पूरी तरह से नीतीश कुमार और पार्टी का विषय है। नीतीश कुमार पर लगातार विपक्ष की ओर से लगाए जा रहे आरोपों पर विजय चौधरी ने करारा जवाब देते हुए कहा कि अगर कोई यह कहता है कि नीतीश कुमार सरकार नहीं चला पा रहे हैं, तो यह गलत है। वे लगातार सक्रिय हैं। उन्होंने हाल ही में महीनों तक प्रगति यात्रा की, क्या कोई कमजोर व्यक्ति ऐसा कर सकता है। श्री चौधरी ने यह भी कहा कि कुछ लोग नीतीश कुमार की लोकप्रियता से परेशान हैं और इसलिए ऐसे आरोप लगा रहे हैं।

# हनी मिशन की तरफ बिहार के बढ़ते कदम

### केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने बिहार के मधुमक्खी पालकों को दी बड़ी सौगात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**






**गया।** बिहार में हनी मिशन को गति देने की दिशा में कार्य करते हुए केंद्रीय सूक्ष्म लघु एवं माध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने बिहार के 5 जिलों के मधुमक्खी पालकों को किट प्रदान किया है। खादी और ग्रामोद्योग विकास योजनांतर्गत बिहार के 5 जिलों के कुल 210 मधुमक्खी पालकों को 2100 मधुमक्खी बॉक्स, मधुमक्खी परिवार और टूल किट मुहैया कराया गया। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी गया स्थित कैंप कार्यालय से वर्चुअल मोड में आयोजित टूल किट वितरण कार्यक्रम से जुड़े और लाभुकों के बीच इसे वितरित किया। हनी मिशन के तहत सहरसा जिले में सबसे ज्यादा 110 लाभुकों को टूल किट दिया गया जबकि बांका में 30, बेगूसराय और खगड़िया जिले 25– 25 और औरंगाबाद में कुल 20 लाभुकों को टूल किट दिया गया। इस मौके पर के केंद्रीय मंत्री जीतन राम माझी ने अपने संबोधन में कहा कि देश भर में खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा संचालित किये जा रहे योजनाओं के जरिए नए रोजगार का सृजन किया जा रहा है। श्री मांझी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महात्वाकांक्षी योजनाओं के अत्तर्गत प्रधानमन्त्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं ग्रामोद्योग विकास योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्ति के उपरांत वितरित किये जा रहे विभिन्न टूल किटों के माध्यम से बेरोजगार युवक एवं युवतियां खादी और गामोद्योग आयोग के माध्यम से स्वय के रोजगार स्थापित कर बेरोजगारी दूर कर रहे हैं। बिहार में हनी मिशन कैसे क्रांति की शक्ल ले इस दिशा में केंद्र और राज्य सरकार निरंतर काम कर रहे हैं। इस अवसर पर वर्चुअल मोड में खादी और ग्रामोद्योग आयोग के पूर्वी क्षेत्र के सदस्य मनोज कुमार सिंह, मुख्य कार्यकारी अधिकारी उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी (पूर्वी क्षेत्र) और खादी और ग्रामोद्योग आयोग, पटना के निदेशक डॉ. एम. एच. मेवाती भी केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी के साथ उपस्थित थे।

## मसौढ़ी जेल में बंदियों ने जमकर खेली होली, एक दूसरे को लगाया रंग अबीर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** रंगों का त्योहार होली को लेकर पूरे देश भर में जश्न का माहौल है। ऐसे में जेल में विभिन्न अपराध में बंदियों के बीच भी काफी उत्साह है। जेल प्रशासन के द्वारा उन सभी बंदियों को होली खेलने की छूट दी है जहां पर जेल के अंदर मैदान में सभी कैदियों ने एक दूसरे को रंग अबीर गुलाल लगाकर होली की मस्ती की है जहां सभी बंदियों ने अपने सारे गम भूला कर घर परिवार की चिंता को छोड़कर कैदियों के बीच एक दूसरे को आपसी एकता भाईचारे के साथ प्रेम सौहार्द का माहौल बनाते हुए लोगों ने होली खेली। उसके बीच फगुआ गीत मंडली का भी आयोजन किया जहां सभी कैदी एक साथ बैठकर ढोलक की थाप और झाल मंजरी के साथ होली गीत गाकर होली मनाते दिखे। मसौढ़ी जेल के जेलर उमाशंकर शर्मा ने बताया कि होली को लेकर जेल प्रशासन के द्वारा जेल में बंद विभिन्न आपराधिक मामलों में उन सबों के बीच में उन्हें होली खेलने की छूट दी है जहां अपने सभी कैदियों के बीच होली खेल रहे हैं। इसके साथ ही उनके लिए पूआ पकवान की भी व्यवस्था की गई है। जेल में फिलहाल डेढ़ सौ कैदी हैं जो विभिन्न अपराधों में बंद हैं, लेकिन होली के दिन सभी बंदी अपने-अपने घर परिवार गमों को भुलाकर होली का मजा ले रहे हैं।

# हर्षोल्लास से मना होली का त्योहार






**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी में रंगों का त्योहार होली पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया और लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं। होली और रमजान के महीने में दूसरा जुमा इस बार एक साथ पड़े हैं। किसी भी अप्रिय घटना को होने से रोकने के लिए सुरक्षा कड़ी कर दी गई थी जहां मसौढ़ी अनुमंडल में कुल 56 जगहों पर पुलिस मजिस्ट्रेट की तैनाती रही और पुलिस बल गश्त करते रहे। ऐसे में मसौढ़ी में शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो गया। होली के अवसर पर लोग अपने-अपने घरों और गली-मोहल्लों में परिवार-दोस्तों के साथ रंग में डूबे रहे। बच्चों-युवाओं ने खूब मौज-मस्ती की तो महिलाएं भी पीछे नहीं रहीं। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में होली की धूम रही। होली के दूसरे दिन बसियौरा और मटका फोड़ कार्यक्रम भी हुआ जगह-जगह पर मटके फोड़े गये। तारेगना डीह, मनीचक, लखीबाग, संघतपर, कैलूचक आदि जगहों पर आयोजन हुआ। वहीं धनरूआ प्रखंड में भी युवाओं व महिलाओं की टोली मस्ती के साथ होली के जश्न में बढ़-चढ़ कर गुलाल व रंग उड़ाते रहे। इधर पुनपुन प्रखंड में भी जमकर होली खेली। मसौढ़ी में कई सामाजिक संगठन के लोग एक टोली बनाकर सभी के घरों में जा कर रंग अबीर लगाये जहां मसौढ़ी थानाध्यक्ष विजय यादवेंदु, एसडीएम अमित कुमार पटेल, डीएसपी नभ वैभव के आवास पर जाकर उन्हें रंग अबीर लगा कर शुभकामना दी। इस मौके पर राहुल चंद्रा, डॉ सुधीर कुमार, डॉ राखी रानी, सुनील गवास्कर, विश्वरंजन, डॉ मंगल, पंकज कुमार, दीपक शर्मा समेत कई लोग शामिल रहे।

## थैलीसीमिया पीड़ित 16 बच्चों का बोन मैरो ट्रांसप्लांट कराएगी मां वैष्णो देवी सेवा समिति



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के 16 वैसे थैलीसीमिया पीड़ित नन्हें बच्चे जिनका अपने सगे भाई बहन के साथ 100% बोन मैरो मैच हुआ है उनका चयन आज रविवार , 16 मार्च 2025 को मां ब्लड बैंक द्वारा बोन मैरो ट्रांसप्लांट के लिए किया गया। सौ प्रतिशत एचएलए मैच 16 बच्चों का आज मां ब्लड सेंटर में बैंगलोर नारायणा के डाक्टर सुनील भट्ट जी ने देख कर चिन्हित किया जिन्हें कोल इंडिया एवं प्रधान मंत्री बाल योजना के माध्यम से नारायणा बंगलौर में बोन मैरो ट्रांसप्लांट किया जाएगा जिससे इन बच्चों को हर 15 दिनों में रक्त चढ़ाने से मुक्ति मिल जाएगी। मां वैष्णो देवी सेवा समिति द्वारा पिछले दो सालों में थैलीसीमिया पीड़ित 59 से अधिक बच्चों को नई जिंदगी जीने में मदद दी गई है। देश के बड़े अस्पतालों में से एक नारायणा हेल्थ स्क्रीनिंग में सौ प्रतिशत एचएलए मैच पास होने वाले बच्चों का बड़े खर्च वाला बोन मैरो ट्रांसप्लांट प्रधानमंत्री फंड, कोल इंडिया, अपने बैंगलोर हॉस्पिटल में सीएसआर एक्टिविटी के अंतर्गत निःशुल्क करता है।

## अग्रसेन सेवा न्यास के निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 106 लोगों की हुई जांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** अग्रसेन सेवा न्यास द्वारा आज शक्तिधाम, बैंक रोड, पटना में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। मौके पर न्यास के अध्यक्ष अमर अग्रवाल ने बताया कि अग्रसेन सेवा न्यास द्वारा प्रत्येक माह के तीसरे रविवार को यह चिकित्सा शिविर आयोजित होता है। अग्रवाल ने बताया कि आज के इस चिकित्सा शिविर में कुल 106 मरीजों ने अपनी जांच करवाई। अग्रवाल ने बताया कि सभी मरीजों को निःशुल्क चाय बिस्कुट दिया गया। शिविर में डॉ बी के अग्रवाल द्वारा हेपेटाइटिस की जांच की गई। शिविर में इसके अतिरिक्त हेपेटाइटिस 'बी' की जांच के लिए 20 मरीजों का खून लिया गया। मौके पर शिविर में 63 मरीजों के आंखों की जांच प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक डा शशि मोहनका द्वारा किया गया। इनमें 15 मरीजों का मोतियाबिंद काफी बढ़ा हुआ था। डा. मोहनका ने बताया कि इनका निःशुल्क फेको विधि द्वारा आपरेशन श्याम मंदिर, न्यूबहादुरपुर के पास स्थित श्री बालाजी नेत्रालय में किया जाएगा। आज 16 मरीजों को निःशुल्क चश्मा भी उपलब्ध कराया गया। मौके पर डॉ सुनील अग्रवाल ने चेस्ट एवं सामान्य बीमारी के करीब 25 मरीजों की जांच की वहीं डॉ रचना जैन ने महिला मरीजों की जांच की। आंखों के अतिरिक्त मधुमेह की जांच डॉ सुभाष कुमार के द्वारा की गयी जिसमें 21 लोगों में मधुमेह पाया गया। सभी मरीजों को मधुमेह की दवा निःशुल्क दी गयी। मौके पर शिविर में 21 लोगों के दांतों की जांच डॉ नितिन मैतिन द्वारा की गयी जिसमें 11 लोगों के दांत में बीमारी पाई गयी। मौके पर ब्लड प्रेशर की जांच जितेंद्र के द्वारा की गई। एम पी जैन ने बताया कि शिविर को सफल बनाने में मुख्य भूमिका अमर कुमार अग्रवाल, अक्षय अग्रवाल, निर्मल अग्रवाल, रितेश तुलस्यान, शशांक अग्रवाल, अनिल गुप्ता, राज कुमार खेमका, तरुण हिसारिया एवं अन्य पदाधिकारियों की रही।

# दो गुटों में हिंसक झड़प, दर्जनों राउंड हुई फायरिंग, बच्चे को लगी गोली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** रंगों का त्योहार होली पर्व के अल्हे सुबह एक ओर जहां लोग पर्व मनाने की तैयारी में जुटे रहे। वहीं मसौढ़ी थाना क्षेत्र के रेवां पंचायत के जिलालबिगहा गांव में एक मामूली विवाद में रणक्षेत्र में तब्दील रहा जहां दो गुटों में जमकर मारपीट हो गई, मारपीट रोड़ेबाजी में तब्दील हो गई, दोनों तरफ जमकर ईंट पत्थर चलने लगी, उसके बाद दर्जनों राउंड फायरिंग हुई। इस फायरिंग के दौरान एक 7 साल के बच्चे की गोली लग गई है। हालांकि गोली पैर में लगी है। जख्मी बच्चों को आनन-फानन में पीएमसीएच भेजा गया है। वह बच्चा अपने नाना बद्री यादव के यहां आया हुआ था और उस वक्त वह दुकान जा रहा था। बताया जाता है कि जिलालबीघा के सुधीर यादव और नगीना यादव के बीच आपसी विवाद को लेकर हिंसक घटना हुई है जिसमें दोनों तरफ से आधा दर्जन लोग जख्मी हुए हैं। सूचना मिलते ही दल-बल के साथ मसौढ़ी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची जहां 4 लोगों को हिरासत में लिया। दोनों भैंस के व्यापारी हैं किसी बात को लेकर होलिका दहन के भी दिन दोनों में लड़ाई झगड़ा हुआ था और फिर होली के दिन भी दोनों परिवार आपस में खूनी हिंसक लडाई कर रहे हैं। फिलहाल दोनों पक्ष की ओर से 25 नामजद समेत 25 अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कर दी गई है जिसमें एक पक्ष के अनिता कुमारी पिता अवधेश प्रसाद ने 14 नामजद समेत कई अज्ञात अभियुक्त बनाया है। इसके अलावा दूसरे पक्ष के इसरी यादव पिता सिपाही गोप ने 9 नामजद समेत कई अज्ञात अभियुक्त बनाया है। दोनों पक्ष की ओर से चार लोगों को गिरफ्तार किया है जिसमें प्रमोद कुमार, अनीश कुमार, सियाराम, विकास कुमार को जेल भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## धनरूआ के भेड़गांवां में महिला ने पंखे से लटक कर की आत्महत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मामला धनरूआ थाना क्षेत्र के भेड़गावा गांव की है जहां पर पड़ोसी से किसी तरह से विवाद होने पर डांट फटकार होने पर महिला ने घर आकर पंखे से लटक कर अपनी जान दे दी। मृतक का नाम सोना देवी पति अनुज कुमार है। बताया जाता है कि उसका पति अनुज कुमार मसौढ़ी बाजार में मिठाई दुकान में मिठाई बनाने का कार्य करता है। एक तरफ शनिवार को सभी लोग रंग लगाने में व्यस्त थे वही सोना देवी अपने पड़ोसी के साथ किसी बात को लेकर बकझक हो गई थी। इसी में इमोशनल होकर अपने घर पहुंची और घर बंद कर पंखे से लटक कर अपनी जान दे दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए पटना भेज दिया है। वहीं एफएसएल की टीम बुलाई गई है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। इस पूरे मामले में डीएसपी टू कन्हैया कुमार ने बताया कि जानकारी मिली है कि अपने पड़ोसी से किसी तरह से विवाद हुआ था। इसके अलावा अवैध संबंध का भी आरोप लगा था। उसी के घर में फांसी लगाकर खुद को जान दे दी है पूरे मामले की जांच कर रहे हैं।

## एएसआई राजीव रंजन का पार्थिव शरीर पहुंचा फुलवारीशरीफ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** अररिया जिले के फुलकाहा थाना में पदस्थापित बहादुर पुलिसकर्मी एएसआई राजीव रंजन की शहादत के बाद गुरुवार रात उनका पार्थिव शरीर सम्मान और श्रद्धांजलि के साथ पटना लाया गया। करीब 8 घंटे के लंबे सफर के बाद पुलिसकर्मियों के वाहनों के काफिले के साथ फुलवारीशरीफ के मौर्य विहार कॉलोनी स्थित उनके घर पहुंचा जहां माहौल पूरी तरह गमगीन हो गया। गुरुवार रात जैसे ही पुलिस वाहन में तिरंगे में लिपटा पार्थिव शरीर पहुंचा, तो मोहल्ले में कोहराम मच गया। कई घंटे से उनके अंतिम दर्शन के लिए खड़े परिजनों और स्थानीय लोगों की आंखें छलक उठीं।

# शौच जा रही महिला से गैंगरेप की कोशिश, पांच लोगों पर लगा आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** धनरूआ के एक गांव में शौच जा रही महिला के साथ गैंगरेप करने की कोशिश का मामला प्रकाश में आया है। दरअसल पीड़ित महिला ने धनरूआ थाने में पांच लोगों के खिलाफ थाने में आवेदन देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। दरअसल पीड़ित महिला ने बताया कि शाम के वक्त शौच के लिए गांव से पूरब जा रहे थे उसी वक्त एक जगह पर पांच लोग शराब पी रहे थे। मुझे अकेला देखकर लोगों ने पीछे से हमला बोल दिया और फिर पकड़ कर घसीटने लगे और मेरी इज्जत लूटने की कोशिश की जिसमें बिट्टू कुमार पिता संजय यादव, प्रियांशु कुमार पिता स्व तोला यादव, सुधांशु कुमार पिता भोला यादव, रवि कुमार सभी छाति गांव एवं लोहा यादव स्व. राजकुमार यादव सिंगरामपुर के हैं, हो हल्ला पर जब आसपास के ग्रामीण दौड़े तो दहशत मचाने के लिए हवाई फायरिंग करते हुए भाग निकले इसके अलावा हमारे पति भी जब आए तो उन्हें भी मार कर सिर फोड़ दिया है। बहरहाल इस पूरे मामले में थानाध्यक्ष ने कहा कि पूरे मामले की छानबीन की जा रही है।

### एसपी ने किया घटनास्थल का निरीक्षण, हत्या में प्रयुक्त कपड़े बरामद

# पिता व पुत्र ने की बहन और मां की हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास जिले के चुटिया थाना क्षेत्र के तिअरा खुर्द पंचायत के चरनी पहाड़ी के नीचे पावर सब स्टेशन के पास मां पार्वती देवी (48)बेटी प्रतिमा कुमारी (20)की हत्या पिता रामनाथ राम व पुत्र छोटू उर्फ लुल्हा ने मिलकर शनिवार को कर दिया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि तियरा कला पहाड़ी के पास पावर ग्रिड के बगल के बाजार में सिंचाई हेतु लगे मोटर के पास से दो महिला का शव पड़ा है। इस संबंध में मृतका के पति व पुत्र ने बताया कि विद्युत मोटर चलाने के क्रम में करंट लगने से दोनों को मौत हुई है। उन्होंने बताया कि शव को देखने से पता चला कि दोनों की हत्या गला घोट कर की है। उन्होंने बताया कि एसडीपीओ दो वंदना के नेतृत्व में टीम गठित किया गया जिसमें तकनीकी सहायता के लिए डीआईओ की टीम को शामिल किया गया। पिता और पुत्र को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। बताया गया कि मृतका प्रतिमा को शादी झारखंड में तय किया गया था। वह वहां शादी नहीं करना चाहती थी। वह अपने पसंद के एक शादी शुदा व्यक्ति से शादी करना चाहती थी जिसका समर्थन उसकी मां कर रही थी, लेकिन उसके पिता व पुत्र को यह पसंद नहीं था। उन्होंने बताया कि नाराज पिता व पुत्र ने प्रतिमा की हत्या की योजना बनाई। शनिवार सुबह पिता व पुत्र ने दुप्पटा से गला दबाकर प्रतिमा की हत्या कर दी। आवाज सुनकर मां जगी और बेटी को मृत देखकर चिल्लाने लगी। पकड़े जाने के भय से उसके साड़ी के पल्लू से गला दबाकर उसकी हत्या कर दिया। दोनों के शव को विद्युत मोटर के पास रखकर गांव में हल्ला किया कि दोनों की मौत विद्युत करंट लगने से हुई है। एसपी ने कहा कि वे स्वयं घटनास्थल का निरीक्षण किया जहां से मृतक की हत्या में प्रयुक्त दुपट्टा व साड़ी बरामद किया गया। पिता का खून लगा टीशर्ट, चार मोबाइल बरामद किया। दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि विशेष टीम में डीआईए प्रभारी पुलिस निरीक्षक राहुल कुमार, सुशांत कुमार मंडल, अजय कुमार, चुटिया थानाध्यक्ष बिट्टू लाल रंजन व सशस्त्र बल शामिल थे।



## एक नजर

### 52 आरोपित गिरफ्तार

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** अपराधियों व शराब तस्करों के के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने दो दिनों के दौरान विभिन्न कांडों के 16 आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों में हत्या के प्रयास, हत्या, आर्म्स एक्ट, शराब तस्कर व वारंटी शामिल है। 146 लीटर देशी व 23 लीटर अंग्रेजी शराब, एक बाइक बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों के पालन कराने को वाहन जांच अभियान में 80 हजार 500 रुपए जुर्माने की राशि वसूली गई।

### शांतिपूर्ण होली संपन्न होने पर एसपी ने दी बधाई

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** एसपी ने शांतिपूर्ण होली सम्पन्न होने पर जिला वासियों को बधाई दी। एसपी रौशन कुमार के अनुसार जिले के लोग शांतिप्रिय है। उन्होंने उम्मीद जताई कि अन्य पर्व त्यौहार भी शांतिपूर्ण सम्पन्न होने में इसी तरह का सहयोग लोगों को मिलता रहेगा। जिला पुलिस लोगों की सुरक्षा व विधि व्यवस्था बनाए रखने को सेवा में सदैव तत्पर है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों व कर्मियों को पर्व के मौके पर कार्य के प्रति समर्पण के लिए भी बधाई दी है।

### भाजपा जिला समिति ने नवनियुक्त अधिकारियों को दी बधाई

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** भारतीय जनता पार्टी जिला रोहतास के कमेटी की घोषणा होने पर पूर्व विधायक सत्यनारायण सिंह, संजय गुप्ता, नगर अध्यक्ष अशोक सोनी, गोपाल चौरसिया, परमहंस सिंह, श्रवण कुमार अटल, कुंवर सिंह, सुनील कुमार पाठक ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा है कि इनके कार्यकाल में पार्टी नई ऊंचाइयों को छुएगी। सभी पदाधिकारी अपने कार्यों के द्वारा कार्यकर्ताओं में एक नया संचार भरने का काम करेंगे। जिला कमिटी में सभी को मौका देने पर जिला अध्यक्ष संतोष पटेल को भी बधाई दी है।

### झोपड़ी में लगाई आग

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** डिहरी नगर थाना क्षेत्र के बारह पत्थर में चंद्रवती कुंवर के घर में उसी मुहल्ले के गोलू कुमार समेत आधे दर्जन अज्ञात ने आग लगा दी जिससे लगभग चार लाख रुपए मूल्य के बाइक, टीवी, पंखा, कूलर आदि जलकर खाक हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सोने की चेन छीनी

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** नगर थाना के राजपूतान मुहल्ले से दूध लेने गई ईदगाह मोहल्ला निवासी प्रमिला देवी की एक अज्ञात अपराधी सोने का चेन लेकर फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### नाबालिग का अपहरण

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** नगर थाना क्षेत्र से एक 17 वर्षीय नाबालिग बालिका के शादी की नियत से अपहरण की प्राथमिकी दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार इस संबंध में शाहनवाज फारूखी पर नामजद प्राथमिकी कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मामूली विवादों को लेकर आपसी झड़प में कई घायल

**वजीरगंज(गया) (नबिटा सं.)।** विगत दो दिनों के अंदर क्षेत्र के भिंडस, पतेड़ एवं भरेती में मामूली विवाद को लेकर आपसी झड़प में लगभग दर्जन भर लोग घायल हो गये। थानाध्यक्ष वेंकटेश्वर ओझा ने बताया कि भिंडस में रास्ता विवाद एवं पतेड़ में होलिका दहन में लकड़ी डालने सहित भरेती में नल जल को लेकर विवाद हुआ जिसमें कुछ लोग मामूली रूप से घायल हुए। सभी को वजीरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से प्राथमिक उपचार करवाया गया जिनमें से कुछ लोग रेफर भी हुए हैं। सभी पीड़ित पक्षों से आवेदन लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है। वहीं होली को लेकर पूरे क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रही।

## जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** रविवार को कांग्रेस कार्यालय इंदिरा गांधी आश्रम सासाराम में कांग्रेस जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह के नेतृत्व में आगामी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 एवं प्रत्येक प्रखंड अध्यक्षों से अपने-अपने प्रखंड का बूथ एजेंट लिस्ट बनाकर इसी माह की अंतिम तारीख 31 मार्च 2025 तक अवश्य दे देने पर चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सभी प्रखंड अध्यक्ष अपने-अपने प्रखंड का 31 मार्च 2025 तक बनकर कृपया जमा कर दे। बैठक में कांग्रेस जिलाध्यक्ष कन्हैया सिंह, सभी प्रखंड अध्यक्ष एवं तौफीक अहमद मकरानी, नगर अध्यक्ष सासाराम चितरंजन दुबे, कार्यापक प्रखंड अध्यक्ष दिनारा रघुनाथ सिंह, अध्यक्ष प्रखंड कांग्रेस कमेटी राधानाथ राजेंद्र पासवान उपस्थित थे।

## आरएसके स्कूल के छात्र सौरभ राज ने एक्साइज इंस्पेक्टर के पद पर सफलता प्राप्त कर रचा इतिहास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** आरएसके पब्लिक स्कूल, बस्तीपुर, डिहरी (ऑन सोन) के पूर्व छात्र सौरभ राज ने एसएससी सी जी एल ग्रेजुएशन लेवल 2024 परीक्षा में सफलता हासिल किया है। सौरभ राज ने इंस्पेक्टर (एक्साइज तथा टैक्स विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार) के पद पर चयनित होकर विद्यालय और जिले दोनों का गौरव बढ़ाया है। सौरभ राज एक अनुशासित और संघर्षशील छोटे व्यापारी स्वर्ण परिवार से आते हैं जो कि अपने समाज के लिए प्रेरणा के स्रोत बने। पिता मनोज कुमार जिन्होंने कठिन मेहनत और सीमित संसाधनों पर मौजूद में बेटे की पढ़ाई को हमेशा प्राथमिकता दी। माता संगीता देवी ने स्कूल के दिनों में हमेशा विद्यालय शिक्षकों का सम्मान करती थी तथा प्रतिदिन विद्यालय में उपस्थित होने के लिए अपने बच्चे को प्रेरित करती थी। सौरव राज ने यह सफलता बिना किसी कोचिंग या ट्यूशन के घर पर रहकर प्राप्त की। सिर्फ आत्मबल, आर एस के स्कूल के शिक्षकों और अभिभावक के बल पर उन्होंने यह मुकाम हासिल किया, जो आज के युवाओं के लिए जबरदस्त प्रेरणा है। निदेशक आनंद सिंह ने विद्यालय के प्रधानाचार्य आर एन सिंह एवं विद्यालय के अन्य शिक्षकों का मार्गदर्शन और सहयोग के लिए सराहना की। उन्होंने कहा कि जो विद्यार्थी अपने विद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यालय पर विश्वास एवं भरोसा करेगा उसको बड़ी से बड़ी सफलता प्राप्त आसानी से हो सकती है क्योंकि शिक्षक ही बच्चों को आगे बढ़ाने में मददगार साबित हो सकता है।



## जमकर खेली होली, एक दूसरे को लगाया रंग व गुलाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** शहर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रंगों का त्योहार होली पर एक दूसरे को रंग गुलाल लगा उल्लास एवं परंपरा के साथ शनिवार को त्योहार मनाया। शान्तिपूर्ण होली मन जाने पर पुलिस ने राहत की सांस ली। सुबह से ही ढोल मजीरा के साथ लोग सड़कों व गलियों में निकल कर मस्ती में झूमते हुए युवा आपस में रंग खेलते वह गले मिलते रहे। डीआईजी डॉ सत्यप्रकाश, एसपी रौशन कुमार, बीएमपी कमांडेंट लिपि सिंह ने पुलिस निरीक्षक सह डिहरी थानाध्यक्ष शिवेंद्र कुमार अपने अपने आवास पर पुलिस अधिकारियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं को अबीर लगा होली की बधाई दी। बीएमपी व जिला पुलिस के जवानों की मंडली के ढोल मजिरा के थाप पर परम्परागत गीत सभी को झूमने पर विवश कर दिया। इस बार होली के त्योहार में लोगों में गजब का उत्साह देखने को मिला। एक सप्ताह पहले ही लोगों ने होली की तैयारियां शुरू कर दी थीं। गुरुवार रात होलिका दहन होने के बाद शनिवार को दिन भर रंगों का दौर चलता रहा। सुबह से ही लोग मित्रों, रिश्तेदारों के यहां पहुंच गए और एक दूसरे को रंग लगाकर होली का उल्लास मनाया। बड़े-बुजुर्गों को अबीर गुलाल लगाकर उनका आशीर्वाद लिया। देर रात तक यही दौर चलता रहा। युवाओं ने अपने साथियों के साथ अलग-अलग तरीकों से त्यौहार का लुत्फ उठाया। चौधरी मोहल्ला में मटका फोड़ने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चौधरी मुहल्ला में मटका फोड़ का आयोजन किया गया। सभी रंगों में सराबोर होकर रंग अबीर गुलाल लगाकर एक दूसरे होली की बधाई दिये। साथ ही प्रेम सद्भाव से होली को मनाया। मटका फोड़ में वार्ड पार्षद आनंद कुमार चौधरी, अनुप कुमार, राजेश चौधरी, घुरा पाल, संजय, विवेक सिंह, गोलू आदि मौजूद थे। वहीं लोजपा रा प्रदेश नेता राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह ने अपने आवास पर होली गायन का आयोजन किया तथा रंग अबीर गुलाल लगा कर होली की बधाई दी। पूर्व विधायक सत्यनारायण सिंह व मुख्य पार्षद शशि कुमारी, समाजसेवी सोनू सिंह, राजद के अतिपिछड़ा के प्रदेश महासचिव गुड्डु चंद्रवंशी ने शहरवासियों को होली की बधाई दी।



## हत्यारों को गिरफ्तार कर फांसी दिलाने व पीड़ित आश्रितों को मुआवजा देने की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** बिहार प्रदेश कांग्रेस सहकारिता विभाग के महासचिव राजेंद्र पासवान ने कछआ थाना क्षेत्र के लेवा गांव के स्वर्गीय जनेश्वर पासवान की 17 वर्षीय पुत्री रचना कुमारी मैट्रिक की छात्रा थी जिसे घर से बुलाकर निर्मम हत्या कर अधजले शव को खेत में फेंक दिया गया। सूचना पाकर शव को अपने कब्जे में लेकर कछआ थाने के पुलिस ने सदर अस्पताल सासाराम में पोस्टमार्टम करा कर शव को परिजनों को सौंप दिया। घटनास्थल पर बिक्रमगंज डीएसपी पहुंचकर त्वरित कार्रवाई करते हुए। एफ एस एल की टीम को बुलाकर घटना की साक्ष्य संकलन किया है। फॉरेंसिक टीम भी घटनास्थल की विस्तृत जांच की है। मैं पुलिस कप्तान से मांग करता हूं कि अज्ञात हत्यारे को जांच पड़ताल कर अविलंब गिरफ्तार कराए और स्पीडी ट्रायल चलाकर फांसी की सजा दिलाई और 10 दिनों के अंदर पीड़ित आश्रितों को उचित मुआवजा भी दिलाये और क्षेत्र में रात्रि गश्ती के अलावे दिन में भी पुलिस गश्ती करने की मांग सिर्फ पासवान ने की है। वही औरंगाबाद जिले के नगर थाना के समीप विनय पासवान की 13 वर्षीय पुत्री कोमल कुमारी को मनोज सिंह का पुत्र रंजय कुमार सिंह अपने चार पहिए वाहन से कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। यह घटना प्रमाणित करता है कि डबल इंजन की सरकार में दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों पर जुल्म व अत्याचार बढ़ता जा रहा है।

## अखिलेश कुमार द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में कार्यकर्ताओं में भरा गया जोश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** भाजपा नेता अखिलेश कुमार ने दिनारा प्रखंड के ग्राम पंजरी में आयोजित होली मिलन समारोह के दौरान भाजपा के प्रदेश महामंत्री मिथिलेश तिवारी ने विधानसभा 2025 का बिगुल फूंका और दिनारा विधानसभा को एनडीए की अग्रिम जीत की बधाई दी। दिनारा प्रखंड के ग्राम पंजरी में भाजपा नेता अखिलेश कुमार द्वारा आयोजित भव्य होली मिलन समारोह में भाजपा के प्रदेश महामंत्री मिथिलेश तिवारी ने शिरकत की और विधानसभा 2025 को लेकर कार्यकर्ताओं में नया जोश भर दिया।

कार्यक्रम की शुरूआत में मिथिलेश तिवारी ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की ओर से सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा पिछली विधानसभा चुनाव में पूरे शाहाबाद से एनडीए को शून्य पर आउट कर दिया गया था, लेकिन इस बार हम सबको एकजुट होकर महागठबंधन को शून्य पर आउट करना है। दिनारा विधानसभा से जो भी प्रत्याशी एनडीए से टिकट लेकर आएगा, उसे इस बार हर हाल में जीत सुनिश्चित करनी है।

जिला अध्यक्ष संतोष पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि मुझे जब से जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली है, तब से मैं पूरी ऊर्जा और संकल्प के साथ संगठन को सशक्त बनाने में जुटा हुआ हूं। मेरी प्राथमिकता हमेशा पार्टी को मजबूत करने और जिले में भाजपा का विस्तार करने की रही है। आगामी विधानसभा चुनाव में हमारा एक ही लक्ष्य है–एनडीए के प्रत्याशी को दिनारा से विधानसभा तक पहुंचाना। इसके लिए हमें पूरे जोश के साथ मेहनत करनी होगी और हर कार्यकर्ता को बूथ स्तर तक सक्रिय रहना होगा। इस अवसर पर भाजपा नेता अखिलेश कुमार ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, होली का त्योहार रंगों और आपसी भाईचारे का प्रतीक है। यह हमें एकता और सहयोग का संदेश देता है। हम सबको एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाना है और विधानसभा 2025 में दिनारा की जीत को सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। इस दौरान रोहतास भाजपा के जिला अध्यक्ष संतोष पटेल, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष मदन मोहन पांडे, बिक्रमगंज उत्तरी के जिला पार्षद प्रभाषचंद्र सिंह, उर्फ मंटू सिंह, पूर्व विधायक प्रतिनिधि मुन्ना राय, पूर्व प्रमुख मनोज सिंह, दावथ जिला पार्षद प्रतिनिधि विकाश पटेल, दिनारा उत्तरी के जिला पार्षद प्रदीप साह, तेनुअज मुखिया अमित राय, गुनसेज मुखिया मुरलीधर दुबे, जमरोड़ मुखिया संजय सिंह, गुनसेज पैक्स अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, लिलवछ पैक्स अध्यक्ष दयाशंकर सिंह, हरिवंशपुर बीडीसी दुबे बाबा, करहसी बीडीसी मुकेश चौधरी, अकोड़ा बीडीसी धर्मेंद्र यादव, भुई बीडीसी संतोष चौधरी, पूर्व मुखिया लल्लू पाठक, पूर्व प्रमुख चितरंजन पासवान, दावथ मंडल अध्यक्ष संतोष मिश्रा, दिनारा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रिंकू दुबे, दिनारा के प्रसिद्ध डॉक्टर विनय सिंह, बबलू सिंह, गुड्डू सिंह, मुन्ना कुशवाहा, दीपक कुमार, विनय कुमार सिंह, ढुनमुन सिंह, सोनू ठाकुर, रितेश राय, लव सिंह सहित हजारों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## बिहार प्रादेशिक अग्रवाल सम्मलेन द्वारा होली मिलन का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार प्रादेशिक अग्रवाल सम्मलेन द्वारा होली मिलन का आगाज अग्रसेन भवन, बैंक रोड पटना में सात मार्च को किया गया। होली मिलन समारोह में हजारों की संख्या में इकट्ठे होकर लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाया तथा होली की शुभ कामनाएं दी। अग्रसेन भवन का हाल पूरा खचाखच भरा हुआ था। इस होली मिलन के अवसर पर सम्मलेन के अध्यक्ष अमर कुमार अग्रवाल ने कहा की होली रंगों का त्योहार है, प्रकृति जब पूरी धरती पर वसंत का रंग बिखेर रही होती है तो होली का त्योहार आता है। होली रूप, रस, रंग एवं प्रेम का त्योहार है। अग्रवाल ने कहा कि होली मित्रता एवं एकता का पर्व है। होली जहां एक ओर सामाजिक एवं धार्मिक त्योहार है वहीं यह रंगों का त्योहार भी है। वृद्ध नर-नारी सभी इसे बड़े उत्साह से मनाते हैं। मौके पर सम्मलेन के अक्षय अग्रवाल ने कहा कि होली एक देशव्यापी त्योहार भी है। इसमें जाति भेद को कोई स्थान नहीं है। अक्षय ने कहा कि होली के अवसर पर पानी का दुरुपयोग कम से कम तथा रसायनिक रंगों का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। मौके पर सदस्यों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभ कामनाएं दीं। होली गीतों पर केन्द्रित नृत्य संगीत से पूरा माहौल होलिमय हो गया। इस अवसर पर सदस्यों ने मिठाई के साथ साथ ठंडई एवं आईस्क्रीम का भी लुफ्त लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अमर कुमार अग्रवाल, पी के अग्रवाल, निर्मल अग्रवाल, रमेश मोदी, अक्षय अग्रवाल, राज कुमार अग्रवाल, घनश्याम अग्रवाल, दिगम्बर अग्रवाल, हनुमान गोयल, जे पी तोदी, संतोष अग्रवाल, रौशन सर्राफ, हरी कृष्ण अग्रवाल सहित अन्य की प्रमुख भूमिका रही। कार्यक्रम के अंत में सम्मलेन के अक्षय अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि अग्रवाल सम्मलेन समाज के उत्थान के लिए कार्य कर रही है।



## तालाब से मछली पकड़ने को लेकर दो समुदायों के बीच मारपीट

**टिकारी(गया)(नबिटा सं.)।** क्षेत्र में तालाब से मछली पकड़ने को लेकर शनिवार की दोपहर आंती में दो समुदाय के बीच मारपीट हुई। मारपीट की इस घटना में एक व्यक्ति घायल हो गया। इसके बाद गांव में तनाव उतपन्न हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस-प्रशासन मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। टिकारी एसडीएम सुजीत कुमार व एसडीपीओ सुशांत कुमार चंचल सहित जिला से अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। एसडीएम, एसडीपीओ के अलावा बीडीओ बिपुल भारद्वाज, सीओ मुकेश कुमार, कोंच थानाध्यक्ष धनंजय सिंह, आंती थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने स्थानीय लोगों के साथ बैठक कर मामले को सुलझाया। आंती थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि इस मारपीट की घटना में एक व्यक्ति घायल हुआ है।

## स्कूल ऑफ क्रिएटिव लर्निंग के छात्रों ने इंस्पायर अवाड्र्स मानक में बनाई पहचान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना के स्कूल ऑफ क्रिएटिव लर्निंग (एससीएल) ने एक बार फिर अपने छात्रों में नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देने में अपनी उत्कृष्टता साबित की है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी), भारत सरकार द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित इंस्पायर अवाड्र्स-मानक (मिलियन माइंड्स ऑगमेंटिंग नेशनल एस्पिरेशन एंड नॉलेज) 2024-25 के लिए स्कूल के चार छात्रों को चुना गया है। इन चार छात्रों को उनके अभिनव विचारों के लिए चुना गया है- आदित्य गुप्ता, शुभम कुमार, रिया कुमारी एवं सक्षम कुमार। इन छात्रों को उनके प्रोजेक्ट्स को और विकसित करने के लिए 10,000 रुपए की वित्तीय सहायता और मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। उनके प्रोजेक्ट्स को जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनियों और प्रतियोगिताओं में प्रदर्शित किया जाएगा जहां से उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का अवसर मिलेगा। इंस्पायर अवाड्र्स-मानक एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य स्कूली छात्रों के बीच नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देना है। यह कार्यक्रम युवा मस्तिष्कों को वैज्ञानिक और तकनीकी समाधानों के माध्यम से वास्तविक दुनिया की समस्याओं को हल करने के लिए प्रोत्साहित करता है। इसके तहत देश भर से एक लाख अभिनव विचारों का चयन किया जाता है और छात्रों को उनके विचारों को साकार करने के लिए संसाधन प्रदान किए जाते हैं। इन चार छात्रों का चयन स्कूल ऑफ क्रिएटिव लर्निंग के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। यह सफलता स्कूल के नवाचार और समस्या-समाधान को प्रोत्साहित करने के प्रति समर्पण को दर्शाती है। स्कूल की प्रिंसिपल डॉ मृदुला प्रकाश ने इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए कहा यह हमारे स्कूल के मिशन को दर्शाता है जो छात्रों को वास्तविक दुनिया की चुनौतियों का सामना करने के लिए कौशल और आत्मविश्वास से लैस करता है। हमें अपने छात्रों की मेहनत और रचनात्मकता को इस प्रतिष्ठित मंच पर पहचान मिलने पर बहुत गर्व है। आदित्य, शुभम, रिया और सक्षम अब जिला स्तरीय प्रदर्शनी और प्रोजेक्ट प्रतियोगिता) में अपने प्रोजेक्ट्स को प्रस्तुत करने की तैयारी करेंगे। उनकी यात्रा राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक जा सकती है जहां वे दुनिया भर के प्रतिभाशाली युवा मस्तिष्कों के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे। स्कूल ऑफ क्रिएटिव लर्निंग और पटना के लोग इन युवा नवप्रवर्तकों के साथ खड़े हैं और उनकी अगली उपलब्धियों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इन छात्रों की सफलता न केवल स्कूल के लिए गर्व का विषय है, बल्कि यह दिखाती है कि युवा मस्तिष्क विज्ञान और प्रौद्योगिकी के माध्यम से बदलाव लाने की क्षमता रखते हैं।



## विभिन्न गांवों में मटका फोड़ कार्यक्रम आयोजित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड के कंचनपुर, खटनही, आंती, ददरेजी सहित विभिन्न गांवों में होली का त्यौहार को लेकर मटका फोड़ कार्यक्रम का आयोजन रविवार को किया गया। इस दौरान दर्जनों गांवों में मटका फोड़ा गया। बताया जाता है कि कंचनपुर में इसका उद्घाटन शिक्षक दीपक कुमार एवं निरंजन कुमार ने संयुक्त रूप से किया और मटका को बिट्टू कुमार ने फोड़ा। युवकों ने मटका फोड़ने से पूर्व टोली बनाकर रंग अबीर खेलते हुए गांव का भ्रमण किया। साथ ही मटका फोड़ अखाड़े पर आकर युवकों ने एक दूसरे के कंधे में चढ़कर मटका फोड़ा। एक दूसरे को रंग अबीर लगाकर होली की बधाई दी। मौके पर पंकज यादव, चितरंजन कुमार, विकास कुमार सहित कई लोगों ने भाग लिया।

## कन्हैया के नेतृत्व में भितिहरवा के गांधी आश्रम से हुई कांग्रेस की 'पलायन रोको, नौकरी दो' यात्रा की शुरूआत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेतिया/पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस की बढ़ती सक्रियता के बीच रविवार को कन्हैया कुमार के नेतृत्व में 'पलायन रोको, नौकरी दो यात्रा' शुरू हो गई। कन्हैया कुमार ने यह यात्रा पश्चिम चंपारण के भितिहरवा गांधी आश्रम से शुरू की है जो विभिन्न जिलों से होते हुए पटना आकर खत्म होगी। इस यात्रा में कांग्रेस के बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरु भी शामिल हो रहे हैं। यह यात्रा 24 दिन चलेगी। इसका उद्देश्य बिहार में रोजगार की कमी और युवाओं के मुद्दों के साथ ही लोगों के पलायन को मुद्दा बनाना और सूबे की एनडीए सरकार के खिलाफ जनमानस तैयार करना है। बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह और बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरु ने रविवार को बेतिया में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि आज बिहार की जनता के मुद्दों को लेकर यह यात्रा भितिहरवा गांधी आश्रम से प्रारंभ की गई है। यह यात्रा पूरे बिहार में महंगाई, पेपर लीक, भ्रष्टाचार और मजदूरों के पलायन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को जनता के समक्ष लाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार में अपराध की स्थिति भी अत्यधिक गंभीर है और राज्य सरकार इन समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रही है। नेता द्वय ने कहा कि डबल इंजन की सरकार हर मोर्चे पर फेल है। चुनाव के समय सरकार को नौकरी की याद आती है] लेकिन पेपर लीक कांड, बढ़ते अपराध, बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी के साथ-साथ जनता से किए हुए वादे पर सरकार फेल नजर आती है। इस बीच जानकारों का कहना है कि कांग्रेस अपनी यात्रा के माध्यम से अपने संगठन को मजबूत करने में जुटी है। कांग्रेस के नेता लोगों से यात्रा के माध्यम से मुलाकात करेंगे उनसे फीडबैक लेंगे। 2025 के विधानसभा चुनाव में जनता के मुद्दे को भटकाया नहीं जाए, इसलिए कांग्रेस विपक्षी पार्टी होने के नाते लोगों के बीच में जाकर सरकार की विफलताओं को गिना रही है। दरअसल, बिहार में कांग्रेस बीते तीन दशक में लगातार कमजोर होती गई है। अब कांग्रेस खुद को खड़ा करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रही है। राजनीति के जानकारों के अनुसार इस यात्रा के जरिए महागठबंधन में कांग्रेस की धमक जहां बढ़ेगी, वहीं इस यात्रा के जरिए बिहार के युवाओं को साधने का प्रयास किया जा रहा है। कहा तो यह भी जा रहा है कि कांग्रेस पार्टी बिहार की राजनीति में कन्हैया कुमार को मजबूती से लॉन्च करने की तैयारी कर रही है। राजनीतिक हलकों में इस यात्रा को बिहार की राजनीति में कन्हैया कुमार की वापसी के रूप में भी देखा जा रहा है।

CMYK

# दो अपहृत युवक सकुशल बरामद पांच आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** बिंद थाना क्षेत्र में आधी रात को हुई एक सनसनीखेज अपहरण की घटना में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो अपहृत व्यक्तियों को सकुशल बरामद किया है। घटना में शामिल पांच आरोपियों को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना की शुरुआत तब हुई जब अमावां गांव के निवासी ललन यादव के पुत्र सोनू कुमार ने स्थानीय थाने में शिकायत दर्ज कराई कि दीपनगर थाना क्षेत्र के गोलापुर निवासी कुंदन कुमार और चार अन्य अज्ञात व्यक्तियों ने मिलकर उनके पिता ललन यादव व चाचा सुरेन्द्र यादव को जबरन स्कॉर्पियो गाड़ी में बैठाकर जान मारने के नियत से अपहरण कर लिया है। जहां स्थानीय थाना पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मात्र दो घंटे के भीतर अपहृत सुरेन्द्र यादव और ललन यादव को अस्थावां थाना क्षेत्र के एक निजी अस्पताल के ग्राउंड फ्लोर से सुरक्षित बरामद कर लिया। पुलिस ने अपहरण में शामिल पांच आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान लखीसराय जिले के सूर्यगढ़ा थाना क्षेत्र के चंदनपुर गांव निवासी अमरजीत कुमार, समशेर यादव, चालसी कुमार, लखीसराय थाना क्षेत्र के रेहूआ गांव निवासी रोहित कुमार व नालंदा जिले के दीपनगर थाना क्षेत्र के गोलापुर निवासी कुंदन कुमार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष चंदन कुमार सिंह ने बताया कि अस्थावां थाना अंतर्गत एक निजी अस्पताल के ग्राउंड फ्लोर से अपहृत दोनों युवक को सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस ने अपराध में इस्तेमाल की गई स्कॉर्पियो नंबर बीआर 53 एच 2479 को भी जब्त कर लिया है। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों को कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।




## धमौल में मटका फोड़ होली की रही धूम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां।** धमौल में होली के मौके पर रविवार को मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पूरे गांव में रंग-गुलाल उड़ते रहे और होली की मस्ती में लोग झूमते नजर आए। मटका फोड़ को लेकर सैकड़ों की संख्या में युवा रंग-अबीर लेकर बाजार में निकले। इस दौरान विभिन्न जगहों पर लटके मटके को फोड़ने के लिए पिरामिड बनाते हुए मटका फोड़ा। इस दौरान लोगों द्वारा रंगों की बौछार कर दी गई। मटका फूटते ही रंग और गुलाल उड़ाकर खुशी मनाई गई। पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहा, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। आयोजकों ने बताया कि हर साल इस तरह के आयोजन से गांव में भाईचारे और प्रेम को बढ़ावा मिलता है। देर शाम तक धमौल में होली की धूम बनी रही। वहीं, पकरीबरावां बाजार में सुरक्षा के बीच झुमटा निकाला गया।

# दो पक्षों के बीच झड़प, दस गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

कौआकोल। प्रखण्ड के सोखोदेवरा गांव में होली पर्व के बीच दो पक्षों में आपसी विवाद हो गया। जिसके बाद स्थिति काफी तनावपूर्ण हो गई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए नवादा के डीएम रवि प्रकाश एवं एसपी अभिनव धीमान को स्वयं कमान आधी रात में कमान सम्भालनी पड़ी। फिलहाल गांव में स्थिति तनावपूर्ण लेकिन पूरी तरह प्रशासनिक पकड़ व नियंत्रण में है। गांव में काफी मात्रा में पुलिस बलों की तैनाती की गई है। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पुलिस संवेदनशील है। पकरीबरावां एसडीपीओ महेश चौधरी के मुताबिक 15 मार्च को प्रशासन की मौजूदगी में दो पक्षों में रोड़ेबाजी की घटना घटित हो गई। जिसमें एक पुलिस पदाधिकारी पीटीसी रंजीत रंजन आंशिक रुप से घायल भी हो गए। जिसके बाद जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दोनों पक्षों से दस लोगों को हिरासत में लेकर कौआकोल थाना ले आई। उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों में होली के एक दिन पूर्व शुक्रवार को भी सीसीटीवी कैमरा लगाने को लेकर विवाद हुआ था। परंतु प्रशासन द्वारा उसे सुलझा लिया गया। जिसके बाद पुनः शनिवार की शाम को विवाद उत्पन्न हो गया। थानाध्यक्ष दीपक कुमार के अनुसार पर्व में अशांति फैलाने सहित विभिन्न मामलों में प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार सभी आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। रविवार को कौआकोल थाना परिसर में दोनों पक्षों के गणमान्य लोगों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में शांति समिति की बैठक भी आयोजित की गई। कौआकोल बीडीओ डॉ. अखिलेश कुमार, सीओ मनीष कुमार, थानाध्यक्ष दीपक कुमार, अपर थानाध्यक्ष सरोज कुमार, एएसआई अर्जुन राम सहित अन्य पुलिस अधिकारी घटना पर पूरी तरह नजर रखे हुए हैं।



# अबीर लगाने को लेकर विवाद में दो गुटों में झड़प, आधा दर्जन लोग घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां।** धमौल थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ी गुलनी गांव में अबीर लगाने को लेकर हुई झड़प में आधा दर्जन लोग घायल हो गए। बताया जाता है कि होली के दौरान एक युवती को अबीर लगाने पर उसके परिजनों द्वारा युवक से मारपीट का मामला शनिवार को दो गुटों के बीच झड़प में बदल गई। घटना में करीब आधा दर्जन लोग घायल एवं चोटिल हो गए, जिनमें से एक युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है, लेकिन पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार की संध्या करीब 7 बजे गांव में होली के दौरान जगन्नाथ पासवान के पुत्र सौरव कुमार ने गांव के दूसरे समाज की एक लड़की को अबीर लगा दी, जिस पर लड़की के परिजन भड़क गए और युवक के साथ मारपीट की। शनिवार की सुबह युवक के पिता कुछ लोगों के साथ आरोपित पक्ष के पास बेटे के साथ हुई मारपीट की बात लेकर पहुंचे। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए। पहले तीखी बहस हुई और फिर हाथापाई शुरू हो गई। थोड़ी ही देर में मामला हिंसक झड़प में बदल गया, जिसमें लाठी-डंडे भी चले। इस झड़प में दोनों पक्षों से करीब आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं। कुछ घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पकरीबरावां में भर्ती कराया गया है। गंभीर रूप से घायल रघुनंदन यादव के पुत्र 15 वर्षीय हर्षित कुमार को नवादा रेफर किया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। सूचना मिलते ही धमौल पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। स्थानीय प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। घटना के बाद गांव में तनाव है, लेकिन पुलिस की सतर्कता के चलते माहौल धीरे-धीरे सामान्य हो रहा है। थानाध्यक्ष हिमांशु पप्पू ने बताया कि अबीर लगाने को लेकर विवाद हुआ था। दो-तीन लोग घायल हैं। एक पक्ष से आवेदन प्राप्त हुआ है। जगन्नाथ पासवान ने 13 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है।



## डूबने से युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां थाना क्षेत्र के कबला गांव में शनिवार को तालाब में डूबने से पारस कुमार सिंह के 18 वर्षीय पुत्र पीयूष कुमार की मौत हो गई। लोगों ने बताया कि मृतक भैस धोने के लिए तालाब में प्रवेश किया था। उसके पिता भी उसके साथ थे। उसके पिता तालाब में स्नान कर बाहर निकल गए। युवक थोड़ी देर के बाद आने की बात कह पिता को घर भेज दिया। स्नान करने के दौरान वह डूब गया और डूबने से उसकी मौत हो गई। लगभग दो घंटे के बाद उसकी लाश को लोगों ने तालाब में देखा। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेज दिया है।

# पैसे मांगने पर मारी गोली, पटना रेफर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिले के नारदीगंज थाना के चरना चातर गांव से एक बड़ी खबर निकल कर सामने आ रही है। जहां बकाए की राशि मांगने पर घर से बुलाकर एक युवक को गोली मारकर घायल कर दिया गया है। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल व्याप्त है। गोली बारी की घटना में घायल की पहचान यदुनंदन चौहान के पुत्र कमलेश चौहान के रूप में की गई है। घटना को लेकर घायल युवक के पिता यदुनंदन चौहान ने बताया कि उनके बेटे से गांव के एक युवक ने 14 हजार रुपए कर्ज लिया था। जिसका बकाया उनका पुत्र आरोपी से मांग रहा था जिसे लेकर आरोपित द्वारा उनके बेटे को कॉल कर घर से बाहर बुलाकर गोली मार दिया गया। इधर घटना को लेकर नारदीगंज थानाध्यक्ष प्रभा कुमारी ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही नारदीगंज पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर घायल को उठाकर प्राथमिक इलाज के उपरांत सदर अस्पताल नवादा लाया गया है। जहां उन्हें रेफर कर दिया गया है। परिवार के लोग गोली मारने का आरोप लगा रहे हैं घटना को लेकर फोरेंसिक टीम बुलाया गया है। मामले में एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। पूछताछ की जा रही है। समाचार प्रेषण तक घायल की स्थिति नाजुक बनी हुई है। इधर दूसरी ओर एसडीपीओ 2 सुनील कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि यदुनंदन चौहान के पुत्र कमलेश कुमार को गोली मार कर घायल किया गया है। घायल को सदर अस्पताल से पटना रेफर किया गया है। प्रथम दृष्टया यह भूमि विवाद से जुडा मामला सामने आ रहा है। घटना के बाद आरोपित की गिरफ्तारी के लिए छोपमारी की जा रही है। आरोपित परिवार के साथ घर छोड़कर फरार हो गए हैं।



# जन्मदिन पर 25वीं बार किया रक्तदान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** रविवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस ब्रिगेड के अध्यक्ष व वरिष्ठ समाज सेवी मनीष कुमार सिन्हा ने अपने जन्मदिन पर हर साल की भांति इस साल भी ब्लड डोनेशन किया। यह उनका 25वां ब्लड डोनेशन है, और आज मगध की पारंपरिक बुढ़वा होली का त्योहार भी है। समाजसेवी मनीष कुमार सिन्हा ने बुढ़वा होली पर भी लोगों को शुभकामनाएं दी और बताया कि पिछले 10 सालों से ब्लड डोनेशन कर रहे हैं और अभी तक 800 से ज्यादा लोगों को मोटिवेट करके ब्लड डोनेशन करवाया है । लोगों की जान बचाने में अपना अहम योगदान दिया। मनीष सिन्हा ने बताया कि ब्लड के अभाव में किसी भी व्यक्ति की जान ना जाए इसके लिए वह उनकी टीम और ऐसे कई समाज सेबी सदर अस्पताल में भरपूर प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ा अगर कोई धर्म है तो वह मानव सेवा, मानवता और इंसानियत के क्षेत्र में जितना हो सकेगा उतना करने का प्रयास हम करेंगे। इस ब्लड डोनेशन के समय संस्था के आर्यन सिन्हा आदि लोग मौजूद थे। सभी ने एक सुर में कहा कि जितना हो सकेगा उतना लोगों के लिए प्रयास करेंगे।



## आपसी विवाद में मारपीट आधा दर्जन लोग घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां।** थाना क्षेत्र के दत्तरौल गांव में शनिवार की देर शाम को हुई मारपीट एवं रोड़ेबाजी में आधा दर्जन लोग घायल हो गए। इस संबंध में मिथलेश मांझी ने आठ लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। बताया गया है कि मुकेश पासवान, सन्नी पासवान, उदय पासवान, टमाटर पासवान, राधे पासवान, पंकज पासवान, प्रिंस पासवान एवं कवि पासवान पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया जाता है कि शनिवार की दोपहर को होली खेलने के दौरान कपड़ा फाड़ देने को लेकर दो गुटों में विवाद बढ़ गया। स्थानीय लोगों के मध्यस्थता से उस समय मामला को शांत करा दिया गया।

# छिटपुट घटनाओं को छोड़ रंगों का त्योहार होली पर्व शांति पूर्वक संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** रंग, गुलाल व आपसी प्रेम सौहार्द का पर्व होली कौआकोल में छिटपुट घटनाओं के बीच शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो गया। प्रखण्ड के कुछ स्थानों पर आंशिक रूप से मारपीट की घटनाएं घटित हुई। वहीं प्रशासन के सारे दावा को धत्ता बताते हुए लोगों ने जमकर शराब पीया। प्रदेश में पूर्ण शराबबंदी होने के बावजूद लोगों के घरों तक आसानी से शराब पहुंचा। प्रखण्ड के विभिन्न गांवों में गुरुवार की देर रात्रि होलिका दहन जबकि शनिवार को परम्परागत ढंग से लोगों ने होली खेली। प्रखण्ड के सोखोदेवरा गांव में दो पक्षों के बीच हुई रोड़ेबाजी की घटना घटित होने के बाद हरकत में आई पुलिस ने दस उपद्रवियों को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। वहीं प्रखण्ड के मननपुर गांव में निवर्तमान पैक्स अध्यक्ष अरविंद साव, मुखिया गोपाल साव एवं पूर्व मुखिया प्रत्याशी ज्योतिष कुमार के स्वजनों के बीच आपसी मारपीट की घटना में कई लोगों के घायल होने की सूचना है। प्रखण्ड के खैरा, बरियारपुर आदि गांवों में भी आंशिक रूप से मारपीट की घटनाएं घटित होने का मामला प्रकाश में आया है।

## उल्लास के साथ मनाया गया रंगों का त्योहार होली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां में रंगों का त्योहार होली उल्लास के साथ मनाया गया। 13 मार्च की रात्रि को प्रखण्ड के विभिन्न स्थानों पर सुरक्षा के बीच होलिका दहन कार्यक्रम हुआ। 14 मार्च को कुछ जगहों पर होली मनाई गई, पर अधिकांश जगहों पर 15 मार्च को होली मनाई गई। शनिवार की अहले सुबह कीचड़ वाली होली शुरू हुई। प्रखण्ड के विभिन्न गांवों में ढोल, झाल एवं अन्य वाद्य यंत्रों के साथ लोग होली गाते गांव में भ्रमण किए। कीचड़ वाली होली के बाद रंगों की होली शुरू हुई। शाम के चार बजे से लोग अबीर लगाकर एक-दूसरे को होली की बधाई दी। कई जगहों पर कुर्ता फाड़ होली भी खेली गई। होली को लेकर युवाओं एवं बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। होली के गानों पर लोग थिरकते देखे गए।



# सड़क हादसे में दो की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** दीपनगर थाना क्षेत्र के सकरौल गांव के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गयी। मृतक महानंदपुर गांव निवासी स्व. जागो साव का पुत्र देवा साव है। परिजनों ने बताया कि घर लौटने के दौरान हादसा हुआ। थानाध्यक्ष जितेंद्र राम ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। दुसरी ओर बिंद थाना क्षेत्र के बिहटा-सरमेरा मार्ग पर कथराही गांव के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गयी। मृतक जतन साव का पुत्र रवि कुमार है। परिजनों ने बताया कि किसी काम से घर से बाहर गए थे। पुलिस को सड़क पर बेहोशी की हालत में मिले। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिए। थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया गया है। अज्ञात वाहन की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

## ट्रेन के आगे कूद कर बुजुर्ग ने दी जान

**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चेरो ओपी के खरुआरा हॉल्ट के समीप घरेलू कलह से आहत एक बुजुर्ग ने ट्रेन के आगे कूद कर जान दे दिया। मृतक विरजू मिल गांव निवासी स्व जगु मांझी का पुत्र गोपी मांझी है। परिवार वालों ने बताया कि दो दिन पहले बेटे से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद वे घर से बाहर निकल गए थे। इसी दौरान मौत की सूचना मिली। थानाध्यक्ष विकेश कुमार ने बताया कि घरेलू विवाद में बुजुर्ग गुस्से में घर से निकल गए थे। संभावना व्यक्त की जा रही है कि मालगाड़ी से कट कर आत्महत्या कर लिए हैं।

# नवादा में हर्षोल्लास के साथ मना रंगों का त्योहार होली

डॉ पंकज कुमार सिन्हा/नबिटा ब्यूरो

**नवादा।** रंगों का त्योहार नवादा जिले में प्रशासनिक चुस्त व्यवस्था के कारण छिटपुट घटनाओं को नजर अंदाज कर दिया जाए तो शांतिपूर्ण संपन्न हो गया । लगभग चार दिनों तक चलने वाले रंग उत्सव का त्योहार होली में लोगों ने जमकर मस्ती की। होलिका दहन से लेकर बुढ़वा होली तक काफी मस्ती देखने को मिली। हर लोग होली के रंग में रंगे दिखे। प्रशासन की ओर से जगह-जगह पर चुस्त-दुरुस्त व्यवस्था की गई थी , जिसके कारण कोई अप्रिय घटना नहीं हो सकी । शुक्रवार को जुम्मा और होली का त्यौहार रहने के बावजूद इस तरह की कोई अप्रिय घटना नहीं हुई । कौवाकोल में एक घटना को छोड़ दिया जाए तो बाकी जगहों पर शांतिपूर्वक त्यौहार संपन्न हुआ है । ना कहीं जोर जबरदस्ती और ना किसी पर दबाव बनाकर रंग अवीर लगाने की घटना हुई है । हर प्रखंडों से प्रायः शांतिपूर्ण होली का त्यौहार मनाने की खबर आई है । होलिका दहन के बाद रंगोत्सव और बुढ़वा होली मगध की पारंपरिक होली है । इसमें भी लोग ढोल मंजीरा झाल पर होली गाते हुए इसका समापन करते हैं। शनिवार को नवादा जिले में होली का त्योहार काफी धूमधाम और हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। हर लोग अपने-अपने परिवार के साथ घरों में एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर नए साल की शुभकामनाएं और बधाई दी । हिंदी कैलेंडर वर्ष के अनुसार नए साल की शुरुआत पर होली का त्यौहार मनाया जाता है। प्रशासन की ओर से जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती की गई थी । होली की उमंग जगह-जगह देखने को मिली । सड़कों पर सन्नाटा रहा लेकिन होली का उत्सव ऐसा दिखा की हर लोग झूमते नजर आए। एक दूसरे को बधाई देते नजर आए। घरों में भी महिलाएं अपने परिवार के साथ काफी कुशलतापूर्वक होली का त्योहार मनाई।

**वहीं नारदीगंज संवाददाता ने बताया कि**

नारदीगंज प्रखंड के विभिन्न गांवों में होली पर्व शनिवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर लोगों ने एक दूसरे को कादो मिट्टी व रंग, अबीर-गुलाल लगाकर पर्व की शुभकामनाएं दी। पर्व के दौरान कई गांवों में हल्की झपड़ होकर ही रह गयी। समझौते के बाद आपसी भाईचारा के साथ लोगों ने होली पर्व को मनाया। पर्व को लेकर सुबह से लोग इसकी तैयारी में जुट गये। परम्परागत तरीके से होली पर्व मनाया गया। बच्चे व महिलाओं ने भी परम्परागत तरीके से होली पर्व मनाया। सब लोगों में काफी उत्साह देखा गया। थानाध्यक्ष प्रभा कुमारी ने बताया रंगों का पर्व होली शांतिपूर्ण तरीके सम्पन्न हुआ।


**होली के रंगों में डूबा रहा नालंदा**

**बिहारशरीफ।** होली के रंग में पूरा नालंदा सराबोर हो चुका है। जिले में होली का जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। खासकर युवाओं में इस पर्व को लेकर गजब की उमंग है। रंग-गुलाल के साथ ही इस बार कुर्ता फाड़ और कीचड़ भरी होली का अनोखा नजारा देखने को मिला। शहर के विभिन्न इलाकों में युवा टोली बनाकर जमकर होली खेल रहे हैं। रंगों की बौछार के साथ ही कुर्ता फाड़ने की परंपरा को भी निभाया जा रहा है, जिससे माहौल और भी रोमांचक हो गया। कुछ जगहों पर लोगों ने कीचड़ में भी होली खेलकर इस त्यौहार का अनोखा रंग दिखाया। होली के जश्न के बीच जिले का प्रशासन भी सतर्क है। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है। मुख्य चौक-चौराहों और संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

# छेड़छाड़ का विरोध करने पर आरोपित ने पीड़िता के पति के पेट में मारा चाकू, प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** थाना क्षेत्र के ढाब गांव में एक महिला के साथ छेड़छाड़ का विरोध करने पर आरोपित द्वारा उसके पति के पेट में चाकू मारकर घायल कर दिया। पीड़िता ढाब गांव निवासी बब्लू कुमार यादव की पत्नी बबीता कुमारी ने बताई कि बीते 14 मार्च की दोपहर 3 बजे गोबर फेंकने खेत की ओर जा रही थी। इसी बीच ढाब पुल के नजदीक नशे में धुत ढाब गांव के ही गणेश यादव के पुत्र विकास कुमार एवं स्व सोहर यादव के पुत्र गणेश यादव सामने से आ रहा था। मुझे देखते ही विकास कुमार मेरे साथ अश्लील हरकत करने लगा,जिसका विरोध करने पर गणेश यादव अपने बेटे को मना करने के बजाय भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए अपने बेटे को मारपीट करने के लिए उसकाने लगा। हल्ला होने पर मेरे पति बब्लू कुमार यादव स्थल पर पहुंचे,तो उनके पेट में गणेश यादव ने चाकू घोंपकर जख्मी कर दिया।साथ ही मेरे पुत्र को विकास द्वारा जख्मी कर दिया गया। पीड़िता ने कहा कि घटना को लेकर थाना में लिखित आवेदन देकर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई है। इस बाबत थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि पीड़ित महिला के द्वारा लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है। आवेदन को लेकर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। वहीं पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जुटी हुई है।



# यात्री बस से घर आ रहे तीन लोग शराब के साथ गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददता

रजौली। थाना क्षेत्र के चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद बलों ने यात्री बस में शराब के साथ सफर करने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार किया साथ ही चार बोतल शराब जब्त किया। होली के मद्देनजर उत्पाद इंस्पेक्टर बब्लू कुमार के नेतृत्व में झारखंड की ओर से आनेवाली प्रत्येक छोटी एवं बड़ी वाहनों की सघन जांच की जा रही थी। इस दौरान शराब के कई खेंप को पकड़ी गई एवं शराब धंधेबाजों को गिरफ्तार किया गया। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि जांच चौकी पर उत्पाद एएसआई राकेश कुमार द्वारा मोहित बस संख्या बीआर04पीए7419 पर सवार सारण जिले के बनियापुर थाना क्षेत्र के अमाव गांव निवासी रामलाल यादव के पुत्र सुभाष यादव के पास से बी7 नामक विदेशी शराब के 375 एमएल वाला एक बोतल बरामद किया गया। वहीं दूसरी ओर श्री विष्णु रथ बस संख्या बीआर21पी5365 पर सवार नालंदा जिले के दीपनगर थाना क्षेत्र के महल पर निवासी स्व अमृत केवट के पुत्र विजय केवट के पास से दो लीटर अवैध चलाई शराब एवं नूरसराय थाना क्षेत्र के दरूआरा गांव निवासी दिनेश रविदास के पुत्र दीपक कुमार के पास से रम के 750 एमएल वाले दो बोतल व बी7 के 750 एमएल वाले एक बोतल शराब बरामद किया गया। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि जब्त शराब एवं गिरफ्तार लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज के जेल भेज दिया गया है। इस मौके पर उत्पाद सिपाही एवं गृहरक्षक के जवान मौजूद रहे।

# पुलिस टीम पर उपद्रवियों ने किया हमला, दो पुलिसकर्मी घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** थाना क्षेत्र के लेंगुरा पंचायत के तुलसी बिगहा गांव में पत्नी के द्वारा थाने में शिकायत करने के बाद जांच में गई पुलिस टीम पर उपद्रवियों ने हमला कर दिया। इस हमले में दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। वहीं उपद्रवियों द्वारा पथराव करके थाना के सरकारी वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। घटना को लेकर एसडीपीओ गुलशन कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने 8 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ ने बताया कि तुलसी बिगहा गांव निवासी विरु यादव की पत्नी ऊषा देवी अपने पति और सास से परेशान होकर 15 मार्च को थाना परिसर पहुंचकर लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई थी। मामले का सत्यापन एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई को लेकर रजौली थाने में पदस्थापित एसआई सत्येंद्र सिंह एवं पीटीसी सुरेन्द्र राम के साथ सशस्त्र पुलिस बलों को तुलसी बिगहा गांव भेजा गया। गांव पहुंचकर पुलिस बलों ने परिजनों को समझाने का भरपूर प्रयास किया गया, इसी बीच पीड़ित महिला को देखते ही गांव वाले उग्र हो गए और पुलिस टीम पर हमला कर दिए। पुलिस टीम में हुए हमले में पीटीसी सुरेन्द्र राम का सिर फट गया व एसआई सत्येंद्र सिंह भी घायल हो गए। घायलों का इलाज शनिवार की रात्रि लगभग 10 बजे अनुमंडलीय अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. अनुज कुमार के द्वारा किया गया।पुलिस टीम पर हमले के दौरान उपद्रवियों द्वारा सशस्त्र पुलिस बलों से उनके रायफल भी छीनने का प्रयास किया गया। घटना की सूचना पाकर एसडीपीओ गुलशन कुमार एवं थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार घटनास्थल पर पहुंचे। वहीं एसडीपीओ के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा छापेमारी कर आठ उपद्रवियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार लोगों की पहचान तुलसी बिगहा गांव निवासी विंदेश्वरी यादव के पुत्र वीरु यादव व छोटू कुमार, महावीर यादव के पुत्र भोला यादव, कपिल यादव के पुत्र बिरजू यादव, लुफर यादव के पुत्र सहदेव यादव, तिलकधारी यादव के पुत्र अमीरक यादव, विंदेश्वरी यादव की पत्नी सावली देवी एवं विंदेश्वरी यादव का दामाद प्रिंस कुमार, जो अकबरपुर थाना क्षेत्र के पाती गांव निवासी सुनील प्रसाद यादव का पुत्र है।




CMYK

# किसानों को पैदावार बढ़ाने के लिए आईसीएसएसआर से 15 लाख का अनुदान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी(गया)।** दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के जियोग्राफी विभाग एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मंजीत सिंह को एक जिला, एक फसल- गया जिले में किसानों की आय को दोगुना करना और सतत आजीविका शीर्षक पर शोध के लिए भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) से 15 लाख राशि की वित्तपोषित परियोजना प्राप्त हुई है। यह परियोजना गया जिले के किसानों की आय और आजीविका को बढ़ाने पर केंद्रित है जिसमें क्षेत्र की कृषि परिस्थितियों और बाजार की मांग के अनुरूप एक विशेष फसल को बढ़ावा दिया जाएगा। आईसीएसएसआर से शोध अनुदान प्राप्त होने पर कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह, कुलसचिव प्रो. नरेंद्र कुमार राणा एवं जियोग्राफी विभाग के अध्यक्ष तथा अन्य प्राध्यापकों ने बधाई दी है। जन सम्पर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने रविवार को बताया कि प्रोजेक्ट निदेशक डॉ. मंजीत सिंह के साथ इस परियोजना में सह-प्रोजेक्ट निदेशक के रूप में डॉ. जोगिंदर सिंह चौहान (सहायक प्रोफेसर, जियोग्राफी) भी जुड़े हैं, जो इस परियोजना के कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। विस्तृत जानकारी देते हुए प्रोजेक्ट निदेशक डॉ. मंजीत सिंह ने बताया कि यह शोध पहल गया जिले के किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, प्रशिक्षण प्रदान करने और बाजारों तक पहुंच सुधारने के माध्यम से उनकी आर्थिक स्थिरता बढ़ाने का उद्देश्य रखती है। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य किसानों की आय को दोगुना करना है एवं यह सुनिश्चित करना है कि कृषि प्रथाएं सतत रूप से भविष्य पीढ़ियों के लिए बनाए रखी जा सके। डॉ. सिंह ने कहा कि यह परियोजना किसानों को आवश्यक ज्ञान और उपकरण प्रदान करने का उद्देश्य रखती है, ताकि वे अपनी उत्पादकता और आय को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ा सकें और उनकी आजीविका समृद्ध और स्थायी हो एक जिला, एक फसल परियोजना गया जिले के किसानों को उनकी कृषि प्रथाओं को अनुकूलित करने, लागत को कम करने और फसल उत्पादन को बढ़ाने में मदद करेगी। यह परियोजना एक ऐसी फसल पर ध्यान केंद्रित करेगी जो स्थानीय पर्यावरण में बेहतर उगती है और इसके माध्यम से एक स्थायी मॉडल तैयार किया जाएगा जिसे देश के अन्य क्षेत्रों में भी लागू किया जा सके। यह परियोजना गया जिले की कृषि अर्थव्यवस्था को सुधारने और दीर्घकालीन, सतत विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# मुंगेर में एएसआई की हत्या पर मंत्री का आदेश, कानून तोड़ने वालों को मिलेगी कड़ी सजा

### निर्मम हत्या पर सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने दी कड़ी प्रतिक्रिया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** मुंगेर जिले में एएसआई संतोष कुमार की निर्मम हत्या पर सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि बिहार में कानून का राज है और अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। मंत्री ने साफ कहा कि जो भी कानून तोड़ेगा, उसे स्पीडी ट्रायल कराकर जल्द से जल्द सजा दिलाई जाएगी। कोई भी कानून अपने हाथ में नहीं ले सकता। मुंगेर में एएसआई की हत्या बेहद निंदनीय है। दोषियों को चिन्हित कर कठोर कार्रवाई होगी, उन्होंने चेतावनी दी। घटना शुक्रवार की रात की है। शराब पीकर हंगामे की सूचना पर एएसआई संतोष कुमार अपनी टीम के साथ आईटीसी नंदलालपुर गांव पहुंचे थे लेकिन वहां मौजूद असामाजिक तत्वों ने उन पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। कई बार सिर पर वार किया गया। डॉक्टरों के मुताबिक सिर में 8 गहरी चोटें थीं, खोपड़ी की हड्डी तक टूट गई थी। इतना ही नहीं अपराधियों ने जख्मी एएसआई को 20 मीटर तक घसीटा। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस टीम जब तक संभलती, हमलावर फरार हो चुके थे। मंत्री प्रेम कुमार ने भरोसा दिलाया कि दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर स्पीडी ट्रायल के तहत कड़ी सजा दी जाएगी। पुलिस प्रशासन कानून-व्यवस्था बनाए रखने में जुटा है, लेकिन जो इसे तोड़ने की कोशिश करेगा, वह खुद टूट जाएगा। मुंगेर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है। कई संदिग्धों से पूछताछ जारी है।

# उत्पाद विभाग की टीम ने दो पिकअप व अंग्रेजी शराब की जब्त

### दोनों पिकअप पर लोड 265 कार्टन में थी 5472 बोतल अंग्रेजी शराब व बियर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जिले के फतेहपुर में उत्पाद विभाग की टीम ने दो पिकअप अंग्रेजी शराब जब्त की है। जब्त दोनों पिकअप पर लोड 265 कार्टन में 5472 बोतल अंग्रेजी शराब व बियर भरा था। शराब की यह बड़ी खेप झारखंड से तस्करी कर लाया जा रहा था। हालांकि शराब तस्कर मौके से भागने में सफल रहा जिसके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। सहायक उत्पाद आयुक्त प्रियरंजन ने बताया कि होली पर्व के अवसर पर टीम गठित कर शराब की तस्करी व व्यापार के खिलाफ विशेष समकालीन अभियान चलाया गया। इसी दौरान शनिवार को देर शाम में झारखंड इलाके से दो पिकअप से भारी मात्रा में शराब की तस्करी कर फतेहपुर के रास्ते गया टाउन ले जाने की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना पर तत्काल उत्पाद विभाग की गठित टीम को भेजा गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए फतेहपुर-डुमरीचट्टी मुख्य सड़क में स्थित फतेहपुर थाना क्षेत्र के चमरूचक माली टोला के पास से शराब लदी दोनों पिकअप वाहन को पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि पकड़े गए दोनों पिकअप वाहनों की जांच करने पर उसमें से 265 कार्टन में भरे 5472 बोतल अंग्रेजी शराब व बियर बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि पुलिस की वाहन को देख शराब तस्कर मौके से भाग निकला। शराब के अवैध व्यापार में संलिप्त शराब तस्करों की पहचान कर ली गई है। इनमें रंजीत यादव ग्राम बगई थाना गुरपा, सतीश कुमार ग्राम गंभरी, विकास साव व रजनीश कुमार उर्फ गांधी दोनों ग्राम डुमरीचट्टी थाना फतेहपुर व उदय कुमार ग्राम आसुराइन थाना टनकुप्पा शामिल है। इन सभी शराब तस्करों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उन सभी की गिरफ्तारी की कार्रवाई की जा रही है। इस अभियान में उत्पाद निरीक्षक उमेश चंद्र राय, सअनि राजेश कुमार, जवान विजय कुमार, विकास कुमार आदि रहे।

दूसरी ओर मानपुर संवाददाता के अनुसार मानपुर के मुफस्सिल थाने की पुलिस ने शुक्रवार को 890 देसी व 76 बोतल 34 लीटर विदेशी शराब मानपुर रेलवे स्टेशन के पास जब्त की जबकि शराब धंधेबाज भागने में सफल रहा। एसएचओ रघुनाथ प्रसाद ने बताया कि गोपनीय सूचना के आधार पर एडिशनल एसएचओ शशि भूषण प्रसाद व अन्य अधिकारियों के साथ स्टेशन के बाहर पुलिस देखते ही धंधेबाज शराब छोड़कर भाग गए थे। पकड़े गए देसी शराब 890 लीटर व विदेशी शराब 76 बोतल शामिल है।

## हुड़दंग और मारपीट करने वालों पर पुलिस ने की कार्रवाई

**बोधगया(गया)(नबिटा सं.)।** होली में हुड़दंग और मारपीट करने वालों पर पुलिस ने कार्रवाई की है। बोधगया थाना की पुलिस ने दो अलग-अलग मामले में दो नामजद आरोपितों को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया है। एक आरोपी की गिरफ्तारी बोधगया के मस्तीपुर गांव से तथा दूसरे आरोपी को पुरानी तारीडीह गांव से गिरफ्तार किया गया है। बोधगया थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर मनोज कुमार सिंह ने बताया कि आर्म्स एक्ट मामले में मस्तीपुर गांव निवासी पतिया पासवान का बेटा दीपक पासवान को गिरफ्तार किया गया है। दीपक व उसके अन्य साथियों पर आरोप है कि टीका बिगहा निवासी संतोष कुमार के साथ सभी ने गुरुवार की रात जमकर मारपीट किया।

# बिहार पथ परिवहन श्रमिक संघ की बैठक

**▶ गया प्रमंडल इकाई का गठन ▶ परिवहन श्रमिकों की समस्याओं पर चर्चा**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** स्थानीय गांधी मंडप में रविवार को बिहार पथ परिवहन श्रमिक संघ की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता नवीन कुमार ने की। बैठक में परिवहन श्रमिकों की समस्याओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।



संघ के प्रांतीय महामंत्री वीर कविन्द्र सिंह ने कहा है कि हम संगठित होकर समस्याओं को दूर करा सकते हैं। भारतीय मजदूर संघ श्रमिक हित के साथ ही राष्ट्र हित और उद्योग हित की बात करता है। बैठक को भारतीय मजदूर संघ के प्रांतीय वित्त सचिव मुकेश कुमार सिन्हा, राज्य कर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष संजय कुमार, भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष अग्निदेव प्रसाद सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष शकील अहमद, जिला मंत्री विपिन कुमार वर्मा, संयुक्त मंत्री दिलीप कुमार गुप्ता, दिनेश सिंह आदि ने सम्बोधित किया। प्रांतीय महामंत्री वीर कविन्द्र सिंह की देख-रेख में बिहार पथ परिवहन श्रमिक संघ की गया प्रमंडल इकाई का गठन किया गया। इस कमेटी में नवीन कुमार अध्यक्ष, तालिब खान एवं अजय पालित उपाध्यक्ष, जागेश्वर यादव मंत्री, अमरेंद्र कुमार सिंह व ऋषि कुमार सहायक मंत्री, कुमार मोहन शर्मा कोषाध्यक्ष, राकेश शर्मा सहायक कोषाध्यक्ष, कौशल कुमार व रमेश चौधरी संगठन मंत्री बनाये गये हैं। वहीं, रजनीकांत शर्मा, सौरव कुमार, अशोक कुमार यादव, रामजीत कुमार, मो. काशिफ, रविनंदन कुमार, विपिन कुमार, रुपेश कुमार एवं मो तालिब खान को कार्यसमिति सदस्य बनाया गया है।

# मछली पकड़ने के विवाद में मारपीट, दो युवक घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के आंती गांव के हरिजन टोला के पोखरा में मछली पकड़ने को लेकर शनिवार दोपहर हुए विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट हुई जिसमें दो युवक घायल हो गए। घायल युवक आंती गांव के मो. तारिक एवं दिनेश पासवान है। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष रंजीत कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जायजा लिया। उसके बाद मुखिया प्रतिनिधि संजय यादव भी पहुंचे। तत्पश्चात घटनास्थल पर टिकारी एसडीओ सुजीत कुमार, डीएसपी सुशांत कुमार चंचल, इंस्पेक्टर अर्जुन कुमार, बीडीओ बिपुल भारद्वाज, अंचलाधिकारी मुकेश कुमार, कोंच थानाध्यक्ष धनंजय सिंह के अलावा मो.आकिब आलम, पंचायत समिति सदस्य मुकेश कुमार, मो.हसनैन, मो.सगीर, पुण्यदेव यादव, उत्तम कुमार सहित अन्य लोग पहुंचे और दोनों पक्षों के बीच आंती थाना परिसर में करीब एक घंटे वार्ता हुई। दोनों पक्षों के लोगों ने वार्ता के बाद मिलजुल कर आपसी सौहार्द में होली मनाने का निर्णय लिया। उस बीच गया से जिला पदाधिकारी डॉ त्यागराजन एस. एम. के निर्देश पर क्यू.आर.टी. टीम गया से मौके पर आई। उसके बाद उक्त स्थल पर पुनः जांच कर शांति व्यवस्था होने के बाद लोग वापस लौट गए। घायल युवक मो.तारीक को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच एवं दिनेश पासवान को रफीगंज के निजी क्लीनिक में पहुंचाया गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि पोखरा में होली के दिन कीचड़ सफाई करने के ख्याल से कुछ युवक पोखरा में गए और कुछ मछली भी पकड़ लिया जिसे दूसरे पक्ष के लोगों ने मना किया।

## चार युवकों पर नाबालिग के साथ छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज

**गुरारू (नबिटा सं.)।** थाना क्षेत्र के पहाड़पुर गांव के चार युवकों रितु सिंह पिता मितु सिंह, निकू सिंह पिता उपेंद्र सिंह, फोनु पासवान पिता अर्जुन पासवान, अंकित सिंह पिता उमेश सिंह पर नाबालिग बहनों के साथ छेड़छाड़ करने एवं मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है। गौरतलब है कि कजरैला गांव की नाबालिग सगी दो बहनों ने उक्त युवकों पर आरोप लगाया है कि बुधवार की संध्या जब दोनों बहनें शौच को जा रही थी तो उपरोक्त युवकों ने उनके साथ छेड़छाड़ किया और विरोध तथा हल्ला करने पर मारपीट भी किया। इस संबंध में थानाध्यक्ष चाहत कुमार ने बताया कि आरोपी उक्त युवकों के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट एवं भारतीय न्याय संहिता के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही आरोपी पुलिस के गिरफ्त में होंगे।

# रंग लगाने पर दो समुदायों में पथराव, पुलिस के हस्तक्षेप से स्थिति नियंत्रित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जिले के बुनियादगंज थाना क्षेत्र में जोड़ा मस्जिद के पास रंग लगाने को लेकर दो समुदायों में झड़प हो गई। इस दौरान दोनों समुदाय के लोगों में मारपीट शुरू हुई जिसके थोड़े देर बाद रोड़ेबाजी भी होने लगी। जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची। मौके पर पुलिस के पहुंचते ही दोनों पक्षों के लोग मौके से भाग निकले। घटना शनिवार शाम की है जिसके बाद इलाके में पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार रंग डालने को लेकर दोनों पक्षों में विवाद शुरू हुआ। आसपास के लोगों ने बताया कि जोड़ा मस्जिद मुख्य मार्ग के एक ओर खगड़ी मोहल्ला है और दूसरी ओर पंडित गली। खगड़ी मोहल्ले का एक लड़का सामान लेने मुख्य सड़क पर आया था। इसी दौरान पंडित गली के कुछ युवक, जो रंग खेल रहे थे, सड़क पर आ गए। उन्होंने खगड़ी मोहल्ले के लड़के का हाथ पकड़ लिया जिससे उसके कपड़ों पर रंग लग गया। बस इसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया। लोगों ने आगे बताया कि विवाद शुरू होने के कुछ ही देर में खगड़ी मुहल्ले के युवक पंडित गली के लड़के को अपने इलाके में खींचने लगे जिससे झगड़ा बढ़ गया। दोनों ओर से लड़के जुटने लगे और अचानक पथराव शुरू हो गया जिसकी जानकारी लोगों ने स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। स्थिति को नियंत्रण में लिया गया। बवाल करने वाले युवक भाग निकले। इस घटना के बाद इलाके में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। बता दें कि कुछ दिन पहले शांति समिति की बैठक में खगड़ी मोहल्ले और पंडित गली के बीच विवाद की आशंका जताई गई थी। लोगों ने मुख्य मार्ग पर अतिरिक्त पुलिस बल की मांग भी की थी, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इस मामले में बुनियादगंज थानाध्यक्ष पवन कुमार ने बताया कि मामूली झड़प हुई थी जिसे काबू कर लिया गया है। दोनों पक्षों को समझाया जा रहा है, स्थिति पूरी तरह सामान्य है।

## 50 हजार का इनामी नक्सली गिरफ्तार

**गया (नबिटा सं.)।** जिले के गेहलौर थाना क्षेत्र के विभिन्न कांडों के फरार गया जिला का टॉप 10 में शामिल 50 हजार रुपए का इनामी नक्सली ओमप्रकाश यादव उर्फ ओमप्रकाश गौतम (42 वर्ष) को मोहड़ा से गिरफ्तार किया गया। मोहड़ा गांव पहले अतरी में था। वर्तमान समय में गेहलौर थाना में है। ओमप्रकाश पर अतरी थाना में गांव के ही रामरक्षा यादव की हत्या वर्ष 2007 मे करने, उसी परिवार के कपिल यादव की हत्या 2012 में करने के साथ-साथ 2016 में उसका मकान को डायनामाइट से उड़ानें के मामले दर्ज हैं। पुलिस कई वर्षों से इसे ढूंढ रही थी और वह पुलिस के पकड़ से दूर था। गुरुवार को गिरफ्तार किया गया और जेल भेजा गया। उक्त आशय की जानकारी अतरी थाना के प्रभारी रवि रंजन कुमार ने दी है।

# मुखिया के आवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड के आंती पंचायत के सिमरहुआ गांव में मुखिया सुनीता कुमारी के आवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन शुक्रवार को किया गया। होली मिलन समारोह का आयोजन मुखिया सुनीता देवी के द्वारा किया गया जिसमें आंती थानाध्यक्ष रंजीत कुमार, पंचायत के सभी पंचायत प्रतिनिधि सहित कई गणमान्य हिन्दू - मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भाग लिया। इस दौरान जमकर अबीर गुलाल उड़ा। एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दिया गया। सभी पंचायत प्रतिनिधि और गणमान्य लोगों ने होली के रंग में रंगे नजर आए। होली मिलन समारोह के अवसर पर मुखिया सुनीता कुमारी के द्वारा अपने आवास पर प्रीति भोज का आयोजन किया गया जिसमें एक साथ बैठकर व्यंजन का लुत्फ उठाये। मुखिया सुनीता कुमारी ने बताई कि होली आपसी भाईचारगी और एक दूसरे में प्रेम की भावना को बढ़ाने वाला पर्व है। सभी गिले शिकवे दूर कर एकजुटता के साथ पंचायत के विकास कार्य में सहभागिता निभाने की अपील लोगों से किया।

# इमामगंज में शांतिपूर्ण माहौल में मना रंगों का त्योहार होली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**इमामगंज।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव में रंगों का पर्व होली हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से साथ मनाया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने गांवों के मंदिरों में विधिवत पूजा अर्चना कर रंग अबीर चढ़ाया तथा होली खेली गई। मालूम हो कि गुरुवार की रात होलिका दहन मनायी गई। इसके दूसरे दिन शुक्रवार को आतर रहा जबकि शनिवार को होली का त्यौहार मनाया गया। वहीं शनिवार को लोगों पर फगुआ का सुमार इस कदर चढ़ा कि लोग रंगों के सरोवर में डूबे रहे। इससे गांव से बाजार तक पर्व की मस्ती का रंग छाया रहा उड़ते अनेक रंगों के बीच होली एकता के रंग में सभी को रंग गई मस्ती और जश्न के बीच लोगों ने पर्व को मनाया। सुबह से ही होली का रंग लोगों पर चढ़ गया और शाम होते-होते पूरा माहौल रंगों से सराबोर हो गया। बच्चे तो सुबह से ही रंग-गुलाल और पिचकारियां लेकर जहां गलियों में निकल गए, वहीं बुजुर्ग भी पीछे नहीं रहे। बच्चों ने एक दूसरे को रंग से सराबोर किया तो बुजुर्ग ने भी गुलाल लगा कर एक दूसरे को शुभकामनाएं दी तथा गले मिल कर गिले-शिकवे दूर किए। इसी तरह मैगरा में स्थित न्यू संत जेवियर स्कूल में भी बच्चों और शिक्षकों के बीच होली मिलन समारोह आयोजित किया गया जहां बच्चों और शिक्षकों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर एक-दूसरे बधाई दिया। वहीं रविवार को प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव में मटका फोड़ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस बीच झूमटा भी निकाली गई। हालांकि समाचार लिखे जाने तक कहीं से कोई अप्रिय घटना दुर्घटना की सूचना नहीं मिली। बता दें कि इमामगंज एसडीपीओ अमित कुमार के नेतृत्व में होली पर्व को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने को लेकर पुलिस ने फ्लैग मार्च भी करती रही जबकि नक्सल इलाकों में केंद्रीय सुरक्षा बल के द्वारा सर्च अभियान की किया जाता रहा। इस दौरान असामाजिक तत्व व हुड़दंगियों पर प्रशासन की पैनी नजर रही। एसडीपीओ अमित कुमार ने बताया कि शांति व सौहार्दपूर्ण तरीके से होली मनाने की लोगों से अपील की थी।

## गोली से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**गया(नबिटा सं.)।** मानपुर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के श्री रामपुर गांव के गोली से घायल युवक आदित्य मांझी उर्फ अजीत मांझी की पटना में इलाज के दौरान शनिवार सुबह मौत हो गई। वे करीब 27 वर्ष का था। बताया जाता है कि 5 मार्च को जमीन विवाद में अपराधियों ने युवक को पहाड़ किनारे ले जाकर पेट में गोली मार दी थी। इसके बाद युवक गोली लगे अवस्था में घर पहुंचकर परिजन को बताया। इसके बाद में घायल आदित्य के बयान पर स्थानीय थाना में एफआईआर दर्ज किया था। हालांकि इस मामले में अभी तक किसी भी गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। इससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। युवक को गोली मारने के मामले में चार लोगों को आरोपित बनाए गए है, इसमें स्थानीय थाना के श्रीरामपुर गांव के कारा मांझी, तुला मांझी, मंझौली गांव के उपेंद्र यादव व बोधगया थाना के कन्हौली गांव के पवन कुमार शामिल है।

# विवाद के बाद पिता-पुत्र ने की फायरिंग

**टिकारी(गया)(नबिटा सं.)।** मल्हेया गांव में शनिवार को होली उत्सव के दौरान हुए विवाद के बाद पिता-पुत्र ने फायरिंग कर दी। फायरिंग की घटना में ग्रामीण बाल-बाल बच गये। मामले को लेकर पीड़ित मल्हेया गांव के विक्की गुप्ता ने टिकारी थाना में शिकायत दर्ज कराई गई है। विक्की ने बताया कि खड़गपुरा ग्राम निवासी गामा यादव और उनके दोनों बेटों ने शनिवार की दोपहर लूटपाट करने के उद्देश्य से घर पर चढ़ कर हाथापाई की जाने लगी। ग्रामीणों के जुटने पर राहुल और गामा ने ग्रामीणों पर निशाना साध फायरिंग कर भागने लगा। घटना में कोई भी हताहत नहीं हुआ। विक्की ने यह भी बताया कि विगत शुक्रवार को भी राहुल कुमार गांव के एक ग्रामीण बिरजू गुप्ता से उलझ पड़ा था जिसके बाद ग्रामीणों के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ था। उसके बाद दूसरे दिन पिता पुत्र ने आकर गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया। फायरिंग की घटना के बाद ग्रामीणों ने खोखा बरामद कर पुलिस को सौंपा गया। जानकारी हो कि राहुल कुमार का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। राहुल संगीन अपराध में जेल की हवा भी खा चुका है। इस मामले में टिकारी थानाध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन कार्यालय में हर्षोल्लास से मनी होली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** रंगों का पावन पर्व होली के मौके पर राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश कार्यालय में हर्षोल्लास के साथ होली पर्व मनाया गया। इस कार्यक्रम का आयोजक प्रदेश अध्यक्ष सह भाजपा नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने किया।संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं और प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया। इस अवसर पर डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि होली न केवल रंगों का त्योहार है, बल्कि यह सामाजिक समरसता और एकता का प्रतीक भी है। यह पर्व हमें सभी भेदभाव मिटाकर प्रेम और सौहार्द को बढ़ावा देने की सीख देता है। उन्होंने कहा कि होली का रंग अमीरी-गरीबी, जात-पात, ऊंच-नीच की दीवारों को गिराकर सबको एक समान कर देता है। इस दिन हर कोई मिल-जुलकर उल्लास के साथ इस पर्व को मनाता है जिससे समाज में आपसी प्रेम और भाईचारा बढ़ता है। इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने संदेश देते हुए कहा कि हमें होली के इस पावन अवसर पर आपसी प्रेम, भाईचारे और सद्भाव को और मजबूत करने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने सभी को सुरक्षित और खुशहाल होली मनाने की शुभकामनाएं दीं। होली की बधाई और शुभकामनाएं देने वालों में भाजपा जिला पश्चिमी का अध्यक्ष प्रेम प्रकाश उर्फ चिंटू सिंह, भाजपा जिला के पूर्व उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, भाजपा नेता राणा रणजीत सिंह, पूर्व मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर, भाजपा के कोषाध्यक्ष दीपक पांडे, पूर्व महामंत्री गोपाल प्रसाद यादव, भाजपा अनुसूचित जाति प्रदेश मीडिया प्रभारी अशोक प्रसाद भारती, सुनील बंबईया, ललन कुमार, महेश यादव, बबलू गुप्ता, प्रमोद कुमार उर्फ हीरा यादव, अभिषेक कुमार, कलादेवी, प्रियंका मिश्रा, जिया वर्मा, किरण देवी, इंदू प्रजापति, खुशबू कुमारी, सारिका वर्मा, गुड़िया देवी, उपमा मैडम, जुली कुमारी, शिवांश कुमार, विजय कुमार उर्फ काला नाग आदि उपस्थित रहे।

# वजीरगंज क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मना होली का त्योहार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज(गया)।** प्रखंड क्षेत्र के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रो में रंगों का त्योहार होली हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गुरुवार की रात्रि को प्रखण्ड के विभिन्न स्थानों पर सुरक्षा के बीच होलिका दहन कार्यक्रम हुआ। शुक्रवार को आतर जाने के बाद होली कुछ फीका रहा कुछ जगहों पर होली मनाई गई, पर अधिकांश जगहों पर शनिवार को ही होली मनाई गई। शनिवार की अहले सुबह कीचड़ वाली होली शुरू हुई। प्रखण्ड के विभिन्न गांवों में ढोल, झाल एवं एक टोली बनाकर एक साथ लोग होली गाते एक दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर भाईचारे के साथ होली खेली व उसके बाद रंगों की होली शुरू हुई। शाम के चार बजे से लोग अबीर लगाकर एक-दूसरे को होली की बधाई दी। कई जगहों पर कुर्ता-फाड़ होली भी खेली गई। होली को लेकर युवाओं एवं बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। होली के गानों पर लोग थिरकते देखे गए। वही रविवार को बुढ़वा होली भी धूमधाम से मनाया गया और चैता गीत गाकर बूढ़े और जवान के साथ मे बच्चे भी खूब होली खेले। होली पर्व को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन एवं अधिकारियों को महत्वपूर्ण भूमिका रही। वजीरगंज थानाध्यक्ष वेंकटेश्वर ओझा एवं बीडीओ प्रभाकर सिंह के द्वारा विशेष पुलिस गश्ती दल एवं क्षेत्र भ्रमण कर चप्पे चप्पे पर कड़ी नजर रखते हुए होली को आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के साथ होली का पर्व सम्पन्न कराया गया।

# जुवेनाइल जस्टिस केयर एंड प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन एक्ट के विषय पर विधिक जागरण शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गया मदन किशोर कौशिक के आदेश पर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार सचिव अरविंद कुमार दास के निगरानी में रविवार को पर्यवेक्षण गृह, गया में जुवेनाइल जस्टिस केयर एंड प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन एक्ट 2000 के विषय पर विधिक जागरण शिविर का आयोजन किया गया। इस विधिक जागरण शिविर में पैनल लॉयर अखिलानंद मिश्र ने बच्चों को बताया कि यह अधिनियम उन सभी बच्चों की देखभाल और संरक्षण के लिए है जो कानून से संघर्षरत हैं या जिन्हें देखभाल और संरक्षण की आवश्यकता है। यह बच्चों के अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (यूएनसीआरसी) का पालन करने के लिए लाया गया था। इस अधिनियम के अनुसार किशोर 18 वर्ष से कम आयु का कोई भी व्यक्ति है। यह अधिनियम कानून से संघर्षरत किशोरों के लिए विशेष प्रावधान करता है जैसे कि उन्हें बाल सुधार गृह में भेजने या अन्य पुनर्वास कार्यक्रमों में शामिल करने की व्यवस्था। यह अधिनियम उन बच्चों के लिए भी प्रावधान करता है जिन्हें देखभाल और संरक्षण की आवश्यकता है, जैसे कि वे बच्चे जो अनाथ हैं, बेघर हैं या जिनका शोषण किया गया है। उन्होंने आगे बताया कि यह अधिनियम बाल देखभाल संस्थाओं के लिए भी प्रावधान करता है जो बच्चों को देखभाल और संरक्षण प्रदान करती है। यह अधिनियम गोद लेने के लिए भी प्रावधान करता है। ताकि बच्चों को स्थायी परिवारों में रखा जा सके। इस मौके पर लोक अदालत के कर्मी विकाश कुमार ने कहा कि यह अधिनियम भारत में बच्चों के अधिकारों की रक्षा और उनके कल्याण के लिए एक महत्वपूर्ण कानून है। यह बच्चों को कानून से संघर्षरत होने से बचाता है और उन्हें देखभाल और संरक्षण प्रदान करता है। मौके पर लोक अदालत के कर्मी विकाश कुमार, पारा लीगल वॉलेंटियर सूरज कुमार, पर्यवेक्षण गृह के फादर पिंटू कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

CMYK

संपादकीय

# अभी परिसीमन को स्थगित करना ही बेहतर होगा

लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन को लेकर चल रही बहस ने इस बात पर गरमा-गर्म बहस छेड़ दी है कि क्या जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित करने में बेहतर प्रदर्शन करने वाले राज्यों को पुरस्कृत किया जाना चाहिए या दंडित किया जाना चाहिए। इस विवाद के केंद्र में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के स्टालिन का यह दावा है कि दक्षिणी राज्य, जिन्होंने जनसंख्या नियंत्रण सहित विभिन्न मापदंडों में बेहतर प्रदर्शन किया है, अगर प्रस्तावित परिसीमन मौजूदा नियमों के अनुसार किया जाता है तो उन्हें 'दंडित' किया जाएगा।

परिसीमन प्रक्रिया, जिसमें जनसंख्या के आधार पर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों का पुनर्निर्धारण शामिल है, अगले साल होने वाली है। यह प्रक्रिया आमतौर पर प्रत्येक जनगणना के बाद की जाती है, जैसा कि संविधान के अनुच्छेद 82 द्वारा अनिवार्य है।हालांकि, वर्तमान निर्वाचन क्षेत्रों को 1971 की जनगणना के आधार पर तैयार किया गया था क्योंकि सरकार ने जनसंख्या नियंत्रण उपायों को लागू करने के लिए निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या को 25 वर्षों के लिए स्थिर करने का निर्णय लिया था। बाद के संशोधनों ने इस फ्रीज को 2026 तक बढ़ा दिया है। कार्नेगी एंडोमेंट की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, 5 दक्षिणी राज्यों में 26 सीटों का नुकसान होने का अनुमान है जबकि पश्चिम बंगाल,ओडिशा और पंजाब जैसे अन्य राज्य भी आनुपातिक रूप से सीटें खो सकते हैं।निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या पर अंतिम निर्णय सरकार द्वारा स्थापित परिसीमन आयोग द्वारा किया जाएगा। 1951 की जनगणना के बाद से भारत की जनसंख्या में काफी वृद्धि हुई है जिसमें 359 मिलियन की जनसंख्या दर्ज की गई थी।

1976 में लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या 500 से बढ़कर 543 हो गई है। अनुमान है कि देश की वर्तमान जनसंख्या को देखते हुए निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या 700 से अधिक हो सकती है। स्टालिन की चिंताएं इस तथ्य में निहित हैं कि दक्षिणी राज्यों ने जनसंख्या वृद्धि को प्रभावी रूप से नियंत्रित किया है। स्टालिन और दक्षिणी राज्यों के अन्य नेताओं ने मांग की है कि लोकसभा सीटों की संख्या पर रोक को 30 साल और बढ़ाया जाए।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि दक्षिणी राज्यों को 'प्रति-अनुपात' के आधार पर नुकसान नहीं पहुंचाया जाएगा लेकिन उनकी टिप्पणी में स्पष्टता का अभाव है। इसमें शामिल संवेदनशीलताओं को देखते हुए केंद्र सरकार को इस मुद्दे पर सावधानी से विचार करना चाहिए और आम सहमति बनाने का प्रयास करना चाहिए। देश के राजनीतिक परिदृश्य पर परिसीमन के दीर्घकालिक प्रभावों पर विचार करना आवश्यक है। भारत की जनसंख्या वृद्धि दर घट रही है। कुल प्रजनन दर (टी.एफ.आर.) 2.0 तक पहुंच गई है, जो 2.1 के प्रतिस्थापन स्तर से नीचे है। हालांकि जनसंख्या अभी भी बढ़ रही है और इसमें गिरावट शुरू होने में 30 साल और लगेंगे।

परिसीमन का मुद्दा जटिल है और इसमें जनसंख्या वृद्धि, प्रतिनिधित्व और राजनीतिक निहितार्थ सहित विभिन्न कारकों पर सावधानीपूर्वक विचार करने की आवश्यकता है। जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित करने में बेहतर प्रदर्शन करने वाले राज्यों को दंडित करने की बजाय, केंद्र सरकार को अधिक न्यायसंगत और प्रतिनिधि प्रणाली बनाने का प्रयास करना चाहिए जो जिम्मेदार जनसंख्या नियंत्रण उपायों को पुरस्कृत करे।

# क्या वन और अवैध कटाई से पड़ रहा है वन्यजीव-मानव संबंधों पर नकारात्मक प्रभाव?

**विश्व वन्यजीव दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात में शेरों को देखने का भरपूर आनंद लिया होगा, लेकिन दुख की बात है कि जंगल में हालात ठीक नहीं हैं. जब वनों और वन्यजीवों के संरक्षण की दिशा में कदम उठाने की बात आती है, तो मोदी सरकार के सामने एक बड़ी चुनौती है - अवैध कटाई और खनन. एक रिपोर्ट यह भी बताती है कि भारत 2070 तक वन्यजीव मानव संघर्ष के लिए ग्लोबल हॉटस्पॉट बन सकता है. आइए हम हाल की रिपोर्टों को देखकर इसकी शुरुआत करते हैं. अधिकांश राज्य असामान्य रूप से उच्च पशु-मानव नकारात्मक संबंधों का अनुभव कर रहे हैं. उदाहरण के लिए पिछले महीने लखनऊ में एक तेंदुआ कथित तौर पर एक शादी में घुस आया था, लेकिन अन्य जिलों में इससे कहीं अधिक भयावह स्थिति की सूचना मिल रही है.**

इंद्र शेखर सिंह



बिजनौर में पिछले सप्ताह ही 28वें तेंदुए के शिकार की सूचना मिली थी. खबर में आगे कहा गया है कि जिले में गन्ने के खेतों में अभी भी लगभग 500 तेंदुए डेरा डाले हुए हैं. प्रभावित ग्रामीणों ने मवेशियों और खुद की सुरक्षा के लिए पहले ही लोहे के जाल का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है. रात के समय ग्रामीणों को बंद कर दिया जाता है और तेंदुए के हमलों से परेशान लोग केवल समूहों में ही बाहर निकल रहे हैं.

2020-22 के बीच एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार पिछले दो साल में राज्य में मानव और बड़ी बिल्ली के संघर्ष के 98 मामले सामने आए हैं. अकेले उत्तर प्रदेश में बाघों के हमलों ने पिछले तीन वर्षों में सात लोगों की जान ले ली है.

जनवरी के मध्य में बिजनौर के नजदीक देहरादून में एक और बच्चे पर तेंदुए ने हमला किया. तमिलनाडु के दक्षिण में वेल्लोर में एक और तेंदुए के हमले में 22 वर्षीय महिला की मौत हो गई. महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ जैसे अन्य राज्यों में भी तेंदुए के हमले हो रहे हैं, लेकिन समस्या सिर्फ बिग कैट तक ही सीमित नहीं है.

हाथियों के हमले बड़ी समस्या हैं. भारत में 2024 में हाथियों के हमलों के कारण 2829 लोगों की मौत की सूचना है. जब हम वार्षिक आंकड़ों को देखते हैं तो पर्यावरण मंत्रालय के अनुसार वर्ष 2023-24 में सबसे अधिक 629 लोगों की मौत हुई और उसके बाद 2022-23 में 605 लोगों की मौत हुई.

छत्तीसगढ़ में 2024 तक 11 सालों में करीब 595 लोगों की जान जा चुकी है. इस बीच जंगलों के पास बसे छोटे शहरों और गांवों को हर मौसम में वन्यजीवों और खास तौर पर हाथियों से खतरा बना हुआ है. सीएम के निर्वाचन क्षेत्र के काफी करीब जशपुर को भी हाथियों ने नहीं बख्शा है, लेकिन अभी तक वनों की कटाई रोकने या नकारात्मक मानव-पशु संबंधों की रोकथाम के लिए हरित गलियारे बनाने के लिए कोई नीति नहीं बनाई गई है. राज्य में अवैध खनन और कटाई भी बढ़ रही है.

वहीं, अगर बात करें दक्षिण भारत की तो केरल में भी वन्यजीवों के साथ होने वाले नकारात्मक व्यवहार की बहुत अधिक संख्या में रिपोर्ट की गई है, खास तौर पर 2018-19 की अवधि के दौरान, जिसके परिणामस्वरूप हर साल कई मौतें हुईं. वर्ष 2024 में, 57 लोग इन संघर्षों के कारण मारे गए.सरकार की रिपोर्ट बताती है कि 2019-2024 में बाघों के हमलों में 349 लोग मारे गए. अकेले महाराष्ट्र में 200 मौतें दर्ज की गईं और राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के अनुसार 2012 से अब तक अवैध शिकार के कारण 227 बाघ मारे गए, जिसमें मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र सबसे ऊपर हैं. वहीं, नीलगायों का उत्तर भारत में कृषि क्षेत्र में बहुत बड़ा संकट रहा है. राजस्थान, यूपी, बिहार आदि में नीलगायों का कहर हर मौसम में देखने को मिलता है. बिहार में यह समस्या इतनी गंभीर है कि सरकार अब उन्हें मारने पर उतर आई है. अगर हम महाराष्ट्र का उदाहरण लें तो वन विभाग हिरण, नीलगाय और जंगली सूअरों से फसल को हुए नुकसान की भरपाई के लिए हर साल 150 करोड़ रुपये का भुगतान करता है. यूपी के सीएम आदित्यनाथ ने सितंबर 2024 में लोकभवन में बोलते हुए कहा था, ÷अगर जंगल जलेंगे, तो पर्यावरण को नुकसान पहुंचेगा और भूस्खलन होगा. न केवल वन्यजीव, बल्कि मनुष्यों को भी असामयिक जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों का सामना करना पड़ेगा. वनों की कमी के कारण मानव-वन्यजीव संघर्ष होता है.÷

एक रिपोर्ट के अनुसार पिछले 5 साल में वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के तहत गैर-वन गतिविधियों के लिए करीब 1 लाख हेक्टेयर वन भूमि का उपयोग किया गया. अब कोई यह कह सकता है कि यूपी के सीएम आदित्यनाथ द्वारा वनों की कटाई को अकेले दोष देना आसान है, इसके कई कारण हैं- जिसमें तेंदुए और हाथी जैसी प्रजातियों की अनुकूलनशीलता और लचीलापन, जलवायु पैटर्न में बदलाव, मानव बस्तियों के पास भोजन की आसान पहुंच आदि शामिल हैं, लेकिन इससे भी वास्तविकता कम नहीं होती. वनों की कटाई एक बड़ा संकट है जो जानवरों और मानव जीवन दोनों को प्रभावित कर रहा है.मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद से वनों की कटाई की गति में वृद्धि हुई है. कोंकण क्षेत्र में अवैध कटाई के कारण अकेले 2014-2019 के बीच दक्षिण कोंकण में 1600 एकड़ भूमि नष्ट हो गई. पूर्वोत्तर राज्यों की एक और रिपोर्ट चिंताजनक है, पूर्वोत्तर राज्यों ने 2001-23 के बीच 17,650 वर्ग किलोमीटर वृक्षों का आवरण खो दिया है, जो दिल्ली के क्षेत्रफल का लगभग 12 गुना है.

2019 में पहले कार्यकाल के अंत तक 1.2 लाख हेक्टेयर वनों का नुकसान होने की सूचना मिली थी. एक अन्य मीडिया रिपोर्ट बताती है कि भारत ने पिछले दो दशकों में 2.33 मिलियन हेक्टेयर से अधिक वृक्षों का आवरण खो दिया है. अब ये बढ़े हुए हरित आवरण और वन वन्यजीवों के हमलों में वृद्धि के साथ नहीं चलते. ये दोनों तथ्य एक दूसरे का खंडन करते हैं. क्योंकि अगर जंगलों और वनों में पर्याप्त जगह और भोजन है, तो जानवर मानव बस्तियों, खासकर पुणे और लखनऊ जैसे शहरों में क्यों आएंगे?

जैसा कि पहले बताया गया है कि इसके अन्य कारण भी हैं, लेकिन अगर वनों की कटाई और अवैध कटाई में वृद्धि और नकारात्मक मानव-पशु संबंधों की बढ़ती संख्या पर गौर किया जाए तो इसके पीछे कोई अदृश्य हाथ हो सकता है. अवैध कटाई और खनन कार्य भी पशु गलियारों पर अतिरिक्त दबाव डाल रहे हैं और मानव-पशु संघर्ष को बढ़ा रहे हैं.

अब अगर सरकार अभी भी पशु-मानव नकारात्मक संबंधों के लिए वैश्विक हॉटस्पॉट बनने से बचना चाहती है, तो उसे देश के सभी हिस्सों में, खासकर भाजपा शासित राज्यों में अवैध कटाई को रोकने के लिए अपनी पूरी ताकत लगानी चाहिए. छत्तीसगढ़ जैसे अधिक वन और हरित आवरण वाले राज्यों को संरक्षण के लिए प्राथमिकता दी जानी चाहिए. राज्यों के बीच हरित गलियारे बनाने पर अतिरिक्त धन खर्च किया जाना चाहिए ताकि हाथी और बाघ जैसे बड़े जानवर मानव गांवों को परेशान किए बिना स्वतंत्र रूप से घूम सकें.

मोदी सरकार को कमर कसनी चाहिए और इकोसिस्टम और वन्यजीव संतुलन को बहाल करने की दिशा में कदम उठाना चाहिए और मुनाफे के लिए पर्यावरण कानूनों को और कमजोर नहीं करना चाहिए. यह हमारे %वसुधैव कुटुंबकम% के दर्शन की असली कसौटी होगी. पीएम मोदी को हमारी जैव विविधता की रक्षा करने और हमारे जानवरों को एक नया आवास देने के लिए अवैध लकड़ी मिलों, लकड़हारों और खनन कार्यों पर कड़ी कार्रवाई करने की जरूरत है.

अध्यात्म

# ज्ञान कभी भी ऊंच-नीच के पिटारे में बंद नहीं रहता



एक हाई कोर्ट में महादेव रानडे नामक जज थे। उन्हें विविध भाषाएँ सिखने का बड़ा ही शौक था और अपने इस शौक के कारण उन्होंने कई भाषाएँ सिख राखी थी।

जज महादेव रानडे अपने जीवन में अबतक बँगला भाषा नहीं सीख नहीं पाए थे और जब भी वह कभी अकेले में होते तब इसके बारे में सोचकर वह कुछ देर के लिए दुखी भी हो जाते थे।

एक दिन ऐसी ही उन्होंने अपने इस भाषा सिखने के शौक के बारे में सोच रहे थे तभी उन्हें अपने बँगला भाषा सिखने पर एक बहुत ही बढ़िया उपाय सुझा और उपाय यह था की उनके घर के बगल में एक बंगाली नाई था और वह बंगाली भाषा भी बड़ी ही अच्छी बोल लेता था।

उन्होंने उसी बंगाली नाई से आप नई हजामत बनवानी शुरू कर दी और नाई जीतनी देर तक उनकी हजामत करता उतनी देर जज उस नाई से बंगाली में ही बात किया करते थे।

उन्होंने जब इस बात का जिक्र अपनी पत्नी से किया तो उन्हें बहुत ही बुरा लगा और उन्होंने अपने पति से कहा आप हाई कोर्ट के जज होकर एक नाई से बंगाली भाषा सीख रहे है अगर आपको यह करते हुए कोई देख लेंगा तो क्या इज्जत रह जाएंगी। आपको बंगाली भाषा सीखनी है तो किसी बड़े विद्वान से सीख लीजिए।

रानडे ने अपनी पत्नी के प्रश्न का हसते हुए उत्तर दिया और कहा, में तो ज्ञान का प्यासा हूँ और मुझे जात-पात और ऊंच-नीच से क्या लेना देना? उनका यह उत्तर सुनकर पत्नी ने उनसे अपनी इस गलत और नीची सोच के लिए उन्हें पछतावा हुआ।

**सीख**

ज्ञान कभी भी ऊंच-नीच के पिटारे में बंद नहीं रहता है और यह केवल हमारी एक तुच्छ सोच होती है। जिसको ज्ञान प्राप्ति की प्यास है वह कही से भी अपने लिए ज्ञान प्राप्त कर ही लेता है।

# अमेरिका की खनिजों को लेकर साम्राज्यवादी सोच

**कनाडा और यूक्रेन के प्रति अमेरिकी नीति से यह साफ हो जाता है। अमेरिका यूक्रेन की रेयर अर्थ एलिमेंट संपदा के नियंत्रण के माध्यम से खनिजों के क्षेत्र में चीन को पीछे छोड़कर स्वयं का नियंत्रण बनाना चाहता है। कनाड़ा में भी सोना, चांदी, निकल, तांबा, यूरेनियम, पोटाश, कोबाल्ट, हीरा आदि के प्रचुर भण्डार है तो यूक्रेन में भी रेयर खनिजों के भण्डार धरती के गर्भ में समाये हुए हैं। यूक्रेन में ग्रेफाइट, लिथियम, आदि रेयर अर्थ के भण्डार है। लिथियम के 19 मिलियन टन भण्डार होने के साथ ही विष्व के प्रमुख पांच ग्रेफाइट उत्पादक देशों में यूक्रेन है। यूक्रेन में आरईई के 17 तत्वों के समूहों वाले खनिजों में से बहुतायत में भण्डार है। अफगानिस्तान के साथ अमेरिका 2017 में समझौता कर चुका है पर तालिबान के प्रवेश के कारण अमेरिका का सपना अधूरा रह गया।**

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की नजर अब दुनिया के खनिज संपदा संपन्न देशों की और है। ट्रम्प का यह अब यह छिपा एजेण्डा भी नहीं रहा क्योंकि यूक्रेन को सहायता के बदले उसकी खनिज संपदा के प्रबंधन का जिम्मा अमेरिका लेने के लिए यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की पर लगातार दबाव ड़ाल रहे हैं। यूक्रेन 500 करोड़ अमेरिकी डॉलर की खनिज संपदा को लेकर अमेरिका के साथ समझौता करने को भी लगभग तैयार हो गया पर पिछले दिनों जेलेंस्की की अमेरिका यात्रा के दौरान ट्रम्प और जेलेंस्की में जिस तरह की कड़बाहट भरी नोकझोंक हुई है उसने इस डील को फिलहाल तो कमजोर कर दिया है। हांलाकि यूक्रेन के जेलेंस्की ने यूरोप यात्रा के दौरान राष्ट्रहित में अमेरिका के साथ समझौता करने पर लगभग सहमति वाली बात कही है। उधर रुस नहीं चाहता कि इस तरह का कोई समझौता अमेरिका व रुस के बीच हो, यही कारण है कि रुस ने भी रुस की खनिज संपदा को लेकर अमेरिका से समझौते के लिए खुला निमंत्रण दे दिया है। दरअसल अमेरिका स्वय खनिज संपदा संपन्न देष है। इसके साथ ही खनिज संपदा के मामलें में देखा जाए तो अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक और उपभोक्ता देश है। इसके साथ ही अमेरिका खनिजों खासतौर से दुर्लभ खनिजों के मामलें में चीन का बर्चस्व चीन पर निर्भरता खत्म या यों कहे कम करना चाहता है। इसी कारण से दुनिया के खनिज संपदा संपन्न देशों पर ट्रम्प की ललचाई नजर साफ दिखाई दे रही है।

अभी पिछले दिनों ही ट्रम्प ने कनाडा को अमेरिका 51 वां राज्य कहकर संबोधित किया है। उधर कनाडा के राष्ट्रपति जस्टिन ट्रूडो साफ साफ कह चुके हैं कि अमेरिका की नजर कनाड़ा की खनिज संपदा पर है और वह कनाड़ा को अमेरिका का 51वां राज्य बनने के लिए दबाव बनाये हुए हैं। हांलाकि जस्टिन ट्रूडो इसको ट्रम्प का दिवा स्वप्न ही बता रहे हैं। उधर अमेरिका एन केन प्रकारेण अफगानिस्तान में प्रवेश करना चाहता है जहां की खनिज संपदा को वह हथिया सके। हांलाकि तालिबानियों के रहते फिलहाल तो ऐसा संभव नहीं लग रहा है।

यह दूसरी बात है कि अमेरिका-रुस के बीच बन रहे नए समीकरणों का भविष्य क्या रहता है? इस पर बहुत कुछ निर्भर करेगा। देखा जाए तो अर्वाचिन काल से ही खनिज संपदा का अपना महत्व रहा है। पर इलेक्ट्रोनिक युग में दुनिया के देशों के लिए खनिज संपदा का महत्व और मांग तेजी से बढ़ गई है। आज विकास की परिकल्पना को खनिजों की उपलब्धता के आधार पर ही साकार किया जा सकता है। नए युग की आवश्यकताओं की पूर्ति इन रेयर खनिजों से ही संभव हो पा रही है। एक समय था जब सोना, चांदी, तांबा आदि की और अधिक ध्यान केन्द्रीत होता था आज उसका स्थान दुर्लभतम खनिज लेते जा रहे हैं। इसका कारण भी साफ है। उर्जा के



क्षेत्र में लगभग 90 प्रतिशत, औद्योगिक क्षेत्र में करीब 80 प्रतिशत, कृषि क्षेत्र में 70 प्रतिषत तक कच्चे माल या सहायक के रुप में भूगर्भ की खनिज संपदा की भागीदारी है। आज दुनिया के 90 प्रतिशत रेयर अर्थ पर चीन की मोनोपोली है। दुनिया में खनिज संपदा के क्षेत्र में चीन शीर्ष पर है। चीन में 4.6 बिलियन टन प्रतिवर्ष, दूसरे नंबर में अमेरिका 2.2 बिलियन टन, तीसरे नंबर पर रुस 1.7 बिलियन टन और चौथे नंबर पर आस्ट्रेलिया 1.4 बिलियन टन सालान खनिज संपदा का उत्पादन कर रहे हैं। चीन की संपन्नता का इसी से अंदाज लगाया जा सकता है कि दूसरे नंबर के अमेरिका की तुलना में चीन में लगभग दो गुणा अधिक खनिज संपदा का उत्पादन हो रहा है।

कनाडा और यूक्रेन के प्रति अमेरिकी नीति से यह साफ हो जाता है। अमेरिका यूक्रेन की रेयर अर्थ एलिमेंट संपदा के नियंत्रण के माध्यम से खनिजों के क्षेत्र में चीन को पीछे छोड़कर स्वयं का नियंत्रण बनाना चाहता है। कनाड़ा में भी सोना, चांदी, निकल, तांबा, यूरेनियम, पोटाश, कोबाल्ट, हीरा आदि के प्रचुर भण्डार है तो यूक्रेन में भी रेयर खनिजों के भण्डार धरती के गर्भ में समाये हुए हैं। यूक्रेन में ग्रेफाइट, लिथियम, आदि रेयर अर्थ के भण्डार है। लिथियम के 19 मिलियन टन भण्डार होने के साथ ही विष्व के प्रमुख पांच ग्रेफाइट उत्पादक देशों में यूक्रेन है। यूक्रेन में आरईई के 17 तत्वों के समूहों वाले खनिजों में से बहुतायत में भण्डार है। अफगानिस्तान के साथ अमेरिका 2017 में समझौता कर चुका है पर तालिबान के प्रवेश के कारण अमेरिका का सपना अधूरा रह गया। हांलाकि 2021 में भी अफगानिस्तान से समझौते की पहल अमेरिका से कर चुका है। अभी भी अमेरिका की अफगानिस्तान की खनिज संपदा पर पूरी नजर है और अमेरिकी-रुस नजदीकी के प्रयास इस दिशा में आगे बढ़ेंगे।

यह साफ है कि आज रिचार्जेबल बेटरी, मोबाईल, कम्प्यूटर चिप, हवाई जहाज के उपकरणों में उपयोग होने वालों के साथ ही उर्जा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपयोग के खनिज भण्डार है। दुनिया के देश आज कच्चे माल के रुप में चीन पर निर्भर है। चीन पर निर्भरता कम करने के साथ ही अमेरिका अपना वर्चस्व बनाने के लिए संभावित सभी देशों पर योजनावद्ध तरीके से दबाव बना रहा है ताकि बदलती औद्योगिक सिनेरियों में अमेरिका की तूंती और अधिक तेजी से बज सके और अन्य देश अमेरिका पर निर्भर हो सके। अमेरिका खनिज संपदा का आर्थिक सामाजिक और औद्योगिक विकास का प्रमुख आधार बनाना चाहता है और इस तरह से वह अपना वर्चस्व कायम करने के लिए योजनावद्ध तरीके से आगे बढ़ रहा है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**

प्रतिभा का पूरा उपयोग आप नहीं कर पा रहे हैं। कुछ समय शान्त होकर परिस्थितियों का अवलोकन करें। आपके सुझावों से लोगों को बहुत अच्छा लाभ होगा।

**वृषभ**

आज सभी कार्यों में विजय प्राप्त होगी। सुख-सुविधाओं का उपभोग करेंगे। जिम्मेदारी वाले कार्यों को पहली प्राथमिकता में रखते हुये पूरा कर लें।

**मिथुन**

कार्यक्षेत्र में आपके योगदान की प्रशंसा होगी। बॉस आपके कार्यों से काफी प्रसन्न रहेंगे। इन्टरनेट के माध्यम से शुभ सूचना मिल सकती है।

**कर्क**

वाद-विवाद से आपको बचना चाहिये। दोपहर के बाद आपकी व्यस्तता बढ़ने वाली है। आज आवश्यक कार्यों को सुबह ही कर लेना उचित होगा।

**सिंह**

आर्थिक स्थिति को लेकर थोड़ा असन्तोष उत्पन्न हो सकता है। प्रियजनों के व्यवहार से मन खिन्न होगा। शाम के समय पूजा-पाठ आदि में काफी रुचि लेंगे।

**कन्या**

कार्यक्षेत्र में धन लाभ होगा। सहकर्मियों के व्यवहार को लेकर थोड़े चिन्तित हो सकते हैं। अपनी परेशानियों को जीवनसाथी से शेयर करें।

**तुला**

परिस्थितियाँ पूरी तरह से आपके नियन्त्रण में रहेंगी। तीर्थ यात्रा की योजना बना सकते हैं। नयी परियोजनाओं को लेकर उत्सुकता जागेगी।

**वृश्चिक**

व्यापार में आपको धीरे-धीरे अच्छे परिणाम मिलने शुरू हो रहे हैं। नया घर खरीदने या बनवाने का विचार मन में जागृत होगा। कोई शुभ सूचना मिल सकती है।

**धनु**

अपनी निजी बातों को सोच-समझकर ही लोगों से शेयर करें। गूढ़ विद्या अर्जित करने का प्रयास करेंगे। विद्यार्थी पढ़ाई की तरफ एकाग्रचित्त रहेंगे। परिजनों की सुविधाओं का ध्यान रखें।

**मकर**

खर्चों में कमी आने से मन सन्तुष्ट रहेगा। समय पूरी तरह से आपके पक्ष में हैं। सम्मान को लेकर चिन्ता रहेगी। यदि आपने किसी काम को लेकर संकल्प लिया है तो उसे अवश्य पूरा करेंगे।

**कुंभ**

अपनी जॉब को लेकर थोड़े असन्तुष्ट हो सकते हैं। रिश्तों को लेकर थोड़े सम्वेदनशील रहेंगे। जीवनसाथी आपकी सराहना करेगा। आपसी सम्बन्धों में मधुरता बढ़ेगी।

**मीन**

कार्यक्षेत्र में राजनीति हो सकती है। घर में अचानक मेहमानों का आगमन हो सकता है। खानपान में तामसिक आहार को सम्मिलित न करें। अ

# एक लीटर दूध के विवाद में चली गोली, दो की मौत

## पिस्टल सहित दस गोली बरामद, पुलिस कर रही जांच

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बड़हरा/भोजपुर।** एक लीटर दूध के विवाद में बड़हरा थाना क्षेत्र के सेमरा गांव के कुर्मी टोला स्थित बक्सर कोइलवर तटबंध पर दो गांवों के बीच हिंसक झड़प व फायरिंग से खून की नदी बही है। जिसमें दो लोगो की हत्या कर दी गई। दोनो हत्या 10 मिनट के अंतराल पर हुई। दोनों मृतकों के सिर में सामने से गोली मारी गई है। वही तीन चार की संख्या में लोग जख्मी हो गये। मृतकों में 30 वर्षीय धर्मेन्द्र कुमार हैं। वह सेमरा गांव निवासी राम निवास राय का पुत्र है। जबकि दूसरा मृतक 35 वर्षीय प्रेम सिंह उर्फ बड़क है। वह पुराना बिंदगांवा निवासी स्व बालवेश्वर सिंह का पुत्र है। घटना रविवार सुबह 8-9 बजे के आसपास की है। दूध के विवाद में दो गांव सेमरा व पुराना बिंदगांवा के लोग भीड़ गये। 10-12 राउंड फायरिंग हुई। जहां दो की मौत हो गई है। पुलिस ने घटना स्थल से एक देसी कट्टा, एक बंदूक व गोली बरामद किया है। फायरिंग की आवाज सुनकर दोनो गांवों के लोग खेतों में फसल कटनी छोड़कर जुटने लगे। ईट पत्थर चलने लगे। फायरिंग की आवाज से पूरा इलाका दहल उठा। घटना के बाद दोनो गांवों में तनाव बढ़ गया है। इधर, गोलीबारी में डबल मर्डर की घटना की सूचना मिलते ही आरा सदर एसडीपीओ-2 रंजीत सिंह, बड़हरा थानाध्यक्ष शैलेश्वर प्रसाद के साथ भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुचे। पुलिस ने घटनास्थल से एक पिस्टल 2 खोखा, पिस्टल का 10 जिंदा कारतूस और एक लाइसेंसी रायफल के साथ हिरो होंडा की एक बाइक को बरामद किया है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है। मृतक धर्मेंद्र राय के छोटे भाई विकास कुमार ने बताया कि बिंदगांवा में हम लोगों का दूध दुहने का कारोबार है। एक दो रोज पहले पुराना बिंदगांवा के रहने वाले मनीष सिंह के साथ मेरे भाई का एक लीटर दूध नहीं देने को लेकर विवाद हुआ था। जिसमें इन लोगों ने मेरे भाई और पिता के ऊपर हाथ छोड़ा था। रविवार सुबह जब हम लोग बांध पर खड़े थे। उन लोगों से पूछे मारपीट क्यों किए थे। इसी बात पर गाली गलौज शुरु हुआ। बिंदगांवा के रहने वाले मनीष सिंह, हरेंद्र सिंह व उनके परिवार के लोग हथियार से हम लोगों पर फायरिंग करने लगे। जिसमें एक गोली मेरे भाई धर्मेंद्र कुमार को लग गई। गोली लगते ही उसकी मौत हो गई। भोजपुर एसपी मिस्टर राज घटना की सूचना मिलते ही स्थल पहुचें। स्थिति का जायजा लिया। बताया कि आज सुबह दूध को लेकर दो पक्षों में हिंसक झड़प हुई है। इस दौरान दोनों ओर से फायरिंग हुई है और इसमें गोली लगने से दो लोगों की मौत हो गई है। फिलहाल मौके पर एफएसएल की टीम बुलाई गई है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। जल्द ही इस घटना में शामिल लोगों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है।

**हत्या के प्रतिशोध में चली गोली : एसडीपीओ**

एसडीपीओ 2 रंजीत सिंह ने बताया कि मृतक धर्मेंद्र कुमार दूध बेचने और खरीदने का काम करते हैं। दूध के लेन देन के विवाद में दूसरे पक्ष के लोगों ने धर्मेंद्र को चार-पांच थप्पड़ मार दिया था। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद चल रहा था। आज उसी विवाद को लेकर दूसरे पक्ष के लोग जा रहे थे, तभी रास्ते में घेरकर उनकी पिटाई कर दी। उसी के प्रतिशोध में दूसरे पक्ष के लोगों ने जाकर फायरिंग करते हुए धर्मेंद्र की गोली मारकर हत्या कर दी गई। जिसके बाद धर्मेंद्र के परिवार वाले ने प्रेम सिंह उर्फ बड़क की भी गोली मारकर हत्या दी। बताया जाता है कि प्रेम सिंह अपने गोतिया के पक्ष में गया हुआ था। तभी धर्मेन्द्र के परिवार वालों ने हत्या के प्रतिशोध में प्रेम सिंह को घेर कर पहले पिटाई की उसके बाद उसके सिर में गोली मार कर हत्या कर दी गई।

## एक नजर

### मंदिर जा रहे युवक को गोली मार किया जख्मी, दो नामजद

**सहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सहार थाना क्षेत्र के एकवारी में गोली लगने से एक युवक बुरी तरह जख्मी हो गया। सूत्रों के अनुसार शनिवार शाम स्व अरूण सिंह का पुत्र अंकित कुमार पूजा करने बुढीया मंदिर में जा रहा था। इसी बीच गांव का ही प्रिंस कुमार उर्फ़ भीम बाइक से आ रहा था। बाइक तेज चलाने को कहने पर अंकित कुमार व प्रिस कुमार में विवाद बढ गया। वहीं झड़प के दौरान गोलीबारी में अंकित को बांह में गोली मार कर जख्मी कर दिया। जख्मी युवक का इलाज आरा के प्राईवेट क्लिनिक में किया जा रहा। वही घटना की खबर सुनकर सहार थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर दीपक कुमार पुलिस बल के साथ पहुंच कर जांच पडताल शुरू कर दिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि जख्मी के बयान पर एकवारी गांव के दो युवकों को नामजद आरोपी बनाया गया है। पुलिस नामजदों गिरफ्तारी के लिए छापेमारी में जुटी है।

### बाइक सहित 92 लीटर महुआ शराब जब्त

**सहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** चौरी थाना पुलिस ने दो अलग-अलग जगह से बाइक सहित 92 लीटर महुआ शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया। सूत्रों के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने पनवारी के समीप से एक बाइक पर लदा लगभग 72 लीटर महुआ शराब बरामद किया। हालांकि धंधेबाज पुलिस को देखते ही फरार हो गया। वहीं चौरी पुल के समीप से पुलिस ने धनछुहां निवासी कृष्णा चौधरी के पुत्र शशि कुमार को 20 लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। चौरी थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि दो जगह से लगभग 92 लीटर महुआ शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार करने के साथ ही एक बाइक को जप्त किया गया है।

### मधुमक्खियों के हमले से बच्ची की मौत, परिजनों में कोहराम

**एकमा (सारण) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र में स्थित नगर पंचायत बाजार के महावीरी स्थान, मीठा बाजार मोहल्ला निवासी पंकज वर्मा की नौ वर्षीय पुत्री काव्या कुमारी की मौत मधुमक्खियों के हमले से हो गई। यह घटना शुक्रवार रात करीब 10:00 से 11:00 बजे के बीच की बताई जा रही है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। स्थानीय लोगों के अनुसार महावीरी स्थान के पास स्थित पीपल के पेड़ पर वर्षों से मधुमक्खियों का बड़ा छत्ता मौजूद है। शाम के समय जब दुकानों की लाइटें जलती हैं, तो मधुमक्खियों की सक्रियता बढ़ जाती है। शुक्रवार रात भी मधुमक्खियों का झुंड अचानक उड़ने लगी और काव्या को बुरी तरह काट लिया। गंभीर हालत में परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि पहले भी मधुमक्खियों के काटने की घटनाएं हो चुकी हैं, जिसमें कई लोगों को निजी व सरकारी अस्पतालों में भर्ती कराना पड़ा है। व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द मधुमक्खियों के छत्ते को हटाने की व्यवस्था की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों।

# मीरगंज में गोलीबारी में एक मौत, दो घायल, पुलिस कर रही जांच

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** भोजपुर जिले में गोली की तड़तड़ाहट थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस तरह की घटनाएं लगातार घट रही है।

होली के दिन भी बड़ी घटना को अंजाम दिया गया है। जिससे लोगों के बीच दहशत बना हुआ है। मामला आरा शहर के नगर थाना क्षेत्र के मीरगंज मोहल्ले की है। जहां शनिवार की रात हथियारबंद बदमाशों ने तीन दोस्तों को गोली मार दी है। जिसमें एक की मौत हो गई। जबकि, दो घायल हो गए। मृतक 19 वर्षीय अजय शंकर उर्फ सिकंदर है। वह नगर थाना क्षेत्र के

**दहशत**

उजियार टोला निवासी वर्मा प्रसाद का पुत्र है। वह बाइक और मोबाइल लूट में फरार चल रहा था। पूर्व के आपराधिक इतिहास को देखते हुए 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। मृतक के सिर में गोली मारी गई है। घटना के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर छानबीन कर रही है।

गोली मारने का आरोप बिंद टोली क्षेत्र के ही दो लोगों पर है। पुलिस ने दोनों को चिह्नित कर लिया है। घायलों में बिंद टोली निवासी राम देव यादव का 18 वर्षीय पुत्र शुभम यादव उर्फ राहुल और कन्हैया राम का 20 वर्षीय पुत्र दसई राम शामिल हैं। दोनों को गोली पैर व गर्दन में लगी है।

घायलों ने बताया कि वे तीनों दोस्तों रात में घर से होली खेलने अन्य दोस्तों के घर जा रहे थे। तभी मीरगंज कोल्डस्टोरेज के पास हथियार बंद बदमाशों ने अचानक उन पर गोलियों से हमला कर दिया। इसमें सिकंदर की मौत हो गई। जबकि दोनों घायल हो गए। थानाध्यक्ष देवराज राय सशस्त्र बल के साथ घटना स्थल पहुंचे। घायलों के परिजनों से पूछताछ कर पूरे मामले की जांच में जुट गये हैं।

# नरही गांव में पत्रकार के घर से नगदी, गहने समेत 15 लाख की चोरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोइलवर/भोजपुर।** चांदी थाना के नरही गांव के दो घरों में चोरी की घटनाएं घटी जहां अपराधियों ने नगदी व गहने समेत लगभग पंद्रह लाख के समान चुरा ले भागे। उक्त घटना होली की रात नरही गांव के पश्चिम ओर घनी आबादी में अवस्थित दो बंद घरों में घटित बताई जाती है। चोरी की घटना स्थानीय निवासी राजेश तिवारी व उनके चचेरे भाई रमेश तिवारी के घर में घटित हुई है। बताया जाता है कि दोनों परिवार घर से बाहर थे और इसी का फायदा उठा चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। भुवनेश्वर दूरदर्शन केंद्र में सेवारत भुक्तभोगी राजेश तिवारी ने घटना के संबंध में बताया कि वे आरा स्थित मकान पर होली के अवसर पर आए हुए थे कि तभी उन्हें इस घटने की जानकारी गांव वालों ने दी। दौड़े भागे जब वे गांव के अपने घर पर पहुंचे तो सभी दरवाजों की कुंडी टूटा हुआ पाया। सभी घरों का ताला तोड़ बड़े आराम से चोरों ने घटने को अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि चोरों ने बगल घर को बंद देख रांची गए चचेरे भाई रमेश तिवारी के घरों में भी चोरी कर पूरा घर साफ कर दिया। इसकी जानकारी उन्होंने तुरंत उन्हें दी जिसके बाद वे भी दौड़े भागे पहुंचे। रमेश तिवारी ने बताया कि ऐसा लगता है कि लगातार एक दो दिनों तक घरों में चोरी की घटना घटी हो। दोनो चचेरे भाई के घरों में हुई चोरी की वारदात की शिकायत पीड़ितों ने चांदी पुलिस से की है। घटना की जानकारी पाते ही चांदी थानाध्यक्ष राकेश कुमार रौशन ने मौके पर पुलिस अधिकारियों को भेजा जहां पुलिस बल ने पूरे घर समेत छत तक का जायजा लिया।भुक्तभोगी ने पुलिस से इस चोरी की निशानदेही के लिए डॉग स्क्वॉड मंगाए जाने की गुहार लगाई है। एसडीपीओ रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। अपराधियों को जल्द पकड़ने ने पुलिस कामयाब होगी।

## बिक्रम में होली शांतिपूर्ण संपन्न

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** समरसता और भाईचारे का त्योहार होली हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। होली में शांति व्यवस्था कायम रखने के उद्देश्य से पुलिस काफी सक्रिय रही। बिक्रम थानाध्यक्ष विनोद कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने अराप गांव स्थित मस्जिद के समीप करीब 18 लीटर देशी महुआ शराब बरामद किया तथा अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की। वहीं असपुरा सूर्यमंदिर के समीप वाहन चेकिंग के दौरान कुल 14 हजार रुपए का चालान काटा गया। वहीं शिवम ग्रूप कंपनी के एमडी अमिय कुमार पप्पू ने अपने गांव बेनीबीघा में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया। इस मौके पर आसपास के गांव के लोग एवं कई सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। रंग गुलाल और फाग की मस्ती में लोगों ने खूब आनंद मनाया।

# रेफरल अस्पताल संदेश में रोगी का इलाज नही, किया जाता है रेफर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**संदेश/भोजपुर।** प्रखंड स्थित रेफरल अस्पताल संदेश में इमरजेंसी ड्यूटी में तैनात डॉक्टर रोगी को एडमिट करा बिना इलाज किए अपने घर चले गये।

रविवार के दिन एक रोगी धनंजय कुमार यादव पिता विश्वनाथ यादव उर्फ मुखिया जो संदेश थाना के पनपुरा गांव के निवासी हैं। अपने लड़का धनंजय कुमार को 11 बजे दिन में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। 12:30 बजे एक चिकित्सक अपने ससुर के श्राद्ध कर्म में रोगी को छोड़कर चले गए। डॉक्टर को जाते हैं रोगी का हालत खराब होने लगा। एंबुलेंस के ड्राइवर को खोज कर रोगी धनंजय कुमार को बेहतर इलाज के लिए बिना डॉक्टर के इजाजत के उनके परिजन आरा सदर अस्पताल में ले गए। इलाज कराने आए रोगी राम




अवतार से ने बताया अस्पताल में कोई व्यवस्था नहीं है। इमरजेंसी के दौरान ना दवा मिलती है ना डॉक्टर मिलते हैं।

अस्पताल की स्थिति खराब है। अस्पताल से रोगी को इलाज के लिए रेफर किया जाता है। जबकि अस्पताल में मात्र तीन डॉक्टर फिजिशियन है एक डॉक्टर दंत चिकित्सक हैं। डॉ मनीष कुमार आने के बाद पूछा गया कि आप इतना लेट क्यों आए। उन्होंने बताया कि रोड अधिक जाम होने के कारण इतना लेट पहुंचे। कम डॉक्टर होने के कारण एक डॉक्टर 24 घंटा ड्यूटी देता है जबकि नियम है एक डॉक्टर को 8 घंटा ड्यूटी लेना।

# एकमा व आसपास के क्षेत्रों में पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनी होली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**एकमा (सारण)।** नगर पंचायत एकमा बाजार व प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में शुक्रवार व शनिवार को पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ होली मनाई गई। इस दौरान एकमा, रसूलपुर, परसागढ़, एकडीपुर, आमडाढ़ी, कर्णपुरा, गौसपुर, फचरुखिया, नचाप, भजौना, राजापुर, लाकठ छपरा, योगिया, अतरसन, असहनी, एकसार, नवादा, बनौत, देवपुरा, टेसुआर, विष्णुपुरा कला, हरपुर, नवतन, माने, नरहनी आदि गांवों के लोगों ने दोपहर तक मिट्टी व खींचड़ के साथ कुर्ताफाड़ होली खेली। वहीं दोपहर बाद एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और जमकर रंगों के उत्सव में देर शाम तक डूबे रहे।



गांव के बदलू बाबा स्थान, संकट मोचन मंदिर व राम-जानकी मंदिर सहित अन्य जगहों पर पारंपरिक होली गायन भी किया गया। इस अवसर पर प्रशांत पांडेय, प्रियांशु पांडेय, उमेश पांडेय, राजेश पांडेय, विशुंदेव दुबे, राधा दूबे, हृदेश दूबे, अशुतोष द्विवेदी, संदीप दूबे, राहुल दूबे, रोहित, अभिनंदन, अभिषेक, धर्मवीर पांडेय, बबलू दुबे, अजीत पांडेय समेत कई अन्य लोगों ने उल्लास पूर्वक भाग लिया और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ इस पर्व को मनाया। उधर नगर पंचायत बाजार के हंसराजपुर, गंजपर, एकमा चट्टी, एकमा गांव के अलावा सीमावर्ती मांझी प्रखंड के खानपुर व भलुआ गांवों में शनिवार को पारंपरिक रीति रिवाज के अनुसार सनातनी समाज के लोगों ने होली मनाया। इस दौरान एकमा व रसूलपुर थाना की पुलिस क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर तैनात रही।

# पत्रकार ने दी पिता एवं पुत्र को श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पालीगंज।** खिरिमोड़ थाना क्षेत्र के निरखपुर गांव में आयोजित श्रद्धांजलि सभा के दौरान पत्रकार वेद प्रकाश अपने पिता और पुत्र की तस्वीर देखकर भावुक हो गए और अपने आंसू नहीं रोक पाए।

पत्रकार वेद प्रकाश के पिता मनोरंजन प्रसाद सिंह उर्फ त्रियोगी सिंह और उनके 18 वर्षीय पुत्र आकाश राज उर्फ मनु को श्रद्धांजलि देने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। गौरतलब है कि 15 मार्च 1995 को त्रियोगी सिंह की हत्या कर दी गई थी, जबकि 15 मार्च 2023 को उनके पुत्र आकाश राज की बिजली प्रवाहित तार की चपेट में आने से दुखद मृत्यु हो गई थी। श्रद्धांजलि सभा में मौजूद लोगों ने मौन धारण कर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही दोनों की तस्वीरों के समक्ष दीप प्रज्वलित किए गए और पुष्पांजलि अर्पित की गई। पिता और पुत्र की तस्वीर को एक साथ देखकर पत्रकार वेद प्रकाश अपने भावनाओं पर काबू नहीं रख सके और उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े। उन्होंने गहरे शोक के साथ अपने पिता और पुत्र को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में ग्रामीण और गणमान्य लोग मौजूद रहे, जिन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की।

# पालीगंज में झूमटा जुलूस के दौरान बवाल

## पुलिस पर रोड़ेबाजी, आत्मरक्षार्थ पुलिस ने की पांच राउंड फायरिंग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पालीगंज।** पालीगंज के सिंगोड़ी थाना क्षेत्र के करहरा गांव में होली के दूसरे दिन झूमटा जुलूस के दौरान ग्रामीणों और पुलिस के बीच झड़प हो गई। इस दौरान ग्रामीणों ने पुलिस पर रोड़ेबाजी कर दी, जिसमें एक जवान मामूली रूप से घायल हो गया। स्थिति बिगड़ते देख पुलिस ने आत्मरक्षार्थ करीब पांच राउंड फायरिंग की और भीड़ को तितर-बितर कर दिया।

**यह है घटना का विवरण**

सूत्रों के अनुसार, सिंगोड़ी थाना क्षेत्र के चंदोस पंचायत अंतर्गत करहरा गांव के बिंद टोला के ग्रामीणों द्वारा झूमटा जुलूस निकाला गया। जब जुलूस देवी स्थान के पास पहुंचा, उसी समय वहां से गुजर रही सिंगोड़ी थाने की पुलिस गाड़ी पर कुछ अराजक तत्वों ने कीचड़ और पत्थर फेंक दिए।

पुलिस ने इस पर तुरंत प्रतिक्रिया देते हुए ग्रामीणों को खदेड़ने की कोशिश की, लेकिन इस दौरान भाग रहे कुछ लोगों ने पुलिस पर जमकर रोड़ेबाजी शुरू कर दी। इसमें एक पुलिसकर्मी मामूली रूप से घायल हो गया। हालात को काबू में करने के लिए पुलिस ने आत्मरक्षार्थ पांच राउंड फायरिंग की, जिसके बाद भीड़ तितर-बितर हो गई।

**क्या कहते हैं एसडीपीओ**

घटना को लेकर जब सिंगोड़ी थानाध्यक्ष से संपर्क करने की कोशिश की गई, तो उनका मोबाइल बंद मिला। इस संबंध में पालीगंज एसडीपीओ प्रीतम कुमार ने बताया कि करहरा गांव में पुलिस पर हुई रोड़ेबाजी में एक जवान मामूली रूप से घायल हुआ है। घटना में शामिल लोगों की पहचान की जा रही है और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# लापरवाही बरतने वाले अधिकारी व कर्मी निलंबित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** एसपी भोजपुर मिस्टर राज ने तनिष्क शोरुम में हुई लूट की घटना पर लापरवाही बरतने वाले पुलिस अधिकारी व कर्मियों पर कार्रवाई की है। यह कार्रवाई आरा शहर के नगर थाना में दर्ज एफआईआर के अनुसंधान के दौरान लापरवाही उजागर होने के बाद की है। कारवाई में 112 डायल के अधिकारी, कर्मी समेत अन्य को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जिसमें प्रभारी पुलिस अवर निरिक्षक मनोज तिवारी, महिला सिपाही स्वीटी कुमारी व सिपाही मंटू कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। वही डायल 212 के चालक अरविंद कुमार, क्रॉस मोबाइल, आरा नगर थाना व आरा नवादा थाना को तत्काल प्रभाव से हटाया गया है। गौरतलब हो कि नगर थाना क्षेत्र के गोपाली चौक के समीप 10 मार्च 2025 को तनिष्क शोरुम में 10.9 करोड़ रुपये की ज्वेलरी का लूट लूटेरो द्वारा किया गया। घटना की सूचना की अनदेखी करने पर यह कार्रवाई की है।

# मटका फोड़ कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोइलवर।** प्रखंड के गोवर्धन चक गांव में होली पर्व के समापन पर रविवार को नवयुवक संघ गोवर्धन चक के द्वारा मटका फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन जिला परिषद रविंद्र रजक तथा मथुरापुर पंचायत के पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि वकील कुमार के द्वारा किया गया।



आयोजन में खेसरहियां तथा गोवर्धन चौक गांव के टीम ने हिस्सा लिया। मटका को करीब 15 फीट ऊपर लटकाया गया और एक दूसरे युवा के ऊपर चढ़ते हुए मटका फोड़ने का अनेकों बार प्रयास किया गया पर मटका नहीं फूटा। कमेटी के द्वारा बेहतर परफॉर्मेंस के आधार पर खेसरिया की टीम के द्वारा दो बार मटकी को टच करने की स्थिति में विजेता घोषित करते हुए शील्ड प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि के द्वारा दोनों टीमों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में खेसरिया पंचायत के उप मुखिया अंकित सिंह, वार्ड सदस्य रंजन कुमार उर्फ डार्विन, अमित सिंह, मनी मास्टर सहित क्षेत्र के अन्य गण्यमन लोग उपस्थित रहे।

# गौसगंज में मामूली विवाद ने लिया हिंसक रूप, दो पक्षों के बीच मारपीट में दर्जनों घायल

## दोनों पक्षों की ओर से दर्ज कराई गई है प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पालीगंज।** पालीगंज के पियरपुरा थाना क्षेत्र के गौसगंज गांव में मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई, जिसमें दर्जनों लोग घायल हो गए।

**मारपीट के दौरान हुई रोड़ेबाजी, पुलिस ने संभाला मोर्चा**

घटना होलिका दहन के दूसरे दिन संध्या के समय की है, जब छोटे से विवाद ने उग्र रूप ले लिया और दोनों पक्षों के बीच मारपीट शुरू हो गई। इस दौरान एक-दूसरे पर रोड़ेबाजी भी की गई, जिससे कई लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सूचना मिलते ही पियरपुरा थानाध्यक्ष रंजन कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। घायल लोगों को उपचार के लिए पालीगंज अस्पताल भेजा गया, जहां चिकित्सकों द्वारा सभी का इलाज किया गया।

**एफआईआर दर्ज, जांच जारी**

इस संबंध में थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

CMYK

# बहुआयामी प्रतिभा वाले व्यक्ति थे अटल जी : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मोतिहारी।** आज भाजपा मोतिहारी द्वारा भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी महोत्सव के अंतर्गत नगर भवन में जिलाध्यक्ष पवन राज की अध्यक्षता एवं कार्यक्रम के संयोजक सियावर सिंह के संचालन में अटल विरासत सम्मेलन का आयोजन किया गया। मंत्री बिहार सरकार गन्ना उद्योग विभाग कृष्णनंदन पासवान ने कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का व्यक्तित्व वैश्विक था। अटल जी के अद्वितीय व्यक्तित्व, वक्तव्य, कर्तव्य, और मित्रत्व ने उनके नेतृत्व को नए तरीके से परिभाषित किया। उनकी विरासत को आने वाली पीढ़ियां सदैव संजोकर रखेंगी। मोतिहारी विधायक पूर्व मंत्री बिहार सरकार प्रमोद कुमार ने कहा कि अटल जी अपने विरोधियों को भी बराबर सम्मान देते थे। अटल बिहारी वाजपेयी ने सात्विक लोकतांत्रिक मर्यादाओं का आजीवन पालन किया। देश के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने विपक्षी होने के बावजूद अटल जी को भारतीय राजनीति का 'भीष्म पितामह' कहा था। गोविंदगंज विधायक सुनील मणि तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि अटल जी एक प्रतिष्ठित नेता, प्रखर राजनीतिज्ञ, निःस्वार्थ सामाजिक कार्यकर्ता, सशक्त वक्ता, कवि, साहित्यकार, पत्रकार और बहुआयामी प्रतिभाओं वाले व्यक्ति थे। जिलाध्यक्ष पवन राज ने अपने संबोधन में कहा कि अटल जी अपनी दूरदृष्टि, नेतृत्व क्षमता और लोकप्रियता के कारण तीन बार देश के प्रधानमंत्री बने। पक्ष और विपक्ष दोनों आपका सम्मान करते थे। उन्हें भारतीय राजनीति का अजातशत्रु के नाम से जाना जाता थाद्य पूर्व विधायक सचिन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी शानदार और विराट व्यक्तित्व के नेता थे। उनकी वाकपटुता विरोधियों के हमलों का माकूल जवाब देकर उन्हें निरुत्तर कर देती थी। पूर्व जिलाध्यक्ष प्रकाश अस्थाना ने अपने संबोधन में कहा कि अटल जी एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचारधारा थे। भारतीय राजनीति में उनके जैसा व्यक्ति न कभी हुआ न होगा। वह एक ऐसे राजनेता थे जिन्होंने अपनी बुद्धिमत्ता, दूरदर्शिता और इमानदारी के साथ भारत की नियति को आकार दिया। कार्यक्रम में उप महापौर डॉ0 लालबाबू प्रसाद, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रकाश अस्थाना, मुख्य पार्षद केसरिया नगर पंचायत रिंकू पाठक, महामंत्री योगेन्द्र प्रसाद, जिला प्रभारी वरूण सिंह, डॉ. अतुल कुमार, डॉ. अरुण कुमार, गुलरेज शहजाद, विनोद कुशवाहा, सुधांशु रंजन, ऋषभ झा, पप्पू पाण्डेय, उत्तम मिश्रा, राजेश कुमार, रोचक झा, राकेश गुप्ता, कुमार विजय, संगीता चित्रांश, नीता शर्मा, मीना मिश्रा, पूजा सिंह, कुंदन पासवान, बबलू पासवान, जगजीवन पासवान, संजय सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं नेता उपस्थित थे।

# मारपीट व युवक की हत्या मामले में 15 गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मोतिहारी/कल्याणपुर (पूर्वी चम्पारण)।** पिछले दिनों कल्याणपुर थाना क्षेत्र के बैरागी टोला गाँव में चुनावी रंजिश को लेकर हुए मारपीट एवं युवक की हत्या मामले में पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए 15 आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। उक्त जानकारी एसपी स्वर्ण प्रभात ने अपने कार्यालय कक्ष से प्रेस रिलीज जारी कर दी है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार सभी आरोपित उक्त थाना क्षेत्र के बखरी गांव निवासी बताये जा रहें हैं, जिनके पास से पुलिस ने 01 एक नाली बंदूक मैगजीन सहित, 02 जिन्दा कारतूस, तीन गोंडा, एक धारदार बड़ा हथियार व देशी व विदेशी शराब बरामद किया है। गिरफ्तार होने वालों में बखरी गांव निवासी छोटे लाल राय उर्फ छोटू राय, अमरेन्द्र राय, देवेंद्र राय रंधीर राय, धीरेन्द्र राय, लौकेश उर्फ कृष्णा राय,दिपेन्द्र कुमार, नीतीश कुमार, जगरनाथ राय, विश्व नाथ राय, रामनाथ राय, सुनील यादव, टेका राय, राजेश उर्फ राकेश कुमार व दिलीप कुमार उर्फ अभिनव कुमार शामिल हैं। एसपी ने कहा कि 14 मार्च को बैरागी टोला में चुनावी रंजिश को लेकर मारपीट की घटना हुई थी, जिसमें रोहित कुमार पर धारदार हथियार से वार किया गया, जिससे उसका पेट कट गया। जिससे उसका अमाशय बाहर निकल गया, जिसे बेहतर इलाज के लिए अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में ही मौत हो गयी। इस बात कल्याणपुर थाना में कांड सं0-93/25 दर्ज कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतू छापेमारी की गयी, जहां पुलिस को यह सफलता हाथ लगी। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार जगरनाथ राय व छोटेलाल राय का अपराधिक इतिहास है।

# एमजीसीयु के पूर्व शोधार्थी डॉ. चटर्जी बने रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय में सहायक आचार्य

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के पूर्व शोधार्थी डॉ. स्वरूपानंद चटर्जी का चयन असम सरकार के रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय में सहायक आचार्य पद पर हुआ है।

कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने डॉ. चटर्जी को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा डॉ. स्वरूपानंद का रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में चयन उनकी मेहनत, लगन एवं अंग्रेजी विभाग के शिक्षकों के समर्पण का प्रतिफल है। हमारे छात्र निरंतर उच्च मुकाम हासिल कर रहे हैं, जो शिक्षण-प्रशिक्षण की गुणवत्ता को दर्शाता है। गांधी परिसर परिसर के निदेशक और विभागाध्यक्ष प्रो. प्रसून दत्त सिंह ने डॉ. स्वरूपानंद चटर्जी को बधाई देते हुए उन्हें अत्यंत परिश्रमी और अपने कार्य के प्रति समर्पित व्यक्ति बताया। प्रो. सिंह ने कहा कि यह उपलब्धि अन्य शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक होगी। अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. बिमलेश कुमार सिंह ने डॉ. चटर्जी की सफलता पर खुशी जताते हुए उन्हें अत्यंत मेधावी और विषय के प्रति समर्पित शिक्षाविद'' बताया। उन्होंने कहा, यह उपलब्धि न केवल स्वरूपानंद के व्यक्तित्व, बल्कि पूरे विभाग के लिए प्रेरणा दायक है। हमें विश्वास है कि वे अपने नए दायित्वों में भी उत्कृष्टता बनाए रखेंगे। अंग्रेजी विभाग के सहायक आचार्य डॉ. उमेश पात्रा, डॉ. कल्याणी हाजरी, डॉ. दीपक, व बालंडे चंदोबा नरसिंह ने भी डॉ. चटर्जी को शुभकामनाएं दीं तथा उनके शोध व शैक्षणिक योगदान की सराहना की। विश्वविद्यालय के शिक्षकों, शोधार्थियों एवं छात्रों ने भी सोशल मीडिया के माध्यम से उन्हें बधाई संदेश भेजे। डॉ. स्वरूपानंद चटर्जी ने इस सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों, माता - पिता, साथियों और मार्गदर्शकों को दिया। उन्होंने कहा, शैक्षणिक क्षेत्र में सफलता के लिए निरंतर अध्ययन, अनुशासन और सामाजिक प्रतिबद्धता आवश्यक है।

# माकपा संग्रामपुर की मंत्री चुने गए मुकेश पासवान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**संग्रामपुर।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) संग्रामपुर लोकल कमिटी का कार्यकर्ता बैठक आंबेडकर नगर बरवा स्थित सामुदायिक भवन में कामरेड परमेश्वर महतो की अध्यक्षता एवं जिला मंत्री कामरेड सत्येंद्र कुमार मिश्रा के पर्यवेक्षण में संपन्न हुई । कार्यकर्ता बैठक को उद्घाटन करते हुए पार्टी के जिला मंत्री सत्येन्द्र कुमार मिश्र ने पार्टी के निर्माण काल से अब तक के इतिहास एवं सिद्धांत पर विस्तार से बातें रखी। उन्होंने 20 मार्च को मोतिहारी में आयोजित बदलो सरकार बचाओ बिहार प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की।

# नेपाल विंग्स इंटरनेशनल क्रिटिक्स फिल्म फेस्टिवल में 'चंपारण सत्याग्रह' का जलवा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** काठमांडू में आयोजित नेपाल विंग्स इंटरनेशनल क्रिटिक्स फिल्म फ़ेस्टिवल के छठे संस्करण में फिल्म 'चंपारण सत्याग्रह' ने बेस्ट फिल्म, बेस्ट स्टोरी और बेस्ट डायरेक्टर का पुरस्कार जीतकर एक नई उपलब्धि हासिल की। इस सफलता के बाद फिल्म न केवल आकर्षण का केंद्र बनी, बल्कि इससे जुड़े कलाकारों और तकनीशियनों में भी उत्साह का माहौल है।

इससे पहले, फिल्म 'चंपारण सत्याग्रह' को बिहार महोत्सव 2024 (दिल्ली), गोवा इंटरनेशनल फिल्म कंपटीशन 2024 (गोवा), स्वर्ण भारत इंटरनेशनल फिल्म फ़ेस्टिवल 2025 (मुंबई), बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर इंटरनेशनल फिल्म फ़ेस्टिवल 2025 (मुंबई) में आधिकारिक रूप से चयनित किया जा चुका है। अब नेपाल में यह अपनी पहचान बनाने में सफल रही है।

**युवा पीढ़ी को ऐतिहासिक आंदोलन से जोड़ने की कोशिश**

फिल्म के अभिनेता एवं निर्देशक डॉ. राजेश अस्थाना ने बताया कि चंपारण सत्याग्रह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का पहला असहयोग आंदोलन था, जिसका ऐतिहासिक महत्व अत्यधिक है। उन्होंने कहा, आज की युवा पीढ़ी इस आंदोलन के बारे में बहुत कम जानती है। उन्हें अपने पूर्वजों के बलिदान से परिचित कराने के लिए हमने यह भव्य फीचर फिल्म बनाई है, जो चंपारण के इतिहास के अनछुए पहलुओं को दुनिया के सामने लाएगी। युवराज मीडिया एंड एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित यह फिल्म सुप्रसिद्ध गांधीवादी ब्रजकिशोर सिंह की पुस्तक 'चंपारण में बापू' और डॉ. राजेश अस्थाना द्वारा लिखित 'चंपारण सत्याग्रह गाथा' से प्रेरित है। फिल्म के निर्माता ई. युवराज हैं, जबकि निर्देशन की जिम्मेदारी राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता डॉ. राजेश अस्थाना ने संभाली है। इस फीचर फिल्म में 168 कलाकारों ने संवादों के साथ अभिनय किया है, जबकि 1,000 से अधिक जूनियर आर्टिस्ट, बैल, घोड़े और हाथियों ने भी विशेष भूमिका निभाई है। फिल्म की सह-निर्मात्री डॉ. सीमा रानी, अस्मिता राज, सुरभि श्रीवास्तव और अशोक सहनी हैं।

गीतकार पंडित अश्विनी कुमार 'आंसू' और डॉ. राजेश अस्थाना हैं, जबकि संगीतकार स्नेहाशीष शिबू देब हैं। अन्य प्रमुख टीम सदस्यों में छायाकार अशोक माही, कास्टिंग डायरेक्टर शहज़ाद खान, बिजनेस हेड आकाश मित्तल, प्रोडक्शन हेड सम्राट, स्थिर छायाकार रिंकू गिरी, फिल्म संपादक कृष्ण मुरारी यादव, पोस्ट प्रोडक्शन जी फोकस स्टूडियो मुंबई, डीआई एवं वीएफएक्स संपादन रविंद्र कुमार मौर्य, थ्री-डी विशेषज्ञ सुरेंद्र पंडित, साउंड डिजाइनर राजा यादव और पीआरओ समरजीत शामिल हैं।

## एक नजर

### अपहरण मामले में एफआइआर दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पीपराकोठी (पूर्वी चम्पारण)।** थाना क्षेत्र के एक गांव की एक छात्रा के अपहरण के मामले को लेकर स्थानीय थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। इस संबंध में छात्रा के पिता ने गांव के ही राजन कुमार, मिथलेश कुमार, संगीता देवी, रानी कुमारी व सर्वेश कुमार सहित पांच लोगों को आरोपित किया। उसने अपने आवेदन में बताया है कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री गांव के बाजार पर प्रतिदिन कोचिंग करने जाती थी। वहां से आने के क्रम में उसका अपहरण कर लिए। बताया कि जब वह कोचिंग करने गई थी इसी बीच घात लगाकर बैठे सभी आरोपियों ने मिलकर उसकी पुत्री का अपहरण कर लिए। उसकी पुत्री उसी दिन बैंक से दस हजार रुपए बैंक से निकाली थी। हालांकि मामले को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है।

### चार शराब तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आदापुर (पूर्वी चंपारण)।** स्थानीय पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अलग-अलग स्थानों से चार शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से नेपाल से लाई गई 93 बोतल विदेशी शराब बरामद की गई है। थानाध्यक्ष धर्मवीर कुमार चौधरी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में मंझरिया गांव निवासी झंकार साह (पिता - दसयी साह), लाला छपरा गांव निवासी अब्दुल्ला आलम (पिता - सिराजुल मियां), बेलदरवा गांव निवासी कृष्णा कुमार (पिता - भरत साह) और मनीष कुमार (पिता - अनिरुद्ध साह) शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है और आगे की जांच जारी है।

### नाबालिग के अपहरण मामले में प्राथमिकी दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)।** शिकारगंज थाना क्षेत्र के एक गांव से एक नाबालिग लड़की के अपहरण का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़िता की मां ने थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। आवेदन में गांव के ही उपेंद्र महतो, नीलम देवी, शिवांगी कुमारी और साचिक कुमार को आरोपित किया गया है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि इन व्यक्तियों ने शादी की नीयत से उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपहरण कर लिया। जब परिवार ने इस संबंध में पूछताछ की, तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। शिकारगंज थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि मामले की जांच के बाद प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पूछताछ के लिए उपेंद्र महतो को थाना बुलाया गया, जहां उन्होंने पुलिस जांच में सहयोग किया। थानाध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि नाबालिग को शीघ्र बरामद कर लिया जाएगा। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पालीगंज।** नगर बाजार स्थित कच्ची पोखरा इलाके में एक किराए के मकान में रह रहे युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान अरवल जिले के किंजर थाना क्षेत्र के परियारी पाचु बिगहा गांव निवासी बद्री मिस्त्री के 32 वर्षीय पुत्र अखिलेश कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पटना एम्स भेज दिया है। मौत की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही, पटना से फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) की टीम को बुलाकर घटना की गहन जांच कर साक्ष्य एकत्र किए गए। पालीगंज थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है, लेकिन पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि अखिलेश की पत्नी को पूछताछ के लिए थाना लाया गया है। यह जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि यह आत्महत्या है या किसी साजिश के तहत हत्या।

### युवक चरस के साथ गिरफ्तार, 1.334 किलोग्राम मादक पदार्थ बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आदापुर (पूर्वी चंपारण)।** भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध जारी अभियान के तहत स्थानीय पुलिस ने एक युवक को चरस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 1 किलो 334 ग्राम चरस बरामद की है। थानाध्यक्ष धर्मवीर कुमार चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि वेलवा गांव निवासी मनोज कुमार गिरी, जो राम पुकार गिरी का पुत्र है, नेपाल से चरस लेकर आ रहा था। पुलिस ने बलुवाहा टोला सैनिक रोड के पास से उसे पकड़ लिया। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे पकड़ लिया। पुलिस ने उसके पास से एक मोबाइल फोन भी बरामद किया है, जिससे मामले से जुड़ी अन्य जानकारियां जुटाई जा रही हैं।

# घायल युवक की इलाज के दौरान हुई मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पीपराकोठी(पूर्वी चम्पारण)।** थाना क्षेत्र के सूर्यपुर पंचायत के झखरा बंगाली कॉलोनी में एक युवक धारदार हथियार के वार से घायल मिला। परिजनों ने उसे इलाज के लिए मोतिहारी ले गए। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक की पहचान थाना क्षेत्र के बेलवतिया निवासी राजेन्द्र बैठा का 20 वर्षीय पुत्र मंजीत कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाबत मृतक के पिता राजेंद्र बैठा के आवेदन पर पांच ज्ञात और चार पांच अज्ञात को आरोपित करते हुए एफआईआर दर्ज किया गया है। जिसमें झखरा कोलनी के किरण दास, मिंटू कुमार दास, किशन कुमार दास, सोनू कुमार दास और रामचंद्र दास उर्फ रामा दास सहित चार पांच अज्ञात शामिल हैं। बताया कि आरोपित साजिश के तहत फोन कर रात्रि में उसके बेटे को बुलाए। जब वहां पहुंचा तो उसे घर के अंदर बुला सभी ने दबिला, चाकू व लोहे के रॉड से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिए। वहां से घायल अवस्था में भाग कर मठ के पास एक फूस के घर में जान बचाने के लिए घुसा। वहां उपस्थित लोगों ने फोन से इसकी जानकारी परिजनों को दी। परिजनों ने इलाज के लिए घायल युवक सदर अस्पताल मोतिहारी ले गए। जहां से चिकित्सकों ने उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए रेफर कर दिया। बाद में परिजनों ने एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया। जहां गुरुवार की शाम उसकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष खालिद अख्तर ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं एफआईआर दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

# बाइक चोरी कर भाग रहे चोर को लोगों ने पकड़ किया पुलिस के हवाले

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चकिया(पूर्वी चम्पारण)।** शहर के मुजफ्फरपुर रोड स्थित गांधी मैदान द्वार के निकट एक दुकान के सामने से दुकान में काम करने वाले बांसघाट गांव निवासी पवन कुमार की बाइक चोरी कर भाग रहे चोर को लोगो ने खदेड़ कर रंगे हाथ पकड़ लिया तथा चोर को पुलिस के हवाले कर दिया। पकड़े गये चोर की पहचान चिरैया के रहने वाले रूपेश कुमार के रूप में बतायी गयी है। बाइक मालिक ने बताया कि मैं अपनी ग्लैमर बाइक दुकान के सामने लॉक कर खड़ी की। कुछ देर के बाद उक्त स्थान पर खड़ी बाइक को देखा तो दंग रह गया। मेरी बाईक को एक युवक लेकर भाग रहा था हल्ला किया लोगो ने दौड़ कर बाईक लेकर भाग रहे युवक को पकड़ लिया। वहीं शोर मचाने पर अगल बगल के दुकानदार के अलावा शहर आये लोग जुट गये, जिनके सहयोग से चोर को पुलिस के हवाले कर दिया।

# रौनियार वैश्य बंधु समिति का होली मिलन सह सम्मान समारोह संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)।** श्री रौनियार वैश्य बंधु समिति (रक्सौल) के तत्वावधान में होली मिलन सह सम्मान समारोह का आयोजन स्थानीय रामजानकी मंदिर परिसर में हर्षोल्लासपूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर सैकड़ों स्वजातीय बंधुओं ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर पर्व की खुशियों को साझा किया। समारोह के दौरान गीत-संगीत और नृत्य की प्रस्तुतियों ने माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ समिति के संरक्षक भरत प्रसाद गुप्ता, अध्यक्ष शिव पूजन प्रसाद, उपाध्यक्ष रामजी प्रसाद व अरुण गुप्ता, महासचिव भैरव प्रसाद गुप्ता, सचिव रमेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष राज कुमार गुप्ता, अंकेक्षक रवि गुप्ता, मीडिया प्रभारी दीपक कुमार सहित कार्यकारिणी सदस्यों शिव शंकर प्रसाद, शिवजी प्रसाद, हरिपूजन प्रसाद, कृष्णा प्रसाद, जयप्रकाश प्रसाद, राजीव कुमार, जय प्रकाश प्रसाद, राजू प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद, राज कुमार गुप्ता (शिक्षक), मोहन लाल प्रसाद आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह को संबोधित करते हुए संरक्षक भरत प्रसाद गुप्ता ने होली के अवसर पर प्रेम, भाईचारे और मानवता के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि कुरीतियों, अशिक्षा और नशा के त्याग से ही समाज और देश की तरक्की संभव है। वहीं, अध्यक्ष शिव पूजन प्रसाद ने मंच से घोषणा की कि समिति की नई कमेटी का चुनाव जल्द ही कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बल पर नई पीढ़ी हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर रही है, जो गर्व की बात है।

समारोह में बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य व्यक्ति, युवा, महिलाएं और बच्चे उपस्थित रहे, जिन्होंने होली पर्व को हर्षोल्लास से मनाया।

# शराब कारोबारी के घर में छापा मार कर नेपाली शराब की बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पताही (पूर्वी चम्पारण)।** थाना क्षेत्र के बखरी गांव में पुलिस ने शुक्रवार की सुबह अवैध शराब के ठिकाने पर छापेमारी की। यह कार्रवाई थानाध्यक्ष विनीत कुमार के नेतृत्व में की गई। पुलिस ने यहां से भारी मात्रा में नेपाली शराब को बरामद किया है।बताया जाता है कि पुलिस को सूचना मिली थी कि यह ठिकाना लंबे समय से अवैध शराब तस्करी का केंद्र बना हुआ है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने घर के अंदर बने तहखाने से हजारों रुपये की शराब जब्त की। बरामद शराब की अनुमानित कीमत करीब एक लाख से अधिक रुपये बताई जा रही है। इस छापेमारी में पुलिस ने एक शराब धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष विनीत कुमार ने बताया कि पुलिस ने गुप्त सूचना पर छापेमारी कर बखरी गांव निवासी सुबोध राम के घर के किचन व जमीन के अंदर छुपा कर रखें 1754 बोतल नेपाली शराब को बरामद किया है। इस दौरान पुलिस ने सुबोध राम को भी मौके से गिरफ्तार कर लिया।

# 460 लीटर शराब बरामद, तीन गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)।** होली के अवसर पर लाखों रुपये मूल्य की विदेशी शराब को पुलिस ने छापेमारी कर बरामद किया है। यह कार्रवाई शुक्रवार को थाना क्षेत्र के खड़तरी गांव में की गई। गुप्त सूचना के आधार पर थानाध्यक्ष महेंद्र कुमार के नेतृत्व में एक पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम ने गांव निवासी सुरेश भगत के घर को चारों ओर से घेरकर तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान घर के विभिन्न कोनों, वाशिंग मशीन, फ्रिज, पलंग के बॉक्स सहित अन्य स्थानों पर छिपाकर रखी गई शराब बरामद की गई। सूत्रों के अनुसार, शराब को छुपाने के लिए घर में एक गुप्त तहखाना भी बनाया गया था। बताया जा रहा है कि पुलिस सबसे पहले सादे कपड़ों में ग्राहक बनकर शराब खरीदने पहुंची थी, जिसके बाद छापेमारी की गई। इस दौरान पुलिस को घरवालों के विरोध का भी सामना करना पड़ा। थानाध्यक्ष महेंद्र कुमार ने बताया कि छापेमारी में कुल 460 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत चार लाख रुपये से अधिक है। इस मामले में सुरेश भगत और उनके दो पुत्रों–विशाल कुमार एवं रविशंकर कुमार–को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के बाद तीनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

# चुनचुन मिश्रा को मिली सफलता, सेब के पेड़ में पहली बार आए फूल

## अन्य किसानों को भी सेब की खेती करने के लिए प्रेरित करेंगे चुनचुन मिश्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेहसी (पूर्वी चम्पारण)।** मेहसी प्रखंड क्षेत्र के बिशम्भरपुर गांव निवासी स्वर्गीय शिवनंदन मिश्रा का किसान पुत्र राजेश कुमार उर्फ चुनचुन मिश्रा के लिए यह एक ऐतिहासिक क्षण है, जब उनके द्वारा लगाए गए सेब के पेड़ में पहली बार फूल आए। यह घटना न सिर्फ उनके लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, बल्कि पूरे क्षेत्र के किसानों के लिए भी एक प्रेरणा स्रोत बन गई है। चुनचुन मिश्रा की इस सफलता ने यह सिद्ध कर दिया है कि कठिन मेहनत, समर्पण और सही मार्गदर्शन से किसी भी नए कृषि प्रयास में सफलता पाई जा सकती हैद्य चुनचुन मिश्रा ने कई साल पहले सेब के पेड़ लगाने का निर्णय लिया था, जो इस क्षेत्र में एक नया और अनोखा प्रयास था। शुरुआत में इस कदम को लेकर कई आशंकाएं थीं, क्योंकि मेहसी क्षेत्र का जलवायु और मृदा इस तरह की फसल के लिए अनुकूल नहीं मानी जाती थी। लेकिन चुनचुन मिश्रा ने हार नहीं मानी और आधुनिक कृषि पद्धतियों का इस्तेमाल करते हुए अपनी मेहनत को इस दिशा में समर्पित किया। अब उनके खेत में लगाए गए सेब के पेड़ में फूल आने लगे हैं, जिससे यह संकेत मिलता है कि जल्द ही वहां सेब का उत्पादन शुरू हो सकता है।

**लीचीपुरम उत्सव समिति की भूमिका:** इस सफलता के पीछे लीचीपुरम उत्सव समिति का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। समिति के महासचिव सुदिष्ट नारायण ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश के सेब बागानों का दौरा कर मेहसी के लिए उपयुक्त सेब की नस्ल का चयन किया था। इस प्रयास ने क्षेत्र के किसानों को सेब की खेती के लिए प्रेरित किया। सुदिष्ट नारायण ठाकुर की पहल ने सेब की खेती को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय किसानों को न केवल आवश्यक तकनीकी जानकारी दी, बल्कि उन्हें इस नई खेती की ओर आकर्षित किया। श्री मिश्रा के इस सफल प्रयास ने मेहसी क्षेत्र के अन्य किसानों को भी प्रेरित किया है। कई किसान अब उनसे सेब की खेती की विधियों और उनके अनुभवों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए तैयार हैं। यह बदलाव कृषि के क्षेत्र में एक नई दिशा का संकेत है, जो पुराने और पारंपरिक तरीकों से बाहर जाकर आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाने की ओर बढ़ सकता है।

# सिटीजन फोरम ऑफ़ मोतिहारी की टीम ने पुलिस कर्मियों को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** नगर के नागरिकों के संगठन सिटीजन फोरम ऑफ मोतिहारी ने मोतिहारी शहर में होली के पावन पर्व एवं रमजान में जुम्मा के नमाज पर कानून व्यवस्था के लिए तैनात पुलिस अधिकारियों और जवानों को मिठाई, मेवा, पानी की बोतल, होली उपहार के रूप में देकर उन्हें अबीर, गुलाल लगाया। पुलिस कर्मी एवं सरकारी पदाधिकारी अपनी ड्यूटी के कारण घरों से दूर रहते हैं और कोई पर्व त्यौहार ढंग से नहीं मना पाते इस बात को ध्यान में रखकर यह कार्यक्रम बनाया गया था। सिटीजन फोरम ऑफ़ मोतिहारी की अध्यक्ष बिंट्टी शर्मा के नेतृत्व में फोरम के सदस्यों की एक टोली नगर के सत्याग्रह चौक से अपना अभियान प्रारंभ किया द्य नगर थाना, मीना बाजार चौक, छतौनी थाना एवं नाका नंबर एक मे जाकर पुलिस कर्मियों को होली की शुभकामना अबीर का टीका लगाकर दिया एवं उनका मुंह मीठा कराया। नगर थाना में उपस्थित अंचलाधिकारी संध्या कुमारी ने इस अभियान की काफी प्रशंसा की। उन्हें जयपुरी खुशबूदार अंग वस्त्र से सम्मानित भी किया गया। सारे पुलिसकर्मी बहुत भाव विभोर हो गये कि घर से इतनी दूर उन्हें परिवार वाला मान सम्मान एवं प्यार मिला।फोरम के पदाधिकारी जिस समय सड़कों पर पुलिस कर्मियों का अभिनंदन कर रहे थे वहां से गुजर रहे नागरिकों ने फोरम के इस अभियान की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस अभिनंदन अभियान में अध्यक्ष बिंट्टी शर्मा, उपाध्यक्ष धर्मवर्धन प्रसाद एवं अरुण कुमार श्रीवास्तव, सचिव सतीश टंडन, फोरम के संस्थापक अध्यक्ष वीरेंद्र जालान, प्रोफेसर संध्या चौधरी, पटना उच्च न्यायालय के अधिवक्ता कुमार अमित सम्मिलित हुए ।

# होली शांतिपूर्वक से सम्पन्न



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दनियावां(पटना)।** प्रखंड के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में रंगों और उमंगों का त्योहार होली शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गया। दनियावां बाजार, फरीदपुर शाहजहांपुर, सरथुआ, तोप, जीवनचक, बांकीपुर-मछरियावां, एरई, सिंगरियावां, नीमी सलारपुर समेत कई गांवों में युवाओं, बुद्धिजीवियों समेत सभी तबके के लोगों ने एक दूसरे को अबीर, गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। सरथुआ के मां काली स्थान परिसर में ग्रामीणों ने होली गीतों और चैता गायन की प्रस्तुति दी। इसमें काफी उत्साह देखा गया। ब्राह्मण समाज के पटना जिलाध्यक्ष पंडित रमाकांत शास्त्री ने बताया कि होली का पर्व हमारी आंतरिक खुशी का परिचायक है। भारतीय संस्कृति में ये रंगभरे त्योहार प्रेम, सद्भावना और साहौर्द का संदेश देते हैं।

# डफली, और ढोलक की थाप पर झूमते लोगों ने जम कर उडाये रंग-गुलाल



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** निजी विवाद को लेकर घटी छिटपुट घटनाओं को छोड़ दें तो जिले में विविध रंगों व व्यंजनों के साथ मस्ती का पारंपरिक महोत्सव होली के मौके पर दोनो दिन हमेशा की तरह उत्साह और उमंग सिर चढ कर बोला। क्या बच्चे, क्या बूढे क्या जवान, हर तरफ ढोलक और डफली की थाप पर गूंज रहे होली गीतों के संग लोग झूमते नाचते देखे गये। कुल मिला कर हर्षोल्लास भरे माहौल में होली का त्योहार संपन्न हो गया। जगह जगह लोग एक दूसरे को रंग गुलाल लगाते दिखे। बताते चलें कि गेंहूं की फसल तैयार होने की खुशी में मनाया जाने वाला अंग्रेजी वर्ष का दूसरा और हिन्दी वर्ष का पहला नवान्नोनिष्ठ होली चैत्र मास की प्रतिपदा को मनाया जाता है। गुरूवार को होलिका दहन के बाद शुक्रवार को दिन भर पुर्णिमा रहने के कारण होली शनिवार को था। मगर यह पर्व ही अपने आप में अनूठा है। न नियमों का कोई बंधन, न पवित्रता की बाध्यता, न पूजा पाठ का कोई चक्कर, न कोई प्रतिबंध, सिर्फ मस्ती, हुडदंग और विविध व्यंजनों का पर्व है होली। इसलिए होली के मस्तानों ने दोनों ही दिन यानि शुक्रवार और शनिवार को जम कर मस्ती की। विगत कुछ दिनों से प्रशासन और टीवी चैनल पर जो आशंकायें जताई जा रही थी वैसा कुछ नहीं हुआ। होली के पहले दिन जुमे की नमाज भी पुर अकीदत अदा की गई वहीं जम कर रंग गुलाल भी उडे। कई जगहों पर मुसलमान भाई भी होली के इस जश्न में शामिल देखे गये। इस क्रम में समस्तीपुर विधायक अख्तरूल इस्लाम शाहीन घूम-घूम कर होली की बधाई देते और ढोलक बजा कर होली गाते देखे गये, तो विधान पार्षद डॉ तरूण कुमार ने भी लोगों को होली को परस्पर प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक और सामाजिक समरसता का पर्व बताते हुए लोगों को बधाई और शुभकामनायें दी। इस अवसर पर लोगों को बधाई देते हुए श्री शाहीन ने कहा कि पर्व त्योहार जीवन में उमंग और नई उर्जा का संचार करते हैं। ये हमें परस्पर सौहार्द, प्रेम और भाईचारे का संदेश देते हैं। वास्तव में यही हमारे देश की खूबसूरती और मजबूती का आधार है। फिरका परस्त ताकतों को देश वासियों ने करारा जवाब दे दिया है। वहीं डॉ तरूण कुमार ने कहा कि होली के विविध रंग विविधता में एकता का संदेश देते हैं, जो हमारे देश की सांस्कृतिक पहचान है। होली के विविध रंग मिल कर जिस तरह एक नया माहौल बना देते हैं उसी तरह सभी जाति, संप्रदाय, धर्म के लोग मिल कर देश को एक नई पहचान देते हैं।

## रफीगंज में शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई होली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज।** रफीगंज के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में होली का पर्व हर्षोल्लास और सौहार्द के साथ मनाया गया। पुलिस प्रशासन की कड़ी चौकसी के कारण कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली, जिससे पूरे क्षेत्र में त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ।

होली के अवसर पर लोगों ने जमकर अबीर-गुलाल उड़ाए और एक-दूसरे को रंगों से सराबोर किया। शहर और गांवों में पारंपरिक होली गीतों के साथ उत्सव मनाया गया। बड़ी दुर्गा देवी स्थान, बिजली सब-स्टेशन स्थित शिव मंदिर, महादेव स्थान, चरकावां रोड, कासमा रोड सहित पौथू, वराही, कजपा, गोरडीहा, पोगर, लटा, तेमुड़ा, सिहुली, चौबड़ा, भदवा, दूगूल, लोहरा, बक्सी बिगहा, चेवं, भदूकी कला, इटार, अकौनी, खैरा मंझौली और उपरडीह जैसे स्थानों पर होली की धूम देखने को मिली। रविवार को शहरी क्षेत्र के सब्जी बाजार और धर्मशाला के पीछे मटका फोड़ होली और झूमटा कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पूरे शहर की गलियां रंगों से सराबोर हो गईं। लोग घर-घर जाकर बड़ों से आशीर्वाद लेते और होली की शुभकामनाएं देते नजर आए। होली के दौरान रफीगंज, कासमा और पौथू थाना की पुलिस टीम पूरी तरह सतर्क रही।

# रेल हादसे में अज्ञात अधेड़ की मौत, पुलिस ने शव बरामद कर की पहचान की अपील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के रफीगंज-इस्माईलपुर रेलवे स्टेशन के बीच डाउन लाइन पर पोल संख्या 504/16-12 के पास शुक्रवार को एक अज्ञात अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद किया गया। शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई और मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने के बाद रफीगंज पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया।

थानाध्यक्ष शंभु कुमार ने बताया कि शव देखने से प्रतीत होता है कि अधेड़ व्यक्ति की मौत ट्रेन की चपेट में आने से हुई है। हालांकि, यह दुर्घटना थी या आत्महत्या, इस पर अभी स्पष्ट रूप से कुछ नहीं कहा जा सकता। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। मृतक की अब तक पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन कोई भी व्यक्ति शव की पहचान नहीं कर सका। पोस्टमार्टम के बाद शव को थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है, ताकि मृतक के परिजनों तक सूचना पहुंचाई जा सके। स्थानीय लोगों के बीच इस घटना को लेकर कई तरह की चर्चाएं हो रही हैं। कुछ लोगों का कहना है कि अधेड़ व्यक्ति रेलवे ट्रैक पार कर रहा था, तभी अचानक ट्रेन की चपेट में आ गया। वहीं, कुछ लोगों का मानना है कि उसने खुद्कुशी की होगी। हालांकि, पुलिस हर पहलू की गहन जांच कर रही है। थानाध्यक्ष शंभु कुमार ने लोगों से अपील की है कि यदि कोई अपने परिवार के किसी सदस्य के लापता होने की सूचना देना चाहता है या शव की पहचान कर सकता है, तो जल्द से जल्द थाना से संपर्क करें। इस घटना को लेकर रेल प्रशासन और स्थानीय पुलिस सतर्क है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

## खलिहान में लगी आग, पांच बीघा पुआल जलकर राख

रफीगंज। प्रखंड के कजपा पंचायत स्थित पचरिया गांव में गुरुवार और शुक्रवार की दरमियानी रात भीषण अग्निकांड हुआ। गांव के निवासी योगेंद्र यादव के खलिहान में रखे गए पुआल में अचानक आग लग गई, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, रात करीब 1 बजे अचानक खलिहान में आग की लपटें उठने लगीं। तेज हवा के कारण आग तेजी से फैलने लगी, जिससे आसपास के ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने बाल्टी और पाइप के सहारे आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग पर काबू पाना मुश्किल हो रहा था। घटना की सूचना रफीगंज अग्निशमन विभाग को दी गई, जिसके बाद शुक्रवार तड़के करीब 4 बजे दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची। अग्निशमन कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक करीब पांच बीघा पुआल जलकर राख हो चुका था। पीड़ित किसान योगेंद्र यादव ने बताया कि इस आगलगी में उनकी बड़ी मात्रा में पुआल जलकर नष्ट हो गई, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। उन्होंने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है ताकि उनकी खेती को हुए नुकसान की भरपाई की जा सके। आग कैसे लगी, इसका कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाया है। ग्रामीणों का कहना है कि यह शॉर्ट सर्किट या किसी की शरारत की वजह से भी हो सकता है।

# नहीं रहे कांग्रेस के पूर्व प्रखण्ड अध्यक्ष डॉ अशोक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**ओईनी।** पिछले दिनों पूसा प्रखंड कांग्रेस कमिटी के पूर्व अध्यक्ष सह व्यापार मंडल के सदस्य डॉ0 अशोक कुमार साह का निधन हो गया। वे पिछले कुछ सालों से बीमार चल रहे थे। उनके निधन से कांग्रेस जनों में ही नहीं पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। जिला कांग्रेस कमिटी के निर्देशानुसार पूसा प्रखंड कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष दिनेश ठाकुर के नेतृत्व में प्रखंड कंाग्रेस कमिटी का एक प्रतिनिधि मंडल उनके आवास पर जाकर उन्हें पार्टी के झंडे में लपेट कर तथा पुष्प अर्पित कर अंतिम विदाई दी और उनके परिजनों को सांत्वना दी। इस अवसर पर एक शोक सभा का आयोजन भी किया गया जिसकी अध्यक्षता करते हुए प्रखंड कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष दिनेश ठाकुर ने उन्हें एक राष्ट्रवादी तथा कुशल समाजसेवी एवं गरीबों के हित के लिए समर्पित कंाग्रेसी कार्यकर्ता करार देते हुए कहा कि उनके निधन से हमने कांग्रेस का एक मजबूत स्तंभ खो दिया। वहीं युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव मो. मोहिउद्दीन ने कहा की कांग्रेस के प्रति समर्पण उनके खून मे था। उनके पिता स्वतंत्रता सेनानी व कांग्रेस के मजबूत स्तंभ थे। युवा कांग्रेस से अपनी राजनीति की शुरूवात करने के बाद से वे जीवन पर्यन्त कांग्रेस के सदस्य रहें। उनके निधन से पार्टी को जो अपूरणीय क्षति हुई है उसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं है। मौके पर जिला कांग्रेस कमिटी के महासचिव कन्हैया कुमार, भूपनेश्वर राम, प्रखंड कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष शिवराम ठाकुर, वरिष्ठ कंाग्रेसी अभय कुमार सिंह, आदि सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## शॉर्ट सर्किट से इलेक्ट्रिक दुकान में लगी आग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** मदनपुर थाना मुख्यालय के एन एच 19 किनारे मछली मार्केट के समीप शुक्रवार की देर रात में एक इलेक्ट्रॉनिक दुकान में शार्ट सर्किट से आग लगी जिसमें करीब पांच लाख रूपये की सामग्रियां जल कर खाक हो गई। हालांकि इस दौरान उपयुक्त संसाधनों से लोगों ने आग पर काबू पाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन असफल रहे। हालांकि इस दौरान फायर ब्रिगेड की टीम को सूचना दी है जिसके सहयोग से जैसे तैसे काबू पाया गया। इस घटना में अग्नि पीड़ित दर्जी बिगहा निवासी सुल्तान अहमद ने बताया कि इस घटना में बड़ी नुकसान हुआ हैं जिसमें उन्होंने जिला प्रशासन से आपदा राहत के तहत मुआवजे की मांग की है।

# अखंड ज्योति कलश पहुंचा सननपुरा, पांच कुण्डीय यज्ञ में शामिल हुए सैकड़ों लोग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** गायत्री शक्तिपीठ शांतिकुंज हरिद्वार के शताब्दी वर्ष के तत्वाधान में देश भर में भ्रमण पर निकला अखंड ज्योति कलश का आगमन औरंगाबाद जिले में सबसे पहले ओबरा प्रखंड अंतर्गत सननपुरा गांव पहुंचा। जहां गांव के देवी मंदिर पर ग्रामीणों द्वारा विधि विधान से अखंड ज्योति कलश का पूजन आरती कर सूर्य मंदिर परिसर में पांच कुण्डीय यज्ञ किया गया जिसमें सैकड़ों लोगों ने हवन किया। इस अवसर पर सूर्य मंदिर पुजारी सुनील दास, महिला ट्रस्टी विभा सिंह, रांची महिला मंडल के सक्रिय कार्यकर्ता जयंती सिंह, सासाराम



उपजोन प्रतिनिधि नीरज कुमार सिंह, सक्रिय कार्यकर्ता लल्लू , रामध्यान सिंह, रूबी सिंह, पूनम देवी, गुड़िया देवी, मंजू देवी, सुमन देवी, किरण देवी, सिंधु देवी, इंदु देवी, रश्मि कुमारी, विभा कुमारी, अंशु कुमारी, प्रभात सिंह, अभिमन्यु सिंह, वशिष्ठ सिंह, सुबेश सिंह, सत्येन्द्र सिंह, महेन्द्र सिंह, शिवपूजन सिंह, शिवजनम सिंह, अखिलेश सिंह, मिथलेश सिंह, अनिल सिंह,सतीश सिंह, नागेन्द्र सिंह, मनीष कुमार, अरुण सिंह, उपेन्द्र सिंह, रामसुभग सिंह, मदन सिंह, सुनील सिंह, नरेन्द्र सिंह, ललन सिंह, रामाकांत सिंह, हितेश सिंह, धीरेन्द्र सिंह, जितेन्द्र सिंह, मुन्ना सिंह, गौतम कुमार, श्रीकांत सिंह, मुरारी, गोविन्द, अरविंद सिंह, रंजीत, विवेक, छोटू, चिंटू, अमित, ऋषभ, अंकित, गोपी, गोलू, नंदन, प्रतीक मंगलम के साथ सैकड़ो महिला और पुरुष उपस्थित थे।

## एक नजर

### अपहरण के आरोपित के घर चिपकाया इश्तेहार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर।** जिले में एक लड़की का अपहरण हुआ था। मामले में फरार आरोपों के घर मोहिउद्दीन नगर थाने की पुलिस ने रविवार को डुगडुगी बजाकर इश्तेहार चिपकाया। इस दौरान पुलिस पदाधिकारी ने मौके पर जुटे लोगों को बताया कि मोहिउद्दीन नगर थाना क्षेत्र में लड़की अपहरण के मामले में राहुल कुमार आरोपित है। वह लंबे समय से फरार चल रहा है। जिस कारण कोर्ट ने उनके खिलाफ वारंट जारी किया है अगर वह 30 दिनों के अंदर कोर्ट में या पुलिस के पास सरेंडर नहीं करता है तो उसके घर की कुर्की जब्ती की जाएगी। *2023 में दर्ज हुआ था अपहरण का मामला :* मोहिउद्दीन नगर थाना दरोगा गुड्डू कुमार ने कहा कि विद्यापति नगर थाना क्षेत्र के खेसराहा गांव के घुरन राय के बेटे राहुल कुमार पर मोहिउद्दीन नगर थाना क्षेत्र में एक लड़की का अपहरण का मामला 2023 में मोहिउद्दीन नगर थाने में हरे राय ने दर्ज कराया था। जिसके बाद से लगातार राहुल फरार चल रहा है। कोर्ट ने इसके खिलाफ गिरफ्तारी का वारंट भी जारी किया है।

### होली मिलन समारोह के दौरान युवक की हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कल्याणपुर (पूर्वी चंपारण)।** प्रखंड के बखरी पंचायत के बैरागी टोला, वार्ड नंबर 9 में होली मिलन समारोह के दौरान आपसी रंजिश में एक युवक की हत्या कर दी गई। होली के अवसर पर अवैध रूप से जुटे मजमे में जमकर फायरिंग और चाकूबाजी हुई, जिसमें एक युवक की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। घटना के बाद पुलिस ने बखरी पंचायत के मुखिया जगरनाथ राय सहित 15 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। सूत्रों के अनुसार, बखरी पंचायत में वर्तमान मुखिया जगरनाथ राय और एक पूर्व जिला परिषद सदस्य के समर्थकों के बीच हिंसक झड़प हो गई। इसी दौरान चंचल राय के परिवार से जुड़े लोग भी विवाद में शामिल हो गए। मुखिया द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में हुए इस संघर्ष में 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम का इंतजार कर रहा युवक राहुल कुमार बीच-बचाव करने पहुंचा, लेकिन चाकू लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मुखिया के घर को चारों ओर से घेरकर जमकर तोड़फोड़ की। सूचना मिलते ही कल्याणपुर थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार, इंस्पेक्टर केसरिया मुनीर आलम, और चकिया डीएसपी सतेंद्र कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। काफी मशक्कत के बाद आक्रोशित लोगों को शांत कराया गया और मुखिया समेत 15 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया।

### आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** मदनपुर थाना क्षेत्र के घोरहत में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इस दौरान कुछ राउंड गोलियां भी चली जिसमें पुलिस ने घटना में प्रयुक्त एक देसी कट्टा, सात जिंदा कारतूस तथा एक खोखा बरामद की है। इस मामले में दोनों पक्षों से पांच लोगों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। यह घटना शनिवार की देर शाम की है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि सूचना प्राप्त हुई थी कि घोरहत में मारपीट हो रही है जिसमें अपर थाना अध्यक्ष सूर्यवंश सिंह, एसआई सुशील कुमार, एसआई सुरेन्द्र कुमार, रोहित कुमार, श्रीकांत पाण्डेय, यशवरिया प्रिया, वीर कुंवर सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी घटनास्थल पहुंचे। मारपीट में घायल उदय सिंह के पुत्र सोनाली सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्राथमिक इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर द्वारा इलाज किया गया। मामले में संलिप्त लोगों को त्वरित कार्रवाई करते हुए हिरासत में लिया गया। हिरासत में लिए गए उदय कुमार सिंह, विवेक कुमार सिंह, मिथुन उर्फ कुन्दन कुमार, सरोज कुमार, रामलायक सिंह शामिल हैं।

# तेज हवा के साथ बारिश व वज्रपात की संभावना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** रविवार की सुबह अचानक मौसम बदल गया। आसमान में मध्यम बादलों के बीच कई जगहों पर हल्की बूंदाबांदी भी देखी गई है। मौसम विभाग के मुताबिक आज अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। इसी बीच मौसम विभाग ने समस्तीपुर सहित 12 जिलों में हल्की बारिश का अर्लट भी जारी किया है। इन जिलों में पश्चिमी और पूर्वी चंपारण, सीवान, सारण, गोपालगंज, सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, वैशाली, शिवहर, समस्तीपुर, बक्सर, भोजपुर, रोहतास, भभुआ, औरंगाबाद और अरवल शामिल हैं। इन जिलों में हल्की से मध्यम बारिश और वज्रपात की संभावना व्यक्त की गई है। साथ ही तेज हवाएं चलने की भी चेतावनी जारी की गई है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के कारण हिमालय क्षेत्र में बर्फबारी हो रही है, जिसका असर बिहार के मैदानी इलाकों में भी देखने को मिल रहा है। इसके कारण आने वाले दो दिनों यानी 16 और 17 मार्च को कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है, साथ ही वज्रपात की भी चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले एक सप्ताह के दौरान बिहार में तेज हवाएं चलने की संभावना है। इस बीच कुछ इलाकों में हल्की बारिश भी हो सकती है। सोमवार से बुधवार तक अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से 36 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने लोगों से यह भी अपील की है कि वे खराब मौसम के दौरान अपने पशुओं और खुद के साथ बाहर जाने से बचें।

# सीपीआई अंचल कमेटी की बैठक आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा( औरंगाबाद)।** हसपुरा शहर के बस स्टैंड के समीप स्थित कॉमरेड रामशरण यादव पुस्तकालय परिसर में रविवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) की अंचल कमिटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बालेश्वर राजवंशी ने की, जबकि अंचल मंत्री अधिवक्ता चंद्रशेखर सिंह ने एजेंडा प्रस्तुत किया। बैठक के दौरान शाखा सम्मेलन, कॉमरेड सुदामा यादव और कॉमरेड रामचरित्र यादव की पुण्यतिथि, कोईलवां में पुस्तक विमोचन कार्यक्रम सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। शाखा कमिटी की ओर से सदस्यता का लेखा-जोखा भी पेश किया गया। अंचल मंत्री चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि 17 मार्च 2025 को हसपुरा में ऑल इंडिया यूथ फ़ेडरेशन का जिला सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसकी तैयारियों में सीपीआई के सक्रिय कार्यकर्ता अरुण कुमार रंजन जुटे हुए हैं। इसके अलावा, 20 मार्च को किसान सभा की ओर से जिला स्तर पर प्रदर्शन किया जाएगा, जबकि 24, 25 और 26 मार्च को पटना में महापड़ाव और हसपुरा प्रखंड कार्यालय पर भूख हड़ताल प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में नंद गोपाल यादव, राजकुमार सिंह, श्याम किशोर यादव, विजय कुमार, अर्जुन यादव, अवध किशोर सिंह, जनेश्वर राजवंशी, महानंदा राम और योगेंद्र राजवंशी ने अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि प्रखंड स्तर पर व्याप्त समस्याओं, प्रशासनिक लापरवाही और अधिकारियों के मनमानी रवैये के खिलाफ संघर्ष तेज किया जाएगा।

# साहित्यसेवी, समाजसेवी व बुद्धिजीवियों के संग धूमधाम से संपन्न हुआ होली मिलन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित क्लब रोड के समीप, प्रसिद्ध सामाजिक संस्था नलिनी रंजन मिश्र सेवा संस्थान के तत्वावधान में चर्चित लेखक एवं पत्रकार प्रेमेंद्र मिश्रा के आवास पर होली मिलन समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेमेंद्र मिश्रा ने की, जबकि संचालन सूरज कुमार ने किया। प्रेम और सौहार्द से परिपूर्ण इस आयोजन में वक्ताओं ने कहा कि होली एक ऐसा पर्व है, जहां लोग आपसी वैमनस्य को भुलाकर प्रेम और भाईचारे के रंग में रंग जाते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और अगले वर्ष पुनः मिलन का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिले के साहित्य, शिक्षा, न्याय और पत्रकारिता से जुड़े कई प्रतिष्ठित व्यक्तित्व उपस्थित थे, जिनमें डॉ. रवि रंजन, डॉ. चंद्रशेखर प्रसाद, नवबिहार टाइम्स के प्रधान संपादक कमल किशोर, जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ. सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह, प्रो. शिवपूजन सिंह, समकालीन जवाबदेही पत्रिका के प्रधान संपादक डॉ. सुरेंद्र प्रसाद मिश्र, वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धेश्वर विद्यार्थी, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रोफ़ेसर डॉ. कुमार वीरेंद्र, प्रख्यात शिक्षाविद् शंभूनाथ पांडेय, खादी ग्राम उद्योग के पूर्व अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, जिला नागरिक परिषद के अध्यक्ष सुभाष चंद्र त्रिवेदी, कला-संस्कृति पदाधिकारी सान्याल सर, जन्म कुंडली विशेषज्ञ शिवनारायण सिंह, कुंडा नरेश अनिल सिंह, डॉ. ऋतिक सिंह, लालदेव प्रसाद, नागेंद्र केसरी, अधिवक्ता रणधीर सिंह, बुलेट न्यूज के संपादक राज पाठक, प्रो. राजेंद्र सिंह, बाल सखा रंजय सिंह, राजनीतिक विश्लेषक लव कुमार सिंह, भाजपा नेता उज्ज्वल सिंह, प्रखर बुद्धिजीवी अरुण कुमार सिंह, शतचंडी धाम के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, राजीव कुमार, अनूप मिश्रा, विकास काली, रिशु सिंह, अधिवक्ता अभिनंदन मिश्रा, इरफान अहमद फातमी, रविंद्र कुमार सिंह, विनोद कुमार, संजय कुमार और सुरेश विद्यार्थी सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल थे।

# कृषि सांख्यिकी सोसायटी का 75वां सम्मेलन 20 से

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर/पूसा ।** भारतीय कृषि सांख्यिकी सोसाइटी (आईएसएएस) का 75वां सम्मेलन डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा में आयोजित किया जाएगा। यह सम्मेलन 20 मार्च से 22 मार्च तक तीन दिनों तक चलेगा। इस बाबत विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पुण्यव्रत सुविमलेंदु पांडे ने बताया कि सम्मेलन का विषय कृषि में डेटा क्रांति - विकसित भारत 2047 के लिए नवाचारी सांख्यिकीय और गणनात्मक विधियां है। इस सम्मेलन का उद्देश्य कृषि क्षेत्र में डेटा क्रांति के माध्यम से नवाचारी सांख्यिकीय और गणनात्मक विधियों को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि भारतीय कृषि सांख्यिकी सोसायटी की स्थापना देश के प्रथम कृषि मंत्री और प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद के द्वारा किया गया था। उन्होंने कहा कि बाद में भी वे लगभग सोलह वर्ष तक इस संस्था से जुड़े रहे। उन्होंने कहा कि पूसा में इस कांफ्रेंस का आयोजन विश्वविद्यालय के लिए गौरव का विषय है। इस सम्मेलन में पूरे भारत के विश्वविद्यालयों और संस्थानों से 250 से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे। कॉलेज ऑफ बेसिक साइंस एंड ह्यूमैनिटीज के डीन डॉ. अमरेश चंद्रा ने बताया कि यह एक अनोखा अवसर है जिसमें पूरे देश के 250 से अधिक प्रसिद्ध वैज्ञानिक भाग लेंगे। विश्वविद्यालय सभी प्रतिनिधियों के स्वागत के लिए तैयारी कर रहा है। उन्होंने कहा कि तीन दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में देश को 2047 तक विकसित बनाने में सांख्यिकी के योगदान पर गहन मंथन किया जाएगा। निदेशक शिक्षा डॉ उमाकांत बेहरा ने बताया कि पूसा कृषि अनुसंधान की जन्मस्थली है। इस सम्मेलन के दौरान वैज्ञानिक पुराने इंपीरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट की यादें भी देखेंगे जिसे विश्वविद्यालय में कुलपति डॉ पांडेय के प्रयासो से सहेज कर रखा गया है। वहीं उन्हें मिथिला क्षेत्र के आवभगत की परंपरा और सांस्कृतिक विरासत का भी अनुभव होगा। विश्वविद्यालय ने सम्मेलन की सफलता के लिए 20 से अधिक समितियों का गठन किया है।

# शहीद-ए-आजम भगत सिंह सहित अन्य का मनाया जाएगा शहादत दिवस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाऊदनगर।** शहीद-ए-आजम भगत सिंह सामाजिक विकास संस्थान की कार्यकारिणी समिति की एक विस्तारित बैठक आज यहां अरविंदो मिशन स्कूल, दाऊदनगर के प्रांगण में हुई जिसमें आगामी 23 मार्च 2025 को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शहीद-ए-आजम भगत सिंह एवं उनके दो साथियों- राजगुरु और सुखदेव का शहादत-दिवस समारोह मनाने का निर्णय लिया गया। इस बैठक को संबोधित करते हुए संस्थान के सचिव सत्येन्द्र कुमार ने कहा कि इसी दिन 23 मार्च 1931 को क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह एवं उनके दो साथियों ने




आजादी की लड़ाई में अपना वह महान बलिदान दिया था, जिसके कारण देश की आजादी लगभग उसी वक्त तय हो गई थी, जब उन्होंने हंसते-हंसते फांसी के फंदे अपने गले में डाले थे। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए स्थानीय स्तर पर मौजूद अन्य प्रसिद्ध सामाजिक-राजनीतिक हस्तियों को भी आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा स्थानीय शिक्षण संस्थानों के शिक्षकों, शिक्षा-प्रेमियों एवं अन्य स्थानीय गणमान्य लोगों को भी आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया है। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय छात्र-नौजवानों एवं अन्य आम नागरिकों की भी भागीदारी कराने का निर्णय लिया गया है। आज की इस बैठक में संस्थान के सचिव-सत्येन्द्र कुमार के अलावा संयुक्त सचिव- राजकमल कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष संजय कुमार सिंह, कार्यकारिणी सदस्य बिरजू चौधरी, अवधेश कुमार, प्रह्लाद प्रसाद, सत्येन्द्र जायसवाल, संजय कुमार राम, जयराम सिंह सहित अन्य सदस्यों ने भाग लिया।

# नदी में कूदने वाली लड़की का मिला शव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** शहर के बूढी गंडक नदी के पुराने पुल से शनिवार रात नदी में छलांग लगाने वाली लड़की का शव वारिस नगर थाना क्षेत्र के नागर बस्ती गांव के पास नदी में उपलाता हुआ रविवार को मिला। युवती की पहचान वारिस नगर थाना क्षेत्र के मोहिउद्दीनपुर गांव निवासी स्वर्गीय नारायण दास की बेटी संजू कुमारी (20) के रूप में की गई है। पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा है। मृतक युवती के भाई अमलेश कुमार ने कहा कि होली का दिन था। मैं घर में नहीं था। इसी दौरान गांव के एक व्यक्ति जो समस्तीपुर में मैक्सी चलते हैं। उन्होंने जानकारी दी कि मेरी बहन को गांव के ही बृजेश कुमार नामक युवक के साथ बाइक से समस्तीपुर की ओर आते देखा। मैं अपने भाइयों के साथ समस्तीपुर पहुंचा था, इसी दौरान मुझे जानकारी मिली कि बूढी गंडक नदी के पुराने पुल से बहन नदी में कूद गई है। रात और अंधेरा होने के कारण कुछ पता नहीं चला। सुबह में पहुंचे तो नाव से इधर-उधर शव की तलाश की, लेकिन शव बरामद नहीं हो सका। बाद में जानकारी मिली कि वारिसनगर थाना क्षेत्र के ही नागर बस्ती गांव के मस्जिद के पास नदी में एक शव देखा गया है।

# घर में घुसकर युवती को मारी गोली

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर बरारी पंचायत के चमन टोल में शुक्रवार की रात अपराधियों की गोलीबारी से एक छात्रा घायल हो गई। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार घटना आपसी रंजिश में इस घटना को अंजाम दिया गया है। बदमाशों ने घर में घुसकर लड़की को गोली मारी है। छात्रा के दाएं पैर में गोली लगी है। आनन-फानन में पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल छात्रा की पहचान साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर बरारी पंचायत के चमन टोल के रहने वाले कृष्ण नंदन यादव के 22 वर्षीय पुत्री कल्पना कुमारी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि हत्या मामले में सजा काट रहे आरोपित के पिता से पीड़िता के पिता का वर्षों से विवाद चल रहा है। बताया जाता है कि कृष्ण नंदन यादव ने बीते 2 साल पहले किसी बात को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हुआ था। मारपीट मामले को लेकर कृष्ण नंदन यादव ने पुलकित यादव के बेटे छैला यादव, विमल यादव, कमल यादव, के ऊपर साहेबपुर कमाल थाना में मामला दर्ज कराया था। इसी केस को उठाने के लिए लगातार धमकी दे रहा था। दरअसल छैला यादव के पिता पुलकित यादव हत्या मामले में जेल में सजा काट रहा है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि आपसी विवाद को लेकर घटना को अंजाम दिया है। पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। दो व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पूरे मामले की जांच की चल रही है। घटना के संबंध में घायल छात्रा के पिता कृष्णानंद यादव ने बताया है कि 2023 में भी मेरे पुत्र को अंधाधुंध गोली मारकर अपराधियों के द्वारा घायल कर दिया था। उन्होंने बताया है कि इस मामले में गांव के ही रहने वाले अपराधी छैला यादव, कमल यादव, विमल यादव पर मामला दर्ज कराए थे। उन्होंने बताया है कि लगातार केस उठाने की धमकी उन लोगों के द्वारा दी जा रही थी। केस नहीं उठाया तो नाराज होकर अपराधियों ने घर पर चढ़कर अंधाधुंध फायरिंग की घटना को अंजाम दिया। इस अंधाधुंध फायरिंग में मेरी पुत्री कल्याणी कुमारी को पैर में गोली लग गई। उन्होंने बताया कि 22 मार्च को कोर्ट में फिर से गवाही है। गवाही होने से पहले ही घर पर चढ़कर ताबड़तोड़ गोलीबारी की घटना को अंजाम उन लोगों के द्वारा दी गई है।

## स्नान के दौरान डूबने से दो की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के खरहट गांव में गंगा स्नान करने गए दो बच्चो की डूबने से मौत हो गई। कीचड़ होली खेलने के बाद चार लड़के एक साथ नदी में स्नान करने गया। चारो अचानक डूबने लगे। लोगो ने सामूहिक प्रयास से दो बच्चों को तो बचा लिया। लेकिन दो बच्चों की डूबने से मौत हो गई। स्थानीय गोताखोरों के द्वारा काफी मशक्कत के बाद डूबे दोनों बच्चों का शव बरामद कर लिया। बताया जाता है कि खरहट गांव में आज दोपहर कीचड़ का होली खेलने के बाद चार बच्चे गंगा नदी में स्नान करने गए थे। स्नान करने के दौरान एक बच्चा गंगा नदी में डूबने लगा तो उसे बचाने के दौरान एक-एक कर चारों बच्चे गंगा नदी में डूब गए। हालांकि स्थानीय लोगों के द्वारा दो बच्चों को बचाकर इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। जबकि दो बच्चे का पता नहीं चला। काफी मशक्कत के बाद स्थानीय गोताखोरों की मदद से दो बच्चों का शव बरामद किया गया। मृतक बच्चों की पहचान खरहट गांव निवासी राजकुमार राय के 13 वर्षीय पुत्र देवराज कुमार और स्व. अरूण कुमार राय का 16 वर्षीय पुत्र अभिनव कुमार के रूप में की गई है। एक साथ एक गांव के दो बच्चों की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। वही गांव में भी मातमी सन्नाटा पसर गया है। होली की खुशी गम में तब्दील हो गई है। दोनों परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि दोपहर में कीचड़ का होली खेलने के बाद बच्चे गंगा नदी में स्नान करने गए थे।

## रंगों का त्योहार होली शांतिपूर्ण संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**उल्लास का रहा माहौल**

**नावकोठी।** प्रखण्ड क्षेत्र में रंगों का त्योहार होली हर्षोल्लास व शांति पूर्ण तरीके से शनिवार को मनाया गया। आपसी सौहार्द्र व भाईचारे का पर्व होली शान्ति पूर्वक सामूहिक रूप से खेलते हुए आनंद लिया। होली का अर्थ है वसंत की अथाह ऊर्जा का हर्ष। होली प्रतीक है नव ऊर्जा नवसृजन का, भौतिक शक्ति के स्पंदन का, द्वेष- क्लेश-बैर के दमन का, स्नेह-मैत्री-मिलन के उन्नयन का, रंगों के माध्यम से प्राकृतिक विविधता को पहचानने का। होली के दिन कहीं युवकों की टोली तो कहीं महिलाओं के द्वारा एक दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर होली मनाया गया। ढोल मंजीरा पर युवाओं ने ठुमके भी लगाए। वैसे पहले वाली होली अब धीरे-धीरे समाप्त होती नजर आ रही है। फागुन के शुरू होते ही प्रतिदिन फगुआ गीतों और ढ़ोलक के थाप से मन झूम उठता था। जो अब सिर्फ सुनने को मिलता है। पहसारा पूर्वी व पश्चिमी, महेशवाडा, टेकनपुरा, डफरपुर, छतौना, वृंदावन, हसनपुर बागर, नाव कोठी, रजाकपुर, विष्णुपुर, समसा शाहिद प्रखंड के विभिन्न गांव में होली शांतिपूर्ण तरीके से मनाई गई। इस अवसर पर थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार,अपर थानाध्यक्ष अरविंद शुक्ला, मनोज प्रसाद, कुंदन रजक, दीनानाथ कुमार, विश्वजीत कुमार, रंजीत कुमार और पुलिस बल के जवानों के साथ दिन-रात सघन गश्ती अभियान चलाकर शांति व्यवस्था बनाए रखने में अपनी भूमिका निभायी।

## रोड़ेबाजी में पांच पुलिसकर्मी घायल

**भागलपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कहलगांव के अंतीचक थाना अंतर्गत कश्दी गांव में दो पक्षों के बीच आपसी विवाद हो गया था। इसकी जानकारी होने पर अंतीचक थाना की पुलिस मौके पर पहुंची जिसपर ग्रामीणों ने हमला कर पथराव कर दिया। इस घटना में सब इंस्पेक्टर के साथ पांच जवान घायल हो गए। घटना को लेकर पुलिस ने 24 नाम जद और 15 अज्ञात के खिलाफ एफ आई आर किया था। इसपर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने 6 आरोपी को गिरफ्तार किया है।

## फैब इंडिया ने पेश किए होली के जरूरी सामान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** फैब इंडिया ने होली के लिए जरूरी सामान पेश किए है जो रंग और खुशियों से आपके त्योहार को और भी खास बनाएंगे। कंपनी ने खाने-पीने की सामग्री के साथ ही त्योहारों में देने के लिए शानदार तोहफों की भी पेशकश की है जो आपके होली जैसे मौके को और यादगार बना देगा। फैब इंडिया ने 100 ग्राम के ड्रिंक्स ठंडाई पाउडर (199), फाल्गुन ब्लू ठंडाई ग्लास गिफ्ट सेट (1299), टील कॉटन प्रिंटेड टेबल रनर (799), 75 ग्राम फ़ेस्टिव हर्बल गुलाल (180), ब्रास मेटल टंबलर सेट (3499), येलो स्टोन कुसुम स्नैक्स प्लेट सेट (199), नेचुरल वुड थार पेंटेड चिप एंड डिप (2199) सहित कई आकर्षक चीजें पेश की है। चाहे दोस्तों की मेहमाननवाजी करें या परिवार के साथ त्योहार का आनंद लें, ये सारी चीजें आपके जश्न को शानदार बनाएगा।

## पत्रकार को मातृशोक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** जिले के एक निजी चौनल के पत्रकार संतोष श्रीवास्तव की 85 वर्षीय माता निर्मला प्रसाद श्रीवास्तव का निधन इलाज के दौरान पटना एम्स में हो गया। इसके बाद उन्हें बेगूसराय प्रमिला चौक मोहल्ला उनके आवास पर लाया गया। जहां से दूसरे दिन शनिवार को अंतिम संस्कार के लिए सिमरिया धाम ले जाया गया। मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र राजेश प्रसाद श्रीवास्तव ने दी है। इस दौरान अंतिम दर्शन करने को लेकर उनके आवास श्रीकृष्णापुरी में पत्रकार सौरभ कुमार, कुमार भावेश, उत्पल, पवन बंधु सिन्हा, डा. अमित, निरंजन कुमार सिन्हा, धनंजय झा, सुमित कुमार सिंह, प्रशांत कुमार, प्रो.शालिग्राम सिंह, हरे राम दास, मो. आरिफ हुसैन, मो. ईनाम, रिमझिम कुमारी, तबस्सुम खान, जीवेश तरूण, नवीन कुमार, निलेश सहित काफी संख्या में पत्रकार जहां अंतिम दर्शन करने को पहुंचे। वही चिकित्सक एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों से डा. नलिनी रंजन सिंह, डा. कृष्ण कुमार, ईश्वर अस्पताल के निदेशक डा. संजय कुमार, डा. रोशन भारद्वाज, डा सारिका भारद्वाज, विकास विद्यालय के निर्देशक राज किशोर सिंह, एस कुमार होटल के एमडी इं संजय कुमार, बाइट कंप्यूटर के निदेशक संजय कुमार सिंह, देशरत्न शिक्षण संस्थान के निर्देशक नवल कुमार झा, कांग्रेस नेता अनुपम कुमार अनु, सीपीआई के राज्य परिषद सदस्य अनिल कुमार अनजान, सामाजिक कार्यकर्ता दिलीप सिंहा, अशोक सिंहा, रविंद्र मनोहर, बीनू सिंहा, कमल वत्स आदि अंतिम दर्शन करने को लेकर पहुंचे।

## महाराष्ट्र से चोरी गई पांच लग्जरी गाड़ियां बरामद

### औद्योगिक थाना क्षेत्र के मंझरिया गांव में पुलिस की छापेमारी, गिरफ्तार व्यक्ति से महाराष्ट्र पुलिस कर रही पूछताछ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बक्सर।** औद्योगिक थाना क्षेत्र के मंझरिया गांव में चोरी की गई पांच लग्जरी गाड़ियां बरामद की गई हैं। महाराष्ट्र पुलिस और बक्सर औद्योगिक थाना पुलिस के संयुक्त अभियान में यह कार्रवाई हुई। इस दौरान पुलिस ने एक स्थानीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जिससे पूछताछ की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार, महाराष्ट्र से हाल ही में पांच लग्जरी गाड़ियां चोरी हुई थीं, जिनमें फॉर्च्यूनर और थार जैसी गाड़ियां शामिल थीं। चोरी की इन गाड़ियों का सुराग लगाते हुए महाराष्ट्र पुलिस को पता चला कि ये वाहन बक्सर के मंझरिया गांव में मौजूद हैं। जांच में खुलासा हुआ कि ये गाड़ियां स्थानीय निवासी अभिषेक सिंह के यहां लगी हुई हैं। इसके बाद महाराष्ट्र पुलिस ने बक्सर औद्योगिक थाना पुलिस से संपर्क किया और संयुक्त रूप से छापेमारी कर इन गाड़ियों को बरामद कर लिया। औद्योगिक थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए अभियुक्त को महाराष्ट्र पुलिस अपने साथ ले गई है, जहां उससे आगे की पूछताछ की जाएगी। वहीं, बरामद सभी गाड़ियों को औद्योगिक थाना परिसर में सुरक्षित खड़ा की गई है। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि चोरी की इन गाड़ियों को बक्सर तक कैसे लाया गया और क्या इसमें कोई अन्य व्यक्ति भी शामिल था। इस मामले में आगे की कार्रवाई महाराष्ट्र पुलिस के स्तर से की जाएगी। पुलिस यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इन वाहनों को कहां और किस मकसद से इस्तेमाल किया जा रहा था। गिरफ्तार अभियुक्त के आपराधिक रिकॉर्ड की भी जांच की जा रही है।

## अबीर लगाने को लेकर विवाद में पीट-पीटकर हत्या

**बक्सर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले के बगेन गोला थाना क्षेत्र के अकोढ़ी गांव में होली की शाम अबीर लगाने को लेकर हुए विवाद में एक अधेड़ की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। झगड़े को सुलझाने पहुंचे किशुन पासवान (55) पर ही हमलावरों ने लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल किशुन को इलाज के लिए बक्सर सदर अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान रात 10 बजे उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया और परिजनों को सौंप दिया। घटना के बाद गांव में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है।

## दानापुर की खुशबू की पढ़ाई के सपने को पूरा करेंगे शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दानापुर।** दानापुर की खुशबू के साथ अब पढ़ाई में नहीं होगा कोई भेदभाव। वह अपने पसंद के विषय में पढ़ाई कर सकेगी। अपने साथ घर पर हुए भेदभाव को लेकर एक टीवी इंटरव्यू में भावुक हुई खुशबू से केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने खुद बातचीत कर उसे आगे की पढ़ाई का आश्वासन दिया है। खुशबू का विज्ञान संकाय में एडमिशन के लिए क्व्न को निर्देशित भी किया गया है। इससे उसका डॉक्टर बनने का सपना साकार हो सकेगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा, मन लगा कर पढ़ो। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार भारत की बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत है। खुशबू कुमारी, पिता उपेन्द्र राय ने उच्च माध्यमिक विद्यालय, हेतनपुर, दानापुर से दसवीं की परीक्षा उत्तीर्ण की है। अभी वे दानापुर के एक कॉलेज में कला संकाय में 11वीं की छात्रा हैं। खुशबू विज्ञान विषय से पढ़ना चाहती हैं तथा डॉक्टर बनना चाहती हैं। परिवार का कहना है कि आर्थिक स्थिति ठीक नहीं रहने के कारण हम विज्ञान पढ़कर मेडिकल की तैयारी नहीं करा सकते। इसलिए इनका नामांकन विज्ञान विषय में नहीं कराया था। मामला प्रकाश में आने पर केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान द्वारा परिजनों की उपस्थिति में छात्रा से मोबाइल पर बात की गई। उन्होंने खुशबू को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि उसकी जो इच्छा है वो पढ़े, उसे हर संभव सहायता दी जाएगी। उन्होंने जिलाधिकारी पटना को सत्र 2025-27 में छात्रा का नामांकन जीव विज्ञान विषय में कराने को कहा। जिलाधिकारी, पटना द्वारा छात्रा एवं उनके परिजनों से वार्ता की गई। उन्होंने कहा कि छात्रा का प्रवेश जीव विज्ञान विषय में कराया जाएगा। साथ ही खुशबू कुमारी को प्रोत्साहित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि मजबूती से आगे बढ़ना है, कमजोर नहीं पड़ना है। केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से पढ़ाई हेतु सभी सुविधा प्रदान की जाएगी।

## 'रजनी की बारात': मिथिला संस्कृति को समर्पित एक फिल्म

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बॉलीवुड जल्द ही मिथिलांचल की समृद्ध परंपराओं और संस्कृति को बड़े पर्दे पर लाने जा रहा है। फिल्म 'रजनी की बारात' का मुहूर्त शॉट मनोकामना मंदिर, दरभंगा में संपन्न हुआ, जिसमें राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने दरभंगा की समृद्ध विरासत पर गर्व जताया और फिल्म निर्माताओं के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने फिल्म की सफलता की कामना भी की। इस फिल्म के निर्देशक आदित्य अमन हैं, जो खुद बिहार से ताल्लुक रखते हैं, और इसे तनया आदर्कर प्रभु व तेज आदर्कर द्वारा एपिफनी एंटरटेनमेंट के बैनर तले प्रोड्यूस किया जा रहा है। यह फिल्म दरभंगा की ऐतिहासिक विरासत, परंपराओं और समाज की आत्मीयता को पूरे देश और दुनिया तक पहुंचाने का प्रयास करेगी। तनया आदर्कर प्रभु और तेज आदर्कर ने कहा, 'बिहार संस्कृति और कहानियों का खजाना है। यहां की मिट्टी में असीम संभावनाएं हैं। इस फिल्म के जरिए हम बिहार की समृद्ध परंपराओं को बड़े पर्दे पर लाने का सपना साकार कर रहे हैं।' यह फिल्म उल्का गुप्ता (झांसी की रानी फ़ेम) की हिंदी सिनेमा में पहली फिल्म होगी। सहरसा, बिहार से आने वाली उल्का इस फिल्म में रजनी की भूमिका निभा रही है-एक ऐसी लड़की जो सामाजिक बंधनों को तोड़ते हुए अपने पिता की स्कूटी पर खुद अपनी बारात निकालती है। फिल्म में कनिष्क दुबे और अश्वथ भट्ट (राज़ी, केसरी, द डिप्लोमैट फ़ेम) भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे।बिहार की फिल्म इंडस्ट्री के लिए यह एक बड़ा कदम है। पूरी तरह से दरभंगा में फिल्माई जा रही यह फिल्म बिहार सरकार की फिल्म नीति के अनुरूप है, जिससे राज्य को एक उभरते फिल्म हब के रूप में स्थापित करने में मदद मिलेगी। निर्देशक आदित्य अमन, जो खुद दरभंगा से हैं, ने कहा, 'रजनी की बारात' बिहार की संस्कृति और गौरव को बड़े पर्दे पर लाने का प्रयास है।' फिल्म के मुहूर्त में एपिफनी एंटरटेनमेंट की सीईओ कीर्ति आदर्कर भी मौजूद थीं, जो प्रोडक्शन हाउस की ओर से सशक्त और वास्तविक कहानियों को दर्शकों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, कीर्ति ने सभी को धन्यवाद किया।

## 50 लाभुकों के बीच किया गया टूल किट का वितरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**लातेहार।** ग्रामोद्योग विकास योजना (जीवीवाई) के हनी मिशन के तहत मधुमक्खी पालन से संबंधित 500 मधुमक्खी के बक्से एवं टूलकिट का वितरण ग्राम- लाई, जिला- लातेहार के आसपास के 50 लाभुकों के बीच किया गया। प्रत्येक लाभुक को 10 मधुमक्खी पालन के बक्से एवं टूल किट प्रदान किए गए। ज्ञात हो कि वनाच्छादित प्रदेश होने के कारण उक्त भूभाग का चयन वहां मौजूद फ्लोरा एवं फौना को देखते हुए किया गया एवं वितरण कार्यक्रम से पहले खादी और ग्रामोद्योग आयोग, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार, राज्य कार्यालय, रांची के प्रतिनिधि की उपस्थिति में कुशल प्रशिक्षक द्वारा 10 दिन का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया ताकि उन्हें मधुमक्खी पालन से संबंधित परेशानियां न उठानी पड़े। इसके साथ ही साथ संबंधित लाभुकों को अगले एक वर्ष तक कुशल प्रशिक्षक की देखरेख में मधुमक्खी पालन के बक्से को माइग्रेशन करने हेतु हैंड होल्डिंग सपोर्ट प्रदान की जाएगी।

मधुमक्खी पालन से संबंधित बक्से, मौनवश एवं टूलकिट का वितरण मुख्य अतिथि मनोज कुमार सिंह, सदस्य (पूर्वी क्षेत्र), खादी और ग्रामोद्योग आयोग, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार की अध्यक्षता में की गई। उक्त वितरण कार्यक्रम मांगे राम, राज्य निदेशक, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, राज्य कार्यालय, रांची की निगरानी एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुई। इस अवसर पर राजीव कुमार, अग्रणी जिला बैंक प्रबन्धक, भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार, कुणाल शाहदेव, ई.ओ.डी.बी.-प्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, लातेहार, राजेश सिंह, मुखिया, गणेशपुर, लाई ग्रामपंचायत, अंकिता देवी, मुखिया, चोरहा ग्राम पंचायत, लातेहार, मंजु देवी, सरपंच, ग्राम- लाई, लातेहार, श्री सुनेश्वर सिंह, मुखिया, करनाई, लातेहार, देव कुमार एवं श्री कौशल स्थानीय समाजसेवी एवं अन्य गणमान्य अतिथिगण भी उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'वोकल फॉर लोकल' की सोच को चरितार्थ करने एवं कुटीर उद्योग को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से ग्रामोद्योग विकास योजना के तहत कारीगरों को पहले कुशल प्रशिक्षक द्वारा प्रशिक्षण प्रदान कर मधुमक्खी पालन कार्यक्रम के तहत लाभुकों को मधुमक्खी पालन के बक्से, मौनवंश एवं टूल किट का वितरण किया गया जो जीतन राम मांझी, केन्द्रीय मंत्री, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार की सकारात्मक सोच को दर्शाता है, जिन्होंने हाल ही में रांची में दिनांक 26.02.2025 को अपने निरीक्षण भेंट के दौरान उक्त कार्यक्रम से संबंधित निर्देश दिया था। इस कार्यक्रम को करने के लिए मनोज कुमार, अध्यक्ष, खादी और ग्रामोद्योग आयोग की दूरदर्शी सोच एवं सुझाव समय-समय पर प्राप्त होती रही है जिसके कारण मनोज कुमार सिंह, सदस्य (पूर्वी क्षेत्र), खादी और ग्रामोद्योग आयोग के व्यक्तिगत मार्गदर्शन के तहत वितरण कार्यक्रम इस क्षेत्र के लाभुकों के बीच संपन्न की गई। माननीय सदस्य (पूर्वी क्षेत्र), खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने अपने उद्बोधन के दौरान इस कार्यक्रम को मील का पत्थर बताया तथा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी सोच की सराहना की जिससे जल्द ही हमारा देश पुनः आत्मनिर्भर बन सकेगा। सदस्य (पूर्वी क्षेत्र), खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने मधुमक्खी पालन उद्योग के तहत मौनवश एवं टूल किट प्राप्त करने वाले लाभुकों को इसके उपरांत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार की प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम से जुड़ने की अपील की जिसका खादी और ग्रामोद्योग आयोग 'नोडल अभिकरण' है एवं राज्य कार्यालय, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, रांची, जिला उद्योग केन्द्र तथा खादी ग्रामोद्योग बोर्ड तीन क्रियान्वयन एजेंसियां हैं। सदस्य (पूर्वी क्षेत्र), खा.ग्रा.आ. ने वहां उपस्थित लोगों को भी प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम से जुड़ने की अपील की।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में मौत

**बरौनी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जीरोमाइल सहायक थाना क्षेत्र अंतर्गत एन एच 28 पर जीरोमाइल ब्रिज के निकट ससुराल जा रहे युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृतक युवक हीरो होंडा मोटरसाइकिल स्प्लेंडर बी आर 09सी6675 से शुक्रवार को ससुराल जा रहा था। जानकारी के अनुसार मोटरसाइकिल सवार युवक दलसिंहसराय से होली के अवसर पर अपना ससुराल जा रहा था तभी अज्ञात मोटरसाइकिल से टक्कर हो गया। वहीं घटनास्थल पर उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते हैं जीरोमाइल सहायक थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंच स्थिति की तहकीकात करते हुए बताया कि समस्तीपुर जिला निवासी दलसिंहसराय मथुरापुर देवनारायण राय का करीब 25 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार मोटरसाइकिल से ससुराल जा रहा था। इस क्रम में सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम के बाद उनके परिजन को सौंप दिया गया।

### दुर्घटना में घायल की मौत

**बरौनी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** होली के अवसर पर शुक्रवार की दोपहर अपने घर से सामान लेने बेगूसराय जा रहा युवक रास्ते में सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप घायल हो गया है। जानकारी के अनुसार बरौनी थाना क्षेत्र के सिंहदहा निवासी राम वदन तांती का पुत्र मिथुन कुमार एवं मेंटनेंस तांती का पुत्र राजा कुमार हीरो मोटरसाइकिल बी आर 09 ए भी 5532 से बेगूसराय जाने के क्रम में तिलरथ के लगौली चौक पर बी आर 09 एस 3361 मोटरसाइकिल से टक्कर हो गया और वह घायल हो गया। जिसे दोनों युवक को सदर अस्पताल बेगूसराय में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान मिथुन कुमार की मौत हो गयी। घटना को लेकर मृतक के पिता राम वदन तांती ने उक्त मोटरसाइकिल सवार युवक के विरुद्ध बरौनी थाना में मामला दर्ज कराई है। पुलिस ने बताया मामले की जांच की जा रही है।

### हत्याकांड का अभियुक्त गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाने के पहसारा ईट भठ्ठा ए वन चिमनी मजदूर हत्याकांड के एक प्राथमिकी नामजद को नावकोठी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नामजद वीरपुर का विनोद कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि गुमला जिले के सिसई थाने के भूर्सव के लक्ष्मण उरांव की हत्या 7 जनवरी 2025 की मध्य रात्रि में गोली मारकर कर दी गई थी। बदमाशों के मोबाइल लोकेशन तथा अन्य तकनीकी साक्ष्य के आधार पर इसे इसके घर से ही गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के क्रम में इस घटना में अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर घटना का अंजाम देने की बात स्वीकार किया है। इसके पास से एक मोबाइल फोन जब्त किया गया है। इस गिरफ्तारी में एसएचओ दिनेश कुमार, एस आई मनोज प्रसाद तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### शराब कारोबारी गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नावकोठी पुलिस ने बखरी थाने के डरहा के एक शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार शराब कारोबारी डरहा के राकेश कुमार है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि 13 जनवरी को विष्णुपुर पंचायत के नीरपुर से एक गिट्टी लदे हाइवा से 88 कार्टून विदेशी शराब बरामद की गई थी। इस कांड में शराब कारोबारी की गिरफ्तारी के लिए बराबर छापेमारी की जा रही थी। इसके पूर्व भी दो कारोबारी जीतपुर के विजय रजक को घटनास्थल पर ही असलहे के साथ तथा डफरपुर पूर्वी के मनीष कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। शेष अन्य कारोबारी की गिरफ्तारी हेतु संदिग्ध ठिकाने पर लगातार छापामारी की जा रही थी। राकेश शनिवार को शराब के नशे में हुड़दंग कर रहा था। इसकी सूचना बखरी थाने के पुलिस पदाधिकारी को मिली। उसने इसे गिरफ्तार कर बखरी थाने ले गई। नावकोठी थाने के कांड संख्या 09/25 के वांछित होने के कारण इसे नावकोठी पुलिस के हवाले कर दिया गया। इसे न्यायालय के माध्यम से न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### दो बच्चे की मां प्रेमी संग फरार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नावकोठी थाने के महेशवाडा पंचायत से शादीशुदा दो बच्चे की मां अपने प्रेमी के संग फरार होने का मामला प्रकाश में आया है। बताते चलें कि घटना शुक्रवार की संध्या की है। इस संबंध में महिला के ससुर ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराकर खगड़िया जिले के परबत्ता थाने के कन्हैयाचक के सुधांशु सिंह के पुत्र राजकुमार उर्फ लालू कुमार पर शादी की नीयत से भगा ले जाने का आरोप लगाकर नामजद किया है। उसने लिखित आवेदन में कहा है कि वह अपने पुत्र की शादी खगड़िया जिले के परबत्ता थाने के एक गांव में वर्ष 2019 में हिन्दू रीति रिवाज से कराई थी। इस वक्त मोबाइल का स्वीच आँफ बता रहा है। अपर थानाध्यक्ष अरविंद शुक्ला मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरूकर दिया है।

### सड़क दुर्घटना में दो की मौत

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मोहनपुर स्थित पुस्तकालय के समीप एसएच- 55 पर शुक्रवार की देर शाम सड़क दुर्घटना में दो की मौत हो गई है। शुक्रवार को तेज रफ्तार में मोटरसाइकिल के चपेट में आने से एक 75 वर्षीय बुजुर्ग की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों को स्थानीय लोगों ने आनन फानन में सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डक्टरों ने बुजुर्ग को मृत घोषित कर दिया। मृतक बुजुर्ग की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मोहनपुर वार्ड- 12 निवासी 75 वर्षीय रामचंद्र सिंह के रूप में हुई है। मृतक के पुत्र संजय सिंह ने बताया कि मोहनपुर चौक के पास से चाय पीने के बाद सड़क पार कर घर लौट रहे थे तभी राजौरा की ओर से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने मोहनपुर के समीप टक्कर मार दिया। इस हादसे में बाइक सवार युवक भी गंभीर रूप से घायल है। जिसका इलाज सदर अस्पताल के आईसीयू वार्ड में चल रहा था। इलाजरत युवक की भी देर रात मौत हो गई। मृतक युवक की पहचान नीमा चंदपुरा थाना क्षेत्र के बंदूवार मुसहरी निवासी विलास सदा का पुत्र रामनंदन सदा के रूप में हुई है।

### सांप काटने से युवती की मौत

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नीमा चांदपुरा थाना क्षेत्र के कुसमहौत पंचायत के वार्ड- 4 में शुक्रवार को सांप काटने से युवती की मौत हो गई। मृतिका के परिजनों ने शव के साथ सांप का भी दाह संस्कार कर दिया। ज्ञात हो की कुसमहौत गांव निवासी दिलीप सदा के 16 वर्षीय पुत्री सोनम कुमारी होली कि शाम घर में कोठी के पास साफ सफाई कर रही थी। इसी दौरान बिल में छिपे एक सांप ने डस लिया। सांप के डसने के बाद परिजन बच्ची को इलाज कराने के बदले गांव में ही झाड़ फूंक कराने में लग गए। जिस वजह से काफी देर हो गई। झाड़ फुंक के चक्कर में बच्ची की जान चली गई। बाद में परिजनों ने जिस जगह सांप काटा था। वहां मिट्टी खोदकर सांप को निकाल कर उसे मार डाला। घटना की सूचना पर पुलिस ने बच्ची के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। साथ ही परिजन बोरे में बंद करके मृत सांप को भी सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए शव के साथ लाया। इस दौरान परिजनों ने बताया कि जब सांप ने उसकी बच्ची को काट लिया और उसकी मौत हो गई। इसलिए सांप को भी मार दिया है। अब बच्ची के दाह संस्कार के साथ ही सांप का भी दाह संस्कार कर गंगा में फेंका जाएगा। परिजनों ने माना कि सांप डसने के बाद गाड़ी नहीं मिली इस वजह से इलाज के बदले झार फुंक करने लगे और बच्ची की मौत हो गई।

# स्वरांजलि सेवा संस्थान द्वारा आयोजित नारायणी गंडकी महा आरती संपन्न

**●नदियां जीवन दायिनी होती है- स्वरांजलि सेवा संस्थान ●वाल्मीकिनगर संगम तट पर हुई 140 वीं नारायणी गंडकी महाआरती**



**वाल्मीकिनगर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वाल्मीकिनगर-भारत नेपाल सीमा पर अवस्थित बेलवा घाट परिसर में फाल्गुन पूर्णिमा के अवसर पर 140 वीं नारायणी गंडकी महाआरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय न्यास स्वरांजलि सेवा संस्थान द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जनी शक्ति फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्षा लक्ष्मी खत्री, विशिष्ट अतिथि थरूहट के निमार्ता एचेल थारू ,स्वरांजलि सेवा संस्थान की राष्ट्रीय अध्यक्षा अंजू देवी, समाजसेवी संगीत आनंद, धमाका फिल्मस के निमार्ता अरविंद अकेला, परमेश साह, अभिनेता सोनू चौधरी, रीना चौधरी, आचार्य पंडित अनिरुद्ध द्विवेदी ,अंकित कुमार एवं हिरिमती देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया। इसके पश्चात गंगा की स्तुति की गई। मुख्य अतिथि लक्ष्मी खत्री ने कहा कि यह महाआरती हिंदी नूतन वर्ष एवं रंगों का त्योहार होली को समर्पित है। होली दुश्मन से भी गले मिलने की सीख देती है । विशिष्ट अतिथि थरूहट के निमार्ता- एचेल थारू ने कहा कि फाल्गुन पूर्णिमा के अवसर पर संगम तट पर महा आरती करने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। धमाका फिल्मस के निमार्ता अरविंद अकेला ने कहा कि वाल्मीकि नगर की पहचान बन रही है नारायणी गंडकी महा आरती । अंतर्राष्ट्रीय न्यास स्वरांजलि सेवा संस्थान की राष्ट्रीय अध्यक्षा अंजू देवी ने कहा कि हमारी सभ्यता और संस्कृति नदियों के किनारे ही विकसित हुई है। समाजसेवी और संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर संगीत आनंद ने कहा कि जल ही जीवन है। नदियां जीवन दायिनी होती हैं। आचार्य पंडित अनिरुद्ध द्विवेदी ने कथा-पूजा एवं हवन द्वारा विश्व शांति की कामना की। महाप्रसाद की व्यवस्था महिला समाजसेवी लक्ष्मी खत्री के सौजन्य से की गई। वहीं इस कार्यक्रम में नेपाल के धर्मपाल गुरु वशिष्ठ जी महाराज, पवन भट्टराई , निमार्ता अरविंद अकेला, विजय कुमार गुप्ता , वरिष्ठ सदस्य विजय कुमार, नेपाल के भक्त कृष्ण कुमार पांडे, फौजी विद्यासागर राणा, वर्ल्ड मीडिया विजन के निदेशक राजेश गुप्ता,का विशेष सहयोग रहा। इस मौके पर गायक राजा कुमार , तूफानी ठाकुर , एवं संस्था के सचिव अखिलानंद की भूमिका सराहनीय रही। विदित हो कि वाल्मीकि महोत्सव 2025 के मंच पर स्वरांजलि सेवा संस्थान द्वारा चंपारण गौरव गान की प्रस्तुति की गई। जिसके लिए संस्था के कलाकारों को जिला प्रशासन पश्चिम चंपारण एवं आगत अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। पर्यावरण संरक्षण संवर्धन प्रति जन जागरूकता एवं स्थानीय इको पर्यटन को बढ़ावा देने में संस्था का भी विशेष योगदान रहा है। संचालन संगीत आनंद ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन लक्ष्मी खत्री ने किया।

# दहेज हत्या के मामले में एक गिरफ्तार

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर पुलिस ने दहेज हत्या के अलग अलग मामले एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित रामपुर तुतुहिया निवासी शिवधर बिन है। वह मृतिका बिंदु देवी का सवसुर है। मामले में मृतिका के पिता लौकरिया थाना के रामपुर सुभाष नगर निवासी अमेरिका बिन एफआईआर दर्ज कराई है। जिसमे मृतिका के पति सनोज बिन, सवसूर शिवधर बिन,बागड़ बिन, अजय बिन, जानकी देवी, रीना देवी को आरोपित किया है। आरोप है कि दहेज को लेकर आरोपितों द्वारा मृतिका को हमेशा मारपीट व प्रताड़ित किया जाता था। वीते नौ मार्च को बेटी की मौत की सूचना पर उसके ससुराल पहुचा तो ससुराल वालों द्वारा उसके शव जला दिया गया था। वही दूसरी तरफ केहुनिया उपाध्याय टोला निवासी उमेश पटेल की पत्नी निक्की देवी के मौत मामले में मृतिका के पिता ने ससुराल वालो पर दहेज को लेकर हत्या कर देने का आरोप लगाया है। मामले में मृतिका के पिता नौतन थाना के खाप टोला निवासी सुनील प्रसाद ने शिकारपुर थाने में एफआईआर दर्ज कराया है। एफआईआर में पति उमेश पटेल,सवसुर ललन पटेल समेत सास व देवर को आरोपित किया है। आरोप है कि दहेज को लेकर उसकी बेटी की हत्या ससुराल वालों ने कर दी है। पिता ने बताया है कि चार मार्च 2024 में अपनी बेटी निक्की की शादी पांच लाख नगदी , बाइक समेत अन्य उपहार देकर किया था। कुछ महीने बाद ससुराल वालों द्वारा फिर से पांच लाख रुपये की मांग की जाने लगी। मना करने पर उसे प्रताड़ित करने लगे। वीते कि 13 मार्च की सुबह सूचना पर बेटी के ससुराल पहुचा तो उसकी हत्या कर दी गई थी। थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि दहेज हत्या को लेकर अलग-अलग मामले में आरोपित ससुर को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी की लिए छापेमारी की जा रही है।

# दहेज के लिए विवाहिता की हत्या मामले में पति गिरफ्तार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बैरिया थाना क्षेत्र के खिरिया घाट हाट सरैया में नव विवाहिता की हत्या गला घोटकर कर दिया गया है। मामले में लड़की के पिता बगहा पिपरिया निवासी विजय बहादुर सिंह ने बैरिया थाना में प्राथमिकी दर्ज करते हुए पुलिस ने मृतका के पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दिये गये आवेदन में मृतका के पिता ने बताया है कि उनकी लड़की सलोनी सिंह की शादी खिरिया घाट हाट सरैया निवासी अभिजीत सिंह उर्फ बिट्टू सिंह के साथ वर्ष 2020 में किया था। शादी के बाद से ही उसकी लड़की को परिवार वाले 10 लाख रुपया एवं चार चक्का गाड़ी के लिए मारपीट एवं प्रताड़ित करते थे कई बार उन्होंने की पंचायती भी करवाई थी। लेकिन दहेज को लेकर पति सहित सास, ससुर, देवर, नन्द एवं अन्य पर्जनों के द्वारा मारपीट एवं प्रताड़ित किया जाता था। 14 मार्च की सुबह उनकी लड़की के देवर सिंटू सिंह के द्वारा फोन करके बताया गया कि भाभी का तबीयत बहुत सीरियस खराब है। सूचना मिलने के बाद विजय बहादुर सिंह अपने लड़की के घर हाट सरैया पहुंचे तो उनकी बेटी की हत्या करके शव उसके बेडरूम में ही छोड़ दिया गया था एवं परिजन घर से फरार थे। इसकी सूचना उन्होंने बैरिया पुलिस को दी। बैरिया पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया गया एवं मामले में प्राथमिकी दर्ज करते हुए मृतका सलोनी सिंह के पति अभिजीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। थानाध्यक्ष अंजेश कुमार ने बताया कि मामले में अभिजीत सिंह, विजय सिंह प्रमिला देवी सिंटू सिंह प्रिंसी सिंह पर प्राथमिकी दर्ज कर अभिजीत सिंह को न्यायिक हिरासत भेज दिया गया है।

**यज्ञ का प्रचार कर सहयोग राशि वसूलने जा रहे युवकों पर असामाजिक तत्वों ने किया हमला**

# पथराव एवं धारदार हथियार से हमले में एक युवक हुआ गंभीर रूप से जखमी

**आक्रोशित लोगों ने बड़हरिया मीरगंज मार्ग को किया जाम**





**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बड़हरिया थाना क्षेत्र के इजमाली गांव में रविवार की सुबह करीब यज्ञ का प्रचार प्रसार कर सहयोग राशि वसूलने जा रहे युवकों पर असामाजिक तत्वों ने धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया. इसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. है.घायल युवक नीतीश कुमार चौहान( 18 ) की हालत गंभीर बतायी जाती है. सभी घायलों को इलाज के लिए हथुआ के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया. जहां डॉक्टरों ने नीतीश कुमार चौहान सहित अन्य की नाजुक स्थिति को देखते हुए गोपालगंज सदार अस्पताल रेफर कर दिया. वहीं इस घटना से आक्रोशित ग्रामीण बड़हरिया-मीरगंज मुख्यमार्ग के बदरजीमी पुल के बीच बैठकर हमलावरों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग करने लगे. घटना की सूचना मिलते ही गोपालगंज सदर एसडीओ आनंदमोहन गुप्ता, एसडीपीओ प्रांजल कुमार, बड़हरिया थानाध्यक्ष रुपेश कुमार वर्मा ने बदरजीमी पुल पर पहुंच कर आक्रोशित लोगों से वार्ता की.पुलिस पदाधिकारियों ने दो घंटे में हमलावरों को गिरफ्तार कर लेने का आश्वासन दिया. घटना के संबंध में बताया जाता है कि गोपालगंज जिला के उचकागांव थाना क्षेत्र के बदरजीमी में नवनिर्मित पंचमुखी हनुमान मंदिर में होने वाले श्री हनुमंत प्राणप्रतिष्ठा यज्ञ की कलशयात्रा का प्रचार व सहयोग राशि वसूलने के लिए बड़हरिया थाना क्षेत्र के इजमाली से बाइक से गुजर रहे युवकों पर असामाजिक तत्वों ने पहले पथराव किया. फिर धारदार हथियार व लाठी-डंडे से प्रहार कर आधा दर्जन युवकों को घायल कर दिया. आक्रोशित लोगों ने बताया कि 21 मार्च को हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा होने वाली है व 20 मार्च की सुबह कलशयात्रा निकलेगी. इसके लिए सहयोग राशि लेने के लिए जा रहे थे कि हमलावरों ने धारदार हथियार से हमला कर युवकों को घायल कर दिया.उन्होंने कहा कि इसके पूर्व रोहड़ा कला के कालीस्थान से निकली कलशयात्रा को भी यहां के असामाजिक तत्वों ने रोक दिया था.घटना के संबंध में बताया जाता है कि कुछ घायल युवक किसी तरह अपनी बाइक को लेकर भागने में सफल रहे. जबकि दो बाइकें वहीं रह गयीं. ग्रामीणों ने बताया कि घायलों में नीतीश चौहान के साथ ही बदरजीमी गांव के बुलेट बैठा, दीपू बैठा, कृष्णा सिंह,दीपू बैठा, पवन साहनी, अखिलेश बैठा आदि शामिल हैं.इधर पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है. तीन असामाजिक तत्वों की गिरफ्तारी की चर्चा है. इसकी पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष रुपेश कुमार वर्मा ने बताया कि अभी भी गिरफ्तारी चल रही है. किसी भी दोषी को बक्शा नहीं जायेगा.

**क्या कहते है पुलिस अधीक्षक**

रविवार को सुबह करीब 7:30 बजे बड़हरिया थाना क्षेत्र के इजमाली गांव में मारपीट होने की सूचना प्राप्त हुई. सूचना पर अविलंब अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर 1 एवं बड़हरिया थानाध्यक्ष बल के साथ इजमाली गांव पहुंचे जहां पूछ ताछ एवं जांच के क्रम में ज्ञात हुआ कि ग्राम बदरजीमी थाना मीरगंज जिला गोपालगंज के कुछ व्यक्तियों द्वारा मोटरसाइकिल से घूम कर पंचमुखी यज्ञ का प्रचार प्रसार किया जा रहा था.जब यह सभी व्यक्ति बरहड़िया थाना क्षेत्र के इजमाली मस्जिद के पास पहुंचे तो वहां उपस्थित कुछ शरारती तत्वों द्वारा मारपीट किया जाने लगा.मारपीट में 1 व्यक्ति घायल हुआ जिसे ईलाज हेतु सदर अस्पताल भेजा गया है. घटना में शामिल 03 व्यक्तियों को मौके से गिरफ़्तार कर पूछ ताछ किया जा रहा है. विधि व्यवस्था सामान्य है.अग्रिम कार्रवाई की जा रही है.

# डीएम एसपी ने ग्रामीणों के साथ खेली होली



**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** होली के दिन पिपरासी प्रखंड के सेमरा लवेदाहा पंचायत में जिला पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक,पुलिस उपाधिक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी, पिपरासी सीओ, बीडीओ ,थानाध्यक्ष आदि ने पहुंच कर आम लोगों के साथ होली मनाई। इस दौरान सेमरा लवेदाहा पंचायत की मुखिया मनोरमा देवी ने जिला पदाधिकारी समेत सभी लोगों को अबीर लगाकर होली मनाई। वही जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय ,एसपी सुशांत कुमार सरोज सहित सभी पदाधिकारीयों ने भी मुखिया प्रतिनिधि सहित उपस्थित जन समुदाय व सुरक्षा कर्मियों को अबीर लगाकर होली मनाई। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि जिला की पूरी टीम होली के मौके पर जिला मुख्यालय से 100 किलोमीटर दूर इस पंचायत में पहुंचकर होली मना कर एक ऐतिहासिक कार्य किया है । होली भाईचारे का पर्व है। इसे सभी लोगों को आपसी सौहार्द के रूप में मनाना चाहिए। होली के मौके पर सभी गिले शिकवे दूर कर आपस में भाईचारे का रिश्ता निभाना चाहिए। वहीं एसपी सुशांत कुमार सरोज ने कहा कि सामाजिक सौहार्द का पर्व है होली। इसमें छोटे-बड़े का फर्क मिट जाता है। जिसका ताजा उदाहरण आज सेमरा लबेदाहा में मौजूद है। जहां जिले के आला अधिकारियों ने पहुंचकर आम जनता के साथ होली खेलकर यह साबित किया है। यह पुलिस पब्लिक के प्रेम को दशार्ता है। वही बगहा एसडीएम गौरव कुमार ने बताया कि जिला पदाधिकारी के साथ पहुंचकर इस पंचायत में होली खेलकर अच्छा लगा। उन्होंने लोगों से अपील किया की होली के इस महापर्व को शांतिपूर्ण व सौहार्द पूर्ण माहौल में संपन्न करें। वहीं मुखिया मनोरमा देवी व मुखिया प्रतिनिधि छेदीलाल प्रसाद ने बताया कि जिला पदाधिकारी के साथ पूरे जिले की टीम उनके पंचायत में पहुंचकर लोगों के साथ जो होली मनाने का कार्य किया है । यह एक ऐतिहासिक कदम के साथ ही एक सुखद पल है । उन्होंने बताया कि उनके परिवार में लगभग 50 वर्षों से मुखिया पद को सुशोभित कर रहे हैं ।लेकिन यह पहला मौका है कि जब जिले के सभी आला अधिकारी एक साथ पंचायत में पहुंचकर होली मनाई। यह अवसर इस पंचायत और पिपरासी प्रखंड के लिए गौरव की बात है । इस अवसर पर एसडीपीओ कुमार देवेंद्र, बीडीओ ऋषिकेश कुमार, प्रभारी सीओ नंदलाल राम, रेंजर मदनपुर नसीम अहमद अंसारी,बगहा रेंजर सुनील कुमार,जेई कमर जावेद, पंचायत सचिव साधु साह, राजस्व कर्मचारी कौशल कुमार, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि मंजेश सहनी समेत दर्जनों महिला व पुरुष उपस्थित रहे।

## होली पर गंगा जमुनी तहजीब पेश की गई रामनगर में

**रामनगर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** होली पर्व इस वर्ष रामनगर में शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। एएसपी दिव्यांजलि जयसवाल के नेतृत्व में पुलिस बल क्षेत्र में सक्रियता से उपस्थित रहे और विभिन्न स्थानों पर जाकर स्थिति का जायजा लिया। भगतसिंह चौक स्थित ईदगाह मस्जिद के मुख्य द्वार पर हिन्दू समुदाय की ओर से पवित्र रमजान के महीने में दूसरे जुम्मे की नमाज पढ़कर निकले मुस्लिम समुदाय के प्रबुद्धजनों का स्वागत गुलाब के फूलों के साथ किया गया। इस अनोखे आयोजन ने कौमी एकता का एक बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया, जिसमें विभिन्न धर्मों के लोगों ने एक साथ मिलकर खुशियों का आदान-प्रदान किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त सेवानिवृत्त शिक्षक सदाकांत शुक्ल, जदयू प्रखंड अध्यक्ष संजय मिश्र, अजीत गुप्ता, इंस्पेक्टर ललन कुमार, इंस्पेक्टर अभय कुमार, समाजसेवी तबरेज आलम तथा अन्य पुलिस अधिकारी और जवान मौजूद रहे। सभी ने एक-दूसरे को होली की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस प्रकार, रामनगर में होली पर्व ने साम्प्रदायिक सौहार्द और एकता की मिसाल पेश की, जो आने वाले समय में समाज में भाईचारे को और मजबूत बनाएगी।



# हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई होली





**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिलें के अलग अलग क्षेत्रों में रंगों का त्योहार ही धूम धाम से शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ। कहा कुछ क्षेत्रों में,14 तो कुछ क्षेत्रों में 15 मार्च को जोली मनाई गई। इस दौरान लोगों ने एक दूसरे को अबीर लगाकर बधाई दी। महाराजगंज प्रतिनिधि के अनुसार थाना क्षेत्र में रंगों का त्योहार होली हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया. प्रशासन कड़ी चौकसी के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील होकर हुडदंगियों पर नजर तो रखी हुई थी एसडीओ अनिल कुमार सीडीपीओ राकेश कुमार रंजन के अलावा पुलिस महक में व प्रखंड व अंचल के अधिकारी भी कानून व्यवस्था नजर रखते हुए आम लोगों के साथ होली का आनंद लिया. क्षेत्र के लोगों ने एक दूसरे को रंग-गुलाल लगा कर गले मिल होली की बधाई दी. कुछ जगहों पर होली के गीतों पर लोग थिरकते दिखे. हुसैनगंज प्रतिनिधि के अनुसार प्रखंड क्षेत्र में होली का त्योहार शांति पूर्वक ढंग से सम्पन्न हुआ। प्रखंड क्षेत्र में कहीं से भी किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं है. रमजान में शुक्रवार को मस्जिदों में नमाज अपने समयानुसार रोजेदारों द्वारा अदा की गई। सभी हिंदू समुदाय के लोग अपने मुहल्ले और अपने परिवारों में जम कर होली मनाते हुए एक दुसरे को गले लगाते हुए होली की शुभकामनाएं दी. इधर प्रशासन भी जुमे की नमाज और होली को लेकर मुस्तैद रही। चारों तरफ पुलिस और मजिस्ट्रेट की गस्ती चल रही थी। युवकों ने सुबह में कपड़े फाड़ व रंग सहित होली खेले उसके बाद दोपहर से गुलाल अबीर एक दुसरे को लगा कर गले मिले। इस अवसर पर महिलायें, बच्चें भी बहुत अच्छे ढंग से होली मनाये। वही पुलिस की चौकसी के बाद भी क्षेत्र में शराब और शराब माफियाओं का दबदबा नजर आया । प्रशाशन के चौकसी के बावजूद भी शराब की बिक्री चरम पर थी। धंधेबाज प्रशासन के आदेश को ठेंगा दिखाते हुए थाना क्षेत्र के बघौनी खजरौनी सहित आसपास के क्षेत्रों में होली के दिन शराब बिक्री कार्य जोर शोर किया।


**हसनपुरा प्रतिनिधि** के अनुसार नगर पंचायत हसनपुरा के उसरी बुजुर्ग, अरंडा, हसनपुरा सहित प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में रंगों व उमंगों का पर्व होली आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ शुक्रवार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। खासकर बच्चों व नौजवानों में होली को लेकर खासा उत्साह देखने को मिली। होली को लेकर सुबह से ही सभी लोग जश्न में डूबे रहे। हर कोई एक दूसरे को रंग-गुलाल लगा मुबारक बाद दी। बच्चे, नौजवान व बुजुर्ग सभी टोली बनाकर होली खेलते नजर आए। इधर विभिन्न गांवों में युवाओं की टोली द्वारा मटका फोड़ व कुर्ता फाड़ होली खेली गयी। पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए थानाध्यक्ष मिहिर कुमार सहित अन्य पुलिस प्रशासन द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में गस्त की।दूसरी तरफ होली में शराब धंधेबाजों की खूब चांदी रही। रघुनाथपुर प्रतिनिधि के अनुसार प्रखंड मुख्यालय में जहां शुक्रवार को तो प्रखंड क्षेत्र के गांवों में शनिवार को को होली हर्षौल्लास के साथ शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

## सीवान-अमलोरी स्टेशन के बीच ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की हुई मौत

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रविवार की सुबह में सीवान-अमलोरी स्टेशन के बीच किसी अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई. मृतक 55 वर्षीय व्यक्ति की पहचान नहीं हो सकी है. उक्त की सूचना पर सहायक निरीक्षक छोटेलाल सिंह यादव घटना स्थल पहुंचे. उप निरीक्षक शैलेंद्र प्रताप सिंह भी स्टाफ के साथ घटनास्थल पर पहुंचे. मौके पर उपस्थित उप निरीक्षक द्वारा अज्ञात मृतक का जामा तलाशी लिया गया तो अज्ञात मृतक के पास पहने हुए कपड़ों के अलावा यात्रा से संबंधित कोई टिकट या प्राधिकार पत्र मौके पर नहीं मिला. मुफ्फसिल थाने की पुलिस ने डेड बॉडी को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया.

# भितिहरवा से कांग्रेस की पलायन रोको नौकरी दो पदयात्रा की शुरूआत

**कृष्णा, कन्हैया व अखिलेश कर रहे नेतृत्व**



**बेतिया/गौनाहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** युवा कांग्रेस व एनएसयूआई की प्रस्तावित पलायन रोको नौकरी दो पदयात्रा की शुरूआत रविवार को जिले के गांधी आश्रम भितिहरवा से शुरू की गयी। कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश सिंह और कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अलावरू की उपस्थिति में कन्हैया कुमार ने पदयात्रा की शुरूआत की। कांग्रेस नेताओं ने गांधी आश्रम में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर पदयात्रा की शुरूआत की। पदयात्रा में कन्हैया कुमार के अलावा युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब और एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी भी शामिल रहे। कांग्रेस के बड़े नेताओं के साथ हजारों की संख्या में बिहार के युवा पलायन रोको नौकरी दो पदयात्रा में शामिल रहे। पलायन रोको नौकरी दो पदयात्रा की शुरूआत के पहले युवाओं को संबोधित करते हुए कन्हैया कुमार ने कहा कि क्यों बिहार में कोई भी भर्ती ठीक से नहीं होती है? बिहार का सबसे बड़ा दंश है पलायन और जानबूझ कर राजनीति और चुनाव में पलायन के मुद्दे को साइडलाइन किया जाता है। इसलिए हमने पलायन रोको नौकरी दो पदयात्रा की शुरूआत की। कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने कहा कि बिहार के बेरोजगार युवाओं की आवाज को बुलंद करने के लिए पलायन रोको नौकरी दो यात्रा की ऐतिहासिक भितिहरवा गांधी आश्रम से शुरूआत हुई। यह यात्रा बिहार में पलायन की समस्या और बिहार के युवाओं को बिहार में ही नौकरी दिलाने की लड़ाई लड़ेगी। कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अलावरू ने कहा कि आज जो बिहार की समस्याएं हैं उसपर बात नहीं होती, भर्ती क्यों रुकी हुई हैं? बिहार में रोजगार, शिक्षा व स्वास्थ्य को सुधारने की बात नहीं होती।हम इस यात्रा के माध्यम से जनता की आवाज बनकर सरकार से सवाल पूछने का काम करेंगे। यात्रा के दौरान जगह जगह युवाओं और महिलाओं ने पदयात्रियों का स्वागत किया। मौके पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष भारत भूषण दूबे, युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गरीब दास, एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष सूरज यादव, मनीष शर्मा, मो. शाहिद, उमैर खान, इरशाद हुसैन, शिवकुमारी समेत स्थानीय नेता भी मौजूद रहे।

# मनरेगा डीपीओ के खिलाफ की गई डीएम से शिकायत

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड की भसुरारी गांव स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के समीप मनरेगा द्वारा खेल मैदान का निर्माण कार्य के जांच में मनरेगा के डीपीओ द्वारा महिला मुखिया को अनावश्यक व भड़काऊ शब्द का प्रयोग करने को लेकर मुखिया ने जिला पदाधिकारी, डीडीसी समेत अन्य अधिकारियों को आवेदन दिया है। दिए आवेदन में मुखिया सरोज देवी ने कहा है कि मनरेगा डीपीओ राजीव कुमार द्वारा पंचायत में अनाधिकृत रूप से आकर महिला मुखिया को अभद्र बोलकर निमार्णाधीन खेल मैदान का कार्य रोक देना कहीं से उचित नहीं है। मुखिया ने बताया कि डीडीसी के आदेश पर जिला से ग्रामीण विकास अभिकरण विभाग के राष्ट्रीय नियोजन कार्यक्रम के निदेशक व मनरेगा के जिला वित्त प्रबंधक 12 मार्च को मनरेगा द्वारा कराए जा रहे खेल मैदान के जांच में पहुंचे थे। हालाकि जांच टीम में मनरेगा के डीपीओ राजीव कुमार एवं सहायक अभियंता संतोष कुमार मंडल भी शामिल थे। जो बिना कोई पूर्व सूचना के आए थे। जांच के क्रम में डीपीओ ने मुखिया प्रतिनिधि को फटकार लगाते हुए सार्वजनिक रूप से कहा कि लेबलर मशीन एवं रोड रोलर लगाकर जल्दी से काम पूरा करो। इस पर मुखिया प्रतिनिधि ने पूछा कि क्या मनरेगा में इसका प्रावधान है। इतना कहने पर डीपीओ भड़क गए और प्राथमिकी दर्ज कराने की धमकी देने लगे। मुखिया ने बताया कि यह योजना ग्रामसभा से पारित है। वहीं एनओसी के लिए अनुमंडल पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी के पास प्रक्रियाधीन है।

# बांस के सहारे लटका बिजली का दे रहा दुर्घटना को दावत



**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिजली विभाग द्वार टूटे हुए पोल के सहारे बिजली आपूर्ति करना बड़ी दुर्घटना को दावत दे रहा है। प्रखंड की राजपुर तुमकड़िया पंचायत के मठीया गाव में प्रदीप शर्मा के घर के समीप टूटे पोल के सहारे करीब 6 माह से बिजली की आपूर्ति की जा रही है। ग्रामीणों ने पोल टूटने की सूचना बिजली विभाग के अधिकारी एवं कर्मियो को दी लेकिन शिकायत के बाद भी बिजली विभाग द्वारा टूटे हुए पोल को नही ठीक किया गया। और उसी के सहारे गांव में बिजली आपूर्ति की जा रही है। ग्रामीण प्रदीप शर्मा, अब्बास मिया, फुलबास मिया, अरुण प्रसाद, रामाधार शर्मा, बलिंद्र शर्मा आदि ने बताया कि करीब 6 माह पहले अज्ञात वाहन की टक्कर के पोल टूट गया और लटक गया। ग्रामीणों ने पोल को जैसे तैसे बास के सहारे रोका और बिजली विभाग के कर्मियो व अधिकारियो को सूचित किया वावजूद अभी तक इस पोल की मरमती नही की गई। पोल की मरमती नही होने से कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। पोल टूटने की शिकायत के कई माह बाद भी पोल नही बदलने को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने पोल को दुरुस्त करने की मांग की है। इधर बिजली विभाग के सहायक अभियंता चंदन कुमार ने बताया कि कर्मियो को भेजकर जांच करवाया जा रहा है। जल्द ही पोल को बदला जाएगा। इसको लेकर कॉन्ट्रक्टर को निर्देशित किया जा रहा है।

# अलग-अलग घटनाओं में चार की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

औरंगाबाद। जिले में शनिवार को लोगों ने धूमधाम से होली मनाई। कई लोगों ने शुक्रवार और शनिवार दोनों दिन होली मनाई। एक तरफ जहां लोग होली की खुमारी में मगन रहें, वहीं दूसरी तरफ जिले में कई ऐसी घटनाएं घटित हो गई, जिसमें दर्जनों परिवार गमगीन माहौल में डूब गए। सड़क दुर्घटना, विद्युत स्पर्शाघात एवं संदिग्ध परिस्थिति में जहर खाने जैसी कई घटनाएं जिले में घटित हुई, जिसने कई परिवारों के होली को हमेशा के लिए बेरंग बना दिया है।

**ओबरा संवाददाता के अनुसार**

अज्ञात बाइक की टक्कर एक डीलर की मौत हो गई। घटना ओबरा थाना क्षेत्र के शंकरपुर की है। मृतक की पहचान हरिचरण पाल के पुत्र अरविंद कुमार के रूप में की गई है। बताया गया कि मृतक होलिका दहन की तैयारी कर रहे थे तभी सड़क पार करने के दौरान औरंगाबाद की तरफ से आ रही एक बाइक ने जोरदार टक्कर मार दिया जिसमें वह बुरी तरह जख्मी हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों ने उन्हें आनन-फानन में सदर अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां जांच के उपरांत डीलर की मौत हो गई। इस घटना से मृतक के घर में खुशियों का माहौल मातम में पसर गया। मृतक के दो पुत्र थे जिसमें 17 वर्षीय टीसू एवं 15 वर्षीय बिट्टू है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया।

**औरंगाबाद ब्यूरो के अनुसार**

जिले के फेसर थाना क्षेत्र अंतर्गत करंट की चपेट में आने से आठ वर्षीय भाई की मौत हो गई, जबकि चार वर्षीय बहन घायल हो गई। मृतक की पहचान फेसर निवासी धिरंजन यादव के पुत्र रूपेश कुमार के रूप में की गई है। बताया जाता है कि दोनों भाई-बहन घर के बाहर खेल रहे थे, तभी अंजली पास में बिजली तार की चपेट में आ गई। बहन अंजलि को तार की चपेट में आता देख रूपेश उसे बचाने गया




तो वह भी करंट की चपेट में आ गया और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। रूपेश की मौत के बाद गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया। बच्चे की मौत के बाद खुशियों का माहौल गम में तब्दील हो गया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा स्वजनों को सौंप दिया है। घटना के बाद फेसर में मातम पसरा हुआ है।

**औरंगाबाद ब्यूरो के अनुसार**

एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मामला मुफस्सिल थाना क्षेत्र के शेखपुरा गांव की है, जहां शुक्रवार की देर रात 41 वर्षीय विजय कुमार राम की मौत हो गई। बताया जाता है कि विजय कुमार शुक्रवार की शाम को दोस्तों के साथ मदनपुर में पार्टी मनाने गए थे। गांव का एक व्यक्ति उन्हें बाइक से लेकर गया था। कुछ समय बाद उन्हें कार से वापस लाया गया। घर पहुंचने पर विजय कुमार बेहोश थे और एक घंटे के भीतर ही उनकी मौत हो गई। मृतक के बेटे अभिषेक कुमार ने बसपा पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश राम और अन्य लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। अभिषेक के अनुसार पिता ने मरने से पहले बताया कि उन्हें कुछ गलत खिला-पिला दिया गया था। मामले में जिप सदस्य अनिल कुमार यादव ने मामले को संदिग्ध बताते हुए कहा कि मौत के कारणों का पता लगाने के लिए पोस्टमॉर्टम कराया गया है। होली में हुई इस घटना से पूरे शेखपुरा गांव में शोक का माहौल है। इधर मुफस्सिल थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि अभी तक इस मामले में कोई लिखित या मौखिक शिकायत नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि शिकायत मिलने पर जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। वहीं, इस मामले में बसपा पूर्व जिलाध्यक्ष से संपर्क नहीं होने के कारण उनका पक्ष नही रखा जा सका है।

**गोह संवाददाता के अनुसार**

उपहरा थाना क्षेत्र के हमीद नगर गांव में शनिवार की संध्या सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार की मौत हो गई। मृतक की पहचान उसी गांव निवासी स्वर्गीय बैजू साव के 26 वर्षीय पुत्र राकेश कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि उक्त युवक अपने एक रिश्तेदार को गोह से पहुंचाकर वापस अपने घर आ रहा था जैसे ही गांव के समीप पुनपुन नदी बाराज पहुंचा तो अचानक संतुलन बिगड़ जाने से उसकी बाइक एक पत्थर से टकरा गई जिसमें उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने 100 को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज परिजनों को सौंप दिया है। थानाध्यक्ष मनेश कुमार ने बताया कि इस मामले में अभी आवेदन प्राप्त नहीं हुई है, आवेदन मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# नाबालिग की मौत मामले में तीन पर प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** एक नाबालिग लड़की की मौत का मामला सामने आया है। घटना को लेकर मृतका के पिता ने थाने में हत्या का मामला दर्ज करवाया है जिसमें लोजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज सिंह और उनके बड़े भाई विनोद सिंह तथा बेटे रंजय सिंह उर्फ शनि को नामजद आरोपित बनाया गया है। मामला नगर थाना क्षेत्र के गांधीनगर मोहल्ला की है। दरअसल मृतका अपने ननिहाल आई हुई थी। मृतका की पहचान औरंगाबाद जिले के टंडवा थाना क्षेत्र के बसडीहा गांव निवासी विनय पासवान की 13 वर्षीया पुत्री कोमल कुमारी के रूप में हुई है। घटना को लेकर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और मामले की तहकीकात में जुट गई है। बताया जाता है कि मृतका कोमल दो दिन पहले अपनी मां के साथ ननिहाल आई थी। दर्ज


मृतका कोमल की फाइल फोटो

प्राथमिकी के अनुसार मृतका के पिता विनय पासवान ने बताया कि 14 मार्च की शाम उनकी पुत्री कोमल कुमारी और उनकी साली की लड़की 16 वर्षीया मुस्कान कुमारी तथा चचेरी साली की पुत्री 15 वर्षीया खुशबू कुमारी दो- तीन पड़ोसी के बच्चों के साथ पड़ोसी मनोज सिंह के दरवाजे के सामने होली खेल रही थी। इस दौरान स्व. राजेश्वर सिंह के पुत्र मनोज सिंह

**■ परिजनों ने लगायी न्याय की गुहार**

एवं विनोद सिंह तथा मनोज सिंह का पुत्र रंजय सिंह उर्फ शनि आए और बच्चों से गाली-गलौज करने लगे। इस दौरान उन्होंने जाति सूचक शब्द भी बोले। इस दौरान रंजय कुमार उर्फ शनि अपनी कार घर की बाउंड्री से बाहर निकाल कर हत्या की नियत से बच्चों पर चढ़ा दिया जिसमें कोमल की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि मुस्कान गंभीर रूप से जख्मी हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के उपरांत परिजनों को सौंप दिया। थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि प्राप्त आवेदन के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# नदी में डूबने से युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बिहारशरीफ थाना क्षेत्र के उपरौरा गांव में होली की खुशियां उस वक्त मातम में बदल गइ जब एक दर्दनाक हादसे में एक युवक की जान चली गई। उपरौरा गांव निवासी सौरभ कुमार अपने दोस्तों के साथ होली खेलने के बाद गोईठवा नदी में नहाने गया था। इसी दौरान वह गहरे गड्ढे में चला गया, जिससे उसकी डूबकर मौत हो गई। सौरभ दोस्तों के साथ कीचड़ भरी होली खेलने के बाद नदी में स्नान करने पहुंचे थे। नहाते समय सौरभ अचानक पानी में बने गहरे गड्ढे में चला गया और डूबने लगा। दोस्तों ने उसे बचाने के लिए



शोर मचाया, लेकिन जब तक ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बचाने का प्रयास किया, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। परिजनों का आरोप है कि अवैध रूप से हो रहे बालू और मिट्टी खनन के कारण गोईठवा नदी में यह गहरा गड्ढा बन गया था जिससे यह हादसा हुआ।

## छत के मलबे में दबकर युवक की मौत

**बिहारशरीफ (नबिटा ब्यूरो)।** कल्याणबिगहा ओपी के करीमचक बलवा गांव में छत के मलवा में दबकर एक युवक की मौत हो गई। मृतक गनौरी तांती का पुत्र अखिलेश कुमार है। परिजनों ने बताया कि युवक अपने पड़ोसी स्व. भगत तांती की छत पर किसी काम से गया था। जर्जर छत होने के कारण गिर गया उसके मलबे में दबाकर उसकी मौत हो गई। परिवार वाले शव का बिना पोस्टमार्टम कराये दाह संस्कार कर दिया।

# समतामूलक समाज के समर्थक थे स्वतंत्रता सेनानी राम नारायण सैनिक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर से सटे सैनिक चतरा मोड़ के समीप किसान भवन में स्वतंत्रता सेनानी राम नारायण सैनिक की 53 वां पुण्यतिथि मनाई गई जिसकी अध्यक्षता पूर्व लोक अभियोजक प्रमोद कुमार सिंह ने किया तथा संचालन जिला विधिज्ञ संघ के उपाध्यक्ष उदय कुमार सिन्हा ने किया। इस कार्यक्रम में विधायक आंनद शंकर सिंह, विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री सुरेश पासवान एवं जिला परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुबोध सिंह प्रमुख रूप से मौजूद थे। सर्वप्रथम आगत अतिथियों ने स्वतंत्रता सेनानी रामनरायण सैनिक के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। वक्ताओं ने कहा कि रामनारायण सैनिक एक गांधीवादी नेता थे, देश की आजादी में लड़ाइयां लड़ी। वे जिले में किसान आंदोलन के प्रेरणास्रोत, वर्ण



भेद, लिंग भेद, जाति प्रथा के विरोधी थे तथा समतामूलक समाज के समर्थक थे जिनकी कितनी भी प्रशंसा किया जाए कम होगा। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान कई बार जेल गए। राष्ट्रीय स्तर पर उनका कद काफी ऊंचा था, आजादी के बाद नबीनगर विधानसभा में अनुग्रह बाबू से सीट रिक्त होने पर रामनरायण सैनिक को सीट मिलना उनकी प्रसिद्धि और लोकप्रियता दर्शाता है। दाउदनगर विधनसभा से विधायक रहे गरीबों के दुख दर्द के हितैषी रामनरायण सैनिक आज युवाओं के प्रेरणास्रोत हैं। उनकी जीवनी के लेख जो प्रो टी एन सिंहा ने लिखा उसे समाज के हर वर्ग में सुदूर ग्रामीण इलाकों में भी प्रचलित प्रसारित करने की अवश्यकता है ताकि नये युवा पीढ़ी भी अपने जिले महान पुरुषों के जीवनी से प्रेरणा लेकर गौरवान्वित महसूस करें। वक्ताओं ने कहा कि हम सब मिलकर इस स्थल पर सुंदर पार्क निर्माण में अमूल्य योगदान देंगे और रामनरायण सैनिक की प्रतिमा ऐसा होगा कि सड़क पर आते जाते लोग देखेंगे। सदर विधायक आंनद शंकर सिंह ने कहा कि डाल्टेनगंज रोड के सुंदरगंज मोड़ अवस्थित इस प्रतिमा स्थल के पास शीघ्रता से सुंदर पार्क निर्माण कराया जाएगा और स्वतंत्रता सेनानी रामनरायण सैनिक की जीवनी को आम लोगों तक प्रचार प्रसार बहुत आवश्यक है, ताकि जिले के लोग अपने स्वतंत्रता सेनानी के प्रसिद्धि और कार्यों से गौरवान्वित महसूस करें। इन्हीं के नाम से इस स्थल का नाम सैनिक चतरा है। जिला विधिज्ञ संघ के महासचिव जगनरायण सिंह, प्रो विजय कुमार सिंह, जिला परिषद अनिल यादव, पैक्स अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र यादव, संजीत कुमार सहित अन्य ने क्रार्यक्रम में संबोधित किया।

# पूर्व सांसद ने कार्यकर्ताओं संग मनायी होली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने अपने आवास पर एनडीए कार्यकर्ताओं के साथ होली का त्योहार मनाया। इस अवसर पर पूर्व सांसद ने एक दूसरे को रंग अबीर व गुलाल लगाकर त्योहार की शुभकामनाएं व बधाई दी। पूर्व सांसद ने कहा कि होली सामाजिक समरसता का प्रतीक है। होली का यह पवित्र त्योहार देशवासियों, लोकसभा क्षेत्र तथा जिलावासियों के जीवन में नए रंग लेकर आएं। यह पर्व सभी लोग एक दूसरे के साथ मिलकर मनाएं। यह पवित्र त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत का भी प्रतीक है। श्री सिंह ने कहा कि खुशी और उमंग से जुड़े इस



पावन उत्सव पर लोग सभी गिले-शिकवे भुलाकर एक दूसरे से गले मिलते है। पौराणिक काल से होली पर रंग खेलने की जो परंपरा चली आ रही है उसका हमे देश के अलग-अलग हिस्सों में अलग स्वरूप में देखने को मिलता है। परिस्थिति जो भी हो मैं हमेशा सभी वर्ग के लोगों के सुख और दुःख में शामिल रहता हूं। इस अवसर पर भाजपा वरीय नेता सुनील सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह, युवा भाजपा नेता प्रवीर सिंह, शुभेन्दु शेखर सिंह, अश्विनी सिंह, देव के पूर्व प्रमुख मनीष पाठक, मुखिया प्रतिनिधि अमरीश सिंह, डॉ. चन्द्रशेखर प्रसाद, प्रदीप सिंह, रविन्द्र शर्मा, विनय शर्मा, बिनोद सिंह, जिला मीडिया प्रभारी मितेंद्र कुमार सिंह, वार्ड पार्षद इलताफ कुरैशी, एहसान, आसिफ, राजकुमार सिंह, रवि सिंह, नलिनी रंजन, प्रभात सिंह, पप्पू सिंह, विनय सिंह, अधिवक्ता प्रदीप सिंह, पूर्व मुखिया गुलशन कुमार एवं सैंकड़ों कार्यकर्ता लोग उपस्थित रहे।

# संदिग्ध हालत में युवक की मौत

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** पटना के पालीगंज थाना क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। रविवार को नगर बाजार से 500 मीटर दूर मठ रोड पर किराए के मकान के बाहर शव मिला है। मृतक की पहचान अरवल के परियारी पाचू बिगहा निवासी अखिलेश कुमार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार के अनुसार, रविवार को शंकर यादव के घर के पीछे खाली जमीन पर शव मिला। मृतक के गले में रस्सी का निशान था। प्रारंभिक जांच में फांसी से मौत की बात सामने आई है। पिता बदरी मिस्त्री ने बताया कि अखिलेश की शादी 15 साल पहले पिंकी देवी से हुई थी। दंपती के तीन बच्चे हैं।

# नकली फोन पे एप से पेमेंट करनेवाला ठग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** फेसर पुलिस द्वारा एक शख्स को 'फर्जी फोन-पे ऐप' से पेमेंट करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि मुरली ने फर्जी पेमेंट करके एक पेट्रोल पंप मालिक को ठगा है। बताया जाता हैं कि मुरली ने फर्जी पेमेंट करने का लाइव डेमो भी दिखाया है, जो दिखने में एकदम असली दिखता है। आरोपित खुदवा थाना क्षेत्र चातर टोला आधार बिगहा का रहने वाला है। आसपास के थानों में आरोपित का आपराधिक इतिहास का पता लगाया जा रहा है। थानाध्यक्ष वर्षा कुमारी ने बताया कि आरोपित मुरली के पास से वो फोन बरामद कर लिया गया है, जिससे वो फर्जी


आरोपित

पेमेंट करता था। फर्जी पेमेंट ऐप दिखने में बिल्कुल असली जैसा है। पिन डालने के बाद फर्जी फोन पे में पैसा कटने का नोटिफिकेशन भी आता है। उसने पुलिस के सामने एक लाइव डेमो भी दिखाया कि वो कैसे ठगी करता था। लेकिन ये पैसा कटना फर्जी होता है, क्योंकि जिसके क्यूआर कोड या फोन नंबर पर पेमेंट होता है, उसे इस पेमेंट का नोटिफिकेशन ही नहीं आता। उन्होंने बताया कि मुरली के खिलाफ थाना क्षेत्र के संजय पेट्रोल पंप मालिक के द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी जिसमें बताया गया कि मुरली ने अपने वाहन में पहले पेट्रोल लिया और फिर उसने क्यूआर कोड के माध्यम से फर्जी फोन-पे एप से सफल पेमेंट का स्क्रीनशाट दिखाया, लेकिन रूपये नहीं आए और फर्जी भुगतान का स्क्रीन शॉर्ट दिखाकर निकल गया। इसके बाद मामले की तहकीकात में आरोपित पकड़ा गया। संदर्भ में आवश्यक कार्रवाई के उपरांत उसे जेल भेज दिया गया।

# अज्ञात चोरों ने हजारों रूपये की संपत्ति पर किया हाथ साफ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बारुन (औरंगाबाद)।** थाना क्षेत्र के बगाही गांव में अज्ञात चोरों ने एक घर में घुसकर 37 हजार रूपयों के साथ एक मोबाइल तथा अन्य आवश्यक सामान चोरी कर ले गए। थानाध्यक्ष राम इकबाल यादव ने बताया कि बगाही गांव के एक घर में चोरी का मामला सामने आया है, जिसमें उस गांव निवासी दिलीप कुमार सिंह द्वारा प्राप्त आवेदन के आधार पर मामले की छानबीन की जा रही है। पीड़ित ने बताया कि मंगलवार के रात को खाना खाकर हमारे परिवार के सभी सो गए थे। रात्रि में जब मेरी मां बासमती देवी की नींद खुली तो देखी की घर का मुख्य दरवाजा खुला हुआ है। इसके बाद उसे समझते देर नहीं लगी कि घर में चोरी हुई है। उसने शोर मचाया तो हमलोगों की नींद खुल गई। तत्पश्चात देखा कि घर की सामग्रियां यत्र-तत्र पड़ा हुआ है। इस दौरान अज्ञात चोरों ने 37 हजार रूपयों के साथ एक मोबाइल तथा अन्य आवश्यक सामान चोरी कर ले गए। प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# बिहार की झुमटा परंपरा : होली के बाद का सांस्कृतिक उल्लास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार की सांस्कृतिक परंपराएं विविधता और रंगों से सजी हुई हैं। यहां का लोकजीवन उत्सवों की लय में प्रवाहित होता है और पर्वों का उत्साह उनके समाप्त होने के बाद भी बना रहता है। इसी उल्लास की अनूठी मिसाल है 'झुमटा'– एक ऐसी परंपरा जो होली के ठीक अगले दिन, रंगों की जीवंतता को नई ऊर्जा के साथ जीवंत कर देती है। यह केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि सामूहिक चेतना, सौहार्द और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का उत्सव है। 'झुमटा'– यह शब्द अपने भीतर झूमने, झूमकर गाने और आनंद के पूर्ण विस्तार को समेटे हुए है। होली के रंगों में सराबोर बिहार की यह परंपरा समाज को एकता के सूत्र में बांधने का कार्य करती है। इस दिन गांव-गोव, कस्बों और शहरों में लोग झुंड बनाकर निकलते हैं। पुराने समय में ये टोली बैलगाड़ियों पर सवार होकर निकलती थी, किंतु आज ट्रक और ट्रैक्टरों ने उनकी जगह ले ली है। बड़े-बड़े बर्तनों में रंग भरे जाते हैं, जिन्हें पूरे जोश और उमंग के साथ लोगों पर उड़ेला जाता है। इन वाहनों के पीछे झूमते-गाते लोगों की भीड़ चलती है और राह में आने वाला शायद ही कोई व्यक्ति रंगे बिना बच पाता हो। होली की उन्मुक्तता जहां रंगों के साथ कीचड़, मिट्टी और अन्य पारंपरिक तत्वों को भी समेटे होती है, वहीं झुमटा अपेक्षाकृत संयमित और सौंदर्यपरक होता है। यहां केवल रंगों की बरसात होती है, जिसमें प्रेम और भाईचारे का गहरा रंग घुला होता है। झुमटा का सबसे आकर्षक पहलू इसकी गायकी है। लोकगायकों की टोली इस जुलूस का अभिन्न अंग होती है। परंपरागत लोकधुनों और होली गीतों के साथ यह यात्रा आगे बढ़ती है। समय के साथ इस परंपरा में भी परिवर्तन आए हैं। टेलीविजन और इंटरनेट के प्रसार ने झुमटा में ब्रज की होली के तत्व भी जोड़ दिए हैं। अब इसमें मटका-फोड़ प्रतियोगिता भी शामिल हो गई है, जो पहले नहीं हुआ करती थी। यह बदलाव यह दर्शाता है कि लोकसंस्कृति अपनी जड़ों से जुड़ी रहकर भी समय के साथ समायोजन करना जानती है। झुमटा केवल रंगों और संगीत का उत्सव नहीं, बल्कि सामाजिक मेल-मिलाप का एक अवसर भी है। यह विभिन्न वर्गों, जातियों और पृष्ठभूमियों से आने वाले लोगों को एक सूत्र में बांधता है। इसका रंग-गुलाल केवल कपड़ों पर नहीं, बल्कि आत्माओं पर चढ़ता है। बिहार की इस अलौकिक परंपरा में उत्सवधर्मिता का सच्चा प्रतिबिंब झलकता है। झुमटा की यह जीवंत परंपरा हमें यह याद दिलाती है कि त्योहार केवल एक दिन के लिए नहीं होते, वे समाज को जोड़ने और एक-दूसरे के प्रति प्रेम और सम्मान प्रकट करने का माध्यम होते हैं। होली के बाद की यह सांस्कृतिक बयार न केवल परंपरा की खुशबू बिखेरती है, बल्कि बिहार की लोकसंस्कृति की समृद्धि को भी दर्शाती है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# भूमि अधिग्रहण के खिलाफ किसानों ने की आवाज बुलंद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** भारत माला परियोजना के तहत बनाए जा रहे ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे में भूमि अधिग्रहण के खिलाफ प्रभावित किसानों ने अम्बा स्थित कमला मार्केट में बैठक की। यह बैठक भारतीय किसान यूनियन, जिला इकाई, औरंगाबाद के बैनर तले आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता एरका गांव निवासी किसान कमला प्रसाद सिंह ने की। इस बैठक में भारतीय किसान यूनियन के बिहार-झारखंड प्रभारी दिनेश कुमार सिंह ने भी भाग लिया।

बैठक में आए किसानों ने अन्यायपूर्ण भूमि अधिग्रहण का जोरदार विरोध किया। भारतीय



किसान यूनियन के जिला संयोजक वशिष्ठ प्रसाद सिंह ने कहा कि जब नीतीश कुमार की कैबिनेट ने दो गुना मुआवजा दर तय करने का निर्णय लिया, तो जिला प्रशासन इसे लागू क्यों नहीं कर रहा? उन्होंने आगे कहा कि किसानों के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ आगामी 25 मार्च को अंचल मुख्यालय कुटुम्बा में और 2 अप्रैल को जिला मुख्यालय, औरंगाबाद में धरना दिया जाएगा। भारतीय किसान यूनियन के जिला प्रभारी विकास सिंह ने बताया कि भूमि सुधार एवं राजस्व मंत्रालय के सचिव का बयान है कि मुआवजा देने में निबंधन कानून लागू होगा, लेकिन जमीनी स्तर पर इसका पालन नहीं किया जा रहा। उन्होंने कहा कि निबंधन कानून के अनुसार गांव से 200 मीटर भीतर और सड़क, पिंड, छउर के किनारे की भूमि का मूल्य कृषि भूमि की तुलना में चार गुना अधिक होता है लेकिन जिला प्रशासन निबंधन कानून की अनदेखी कर सभी प्रकार की भूमि को कृषि भूमि मानते हुए कम मुआवजा दे रहा है, जो पूरी तरह गलत है। बैठक में उपस्थित किसान नरेन्द्र राय ने कहा- हमारे पूर्वज अंग्रेजों से लड़े थे, अब हम इन काले अंग्रेजों से लड़ेंगे और जीतेंगे। जब तक हमें उचित मुआवजा नहीं मिलता, हम अपनी जमीन नहीं देंगे। बैठक में किसान विजय तिवारी, शंकर पाण्डेय, विनय सिंह, राज कुमार सिंह, चंदन तिवारी, आनंद कुमार, बब्लू तिवारी, राम जीवन सिंह समेत सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

# चोरी की बाइक के साथ आरोपित गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मदनपुर थाना क्षेत्र के मुडगड़ा से चोरी की बाइक के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान उस गांव निवासी मुन्ना कुमार के रूप में की गई है। एसडीपीओ अमित कुमार ने बताया कि आरोपित चोरी की बाइक लेकर घूम रहा था। इस दौरान उसने बाइक का नंबर प्लेट चेंज कर दिया था। छापेमारी दल में पीएसआई सुरेन्द्र कुमार, एएसआई श्रीकान्त पाण्डेय एवं पुलिस बल शामिल थे।

## पेज एक का शेष

# क्या होली के रंगों के साथ ..........

भी हैं, भले घोषणा हो या ना हो उनका कहना है कि आज जिस तरह निशांत कुमार कार्यकर्ताओं से मिल रहे थे, उससे साफ था कि उनमें एक नेता बनने के सारे गुण मौजूद हैं। उनके आने से जदयू को मजबूती मिलेगी और हम चाहते हैं कि वे जल्द ही चुनावी राजनीति में कदम रखें।''

**पोस्टरों से बढ़ी सियासी हलचल**

इधर, जदयू कार्यालय के बाहर लगे पोस्टरों ने भी इस चर्चा को और बल दे दिया है। कई पोस्टरों में लिखा गया है, ''बिहार की जनता करे पुकार, निशांत का राजनीति में स्वागत है,'' तो कहीं लिखा गया है, ''जदयू के लोग करें पुकार, पार्टी में शामिल होइये निशांत कुमार।'' इन पोस्टरों में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और निशांत कुमार की तस्वीरें भी नजर आ रही हैं। हालांकि, निशांत कुमार ने अब तक खुद इस बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है, लेकिन राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि देर-सवेर वे राजनीति में उतरेंगे।

**बिहार की राजनीति में नया अध्याय**

निशांत कुमार का राजनीति में आना तय माना जा रहा है बस अटकलें इस बात को लेकर हैं कि इसकी औपचारिक घोषणा कब होती है। यह जदयू और बिहार की राजनीति के लिए एक बड़ा बदलाव होगा। नीतीश कुमार ने अब तक अपने बेटे को राजनीति से दूर रखा था, लेकिन अब तस्वीर बदलती दिख रही है। हालांकि, अभी इस पर कोई अंतिम मुहर नहीं लगी है, लेकिन होली मिलन में जिस तरह से निशांत ने जदयू नेताओं और कार्यकर्ताओं से संवाद किया, वह भविष्य की राजनीति का संकेत जरूर दे रहा है।आने वाले दिनों में देखना होगा कि वे किस रूप में राजनीति में अपनी एंट्री की औपचारिक घोषणा करते हैं।

CMYK